kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-95 | मंगलवार, 06 मई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



हमें अपने वनों की रक्षा करने और हर संभव तरीके से योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए, क्योंकि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चुनौती है। यह एक वैश्विक खतरा है और स्थिति चिंताजनक रूप से गंभीर है।
जगदीप धनखड़

भारत और जापान ने आतंकवाद से निपटने में वैश्विक सहयोग पर बल दिया 11
राज्यपाल गुरमीत ने किए केदारनाथ बदरीनाथ के दर्शन की विशेष पूजा 12

## संक्षेप

### सीबीआई के नये निदेशक के चयन के लिये मोदी की अध्यक्षता में बैठक

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के नये निदेशक का नाम तय करने के लिये सोमवार को यहां चयन समिति की बैठक हुई। प्रधानमंत्री कार्यालय में आयोजित इस बैठक में उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल हुये। सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल 25 मई को समाप्त हो रहा है। केन्द्रीय सतर्कता आयोग और उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार सीबीआई निदेशक का कार्यकाल कम से कम दो वर्ष का होना अनिवार्य है और न्यायालय ने यह भी व्यवस्था दी है कि इस पद पर उसी अधिकारी के नाम पर विचार किया जा सकता है, जिसका सेवाकाल कम से कम छह माह जरूर बचा हो।

### एक बार घूस लेकर और रकम मांग रहे थे अनुभाग अधिकारी, निलंबित

**लखनऊ।** एक बार घूस लेने के बाद अतिरिक्त रकम मांगने के आरोप में अनुभाग अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन से पहले वह सचिवालय प्रशासन विभाग के अनुभाग नौ में तैनात थे। आरोप हैं कि उन्होंने बेसिक शिक्षा मंत्री के सहायक समीक्षा अधिकारी जयशंकर यादव की चिकित्सा प्रतिपूर्ति की फाइल चलाने के लिए 20 हजार रुपये की घूस ली थी और 5000 रुपये अतिरिक्त मांग रहे थे। बीती दो मई को जयशंकर यादव ने सचिवालय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव के. रविंद्र नायक को एक शिकायती पत्र सौंपा था।

### मुख्य सचिव मनोज सिंह विदेश यात्रा पर गए

**लखनऊ।** डिफेंस एक्सपो में शामिल होंगे मुख्य सचिव मनोज सिंह ग्रीश और दुबई की यात्रा पर रवाना हो गए। मुख्य सचिव के साथ सीएम के सचिव अमित सिंह और एचपी शाही भी गए। मुख्य सचिव की अनुपस्थिति में अनिल कुमार को यूपी के मुख्य सचिव का चार्ज दिया गया है। 8 मई तक प्रभारी मुख्य सचिव रहेंगे अनिल कुमार।

### केसी वेणुगोपाल पीएसी का अध्यक्ष नियुक्त

**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल को लोक लेखा समिति (पीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पीएसी का गठन गत 01 मई से प्रभावशील हुआ है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक श्री वेणुगोपाल अप्रैल-2026 तक अध्यक्ष बने रहेंगे। पीएसी सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित संसदीय समिति है, जिसका पुनर्गठन हर साल किया जाता है ताकि सरकारी व्यय के लिए संसद द्वारा अनुमोदित निधियों के विनियोजन का विवरण देने वाले खातों और स्वायत्त और अर्ध-स्वायत्त निकायों के खातों के रूप में संसद के समक्ष रखे गए ऐसे अन्य खातों की जांच की जा सके।

# कई राज्यों में 7 मई को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कई राज्यों को 7 मई (बुधवार) को सिविल डिफेंस ड्रिल (नागरिक सुरक्षा अभ्यास) आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

सूत्रों के अनुसार, इस अभ्यास के दौरान एयर रेड वार्निंग सायरन बजाए जाएंगे और आम नागरिकों व छात्रों को इस बात की ट्रेनिंग दी जाएगी कि दुश्मन के हमले के वक्त खुद की सुरक्षा कैसे करें। सूत्रों ने यह भी बताया कि ड्रिल के दौरान ब्लैकआउट की तैयारी और महत्वपूर्ण प्लांट्स व संस्थानों को जल्दी से छुपाने (कैमोफ्लाज करने) की व्यवस्था भी की जाएगी। राज्यों से कहा गया है कि वे अपने निकासी योजनाओं को अपडेट करें और उसका रिहर्सल करें, ताकि आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। यह अभ्यास देश की आंतरिक सुरक्षा और आपात स्थितियों से निपटने की तैयारी को मजबूत करने के मकसद से किया जा रहा है। राज्यों को भेजी गई ड्रिल की एडवाइजरी ऐसे समय में आई है जब पाकिस्तान की ओर से बार-बार सीमा पार गोलीबारी की जा रही है। पिछले लगातार 11 रातों से पाकिस्तान सेना ने



- बजेंगे हवाई हमले की चेतावनी वाले सायरन, केंद्र ने राज्यों को दिए निर्देश
- पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी से बात की, आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में पूर्ण समर्थन व्यक्त किया

नियंत्रण रेखा पर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की है, जिसका भारतीय सेना ने सख्ती से जवाब दिया है। दूसरी तरफ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात की और पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पुतिन ने मोदी से यह भी कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का पूरा समर्थन करता है।

मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की और भारत के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। जायसवाल ने कहा, ''उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूर्ण समर्थन देने की बात कही। प्रवक्ता ने कहा, ''उन्होंने (पुतिन) इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। जायसवाल ने कहा कि मोदी तथा पुतिन ने 'भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' को और प्रगाढ़ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री ने रूस के 'विक्टरी डे' की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर रूसी राष्ट्रपति को शुभकामनाएं दीं। मोदी ने पुतिन को इस वर्ष के अंत में भारत में होने वाले भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए भी आमंत्रित किया।

### 'पाकिस्तान साइबर फोर्स' का सैन्य प्रतिष्ठानों का डेटा हैक करने का दावा, भारत ने बढाई साइबर सुरक्षा

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान समर्थित एक सोशल मीडिया अकाउंट ' पाकिस्तान साइबर फोर्स' के भारतीय सैन्य इंजीनियरिंग सेवा और मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस से संवेदनशील डेटा की हैकिंग के दावे के बाद भारतीय सैन्य साइबर सुरक्षा तंत्र सुरक्षा ढांचे और डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करने के साथ साथ साइबर घुसपैठ के प्रयासों से सुरक्षा के लिए उचित और आवश्यक उपाय कर रहा है। सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि ट्विटर अकाउंट 'पाकिस्तान साइबर फोर्स' समूह ने दावा किया है कि उसने कथित तौर पर भारतीय सैन्य इंजीनियरिंग सेवा और मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस से संवेदनशील डेटा तक पहुंच प्राप्त कर ली है। इस दावे के अनुसार साइबर हमलावरों ने लॉगिन क्रेडेंशियल सहित रक्षा कर्मियों से संबंधित व्यक्तिगत जानकारी भी संभवत हासिल की है। यह भी दावा किया गया है कि समूह ने रक्षा मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट से भी छेड़छाड़ की और उसे विरूपित करने का प्रयास किया। वेबसाइट पर पाकिस्तान के झंडे और अल खालिद टैंक का उपयोग करके उसे खराब करने की बात कही गयी है। एहतियाती उपाय के रूप में आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की वेबसाइट को पूरी तरह से और जानबूझकर ऑडिट के लिए ऑफ़लाइन कर दिया गया है, ताकि खराब करने के प्रयास से होने वाले किसी भी संभावित नुकसान की सीमा का आकलन ● शेष पेज 11 पर

# वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में 15 मई को सुनवाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं के कुछ विवादास्पद मुद्दों को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए कहा कि पूरे मामले को नामित मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ 15 मई को सुनवाई करेगी।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अध्यक्षता वाली पीठ ने विवादास्पद मुद्दे को स्वीकार करते हुए कहा कि सरकार द्वारा देश की वक्फ संपत्तियों के रूप में पेश किए गए 3921236.459 एकड़ भूमि के आंकड़े पर सर्वोच्च न्यायालय विचार करेगा, जिस पर दूसरे पक्षों द्वारा आपत्ति की जा रही है। हालांकि, 13 मई को सेवानिवृत्त होने वाले न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि वह अंतरिम चरण में भी इस मामले में फैसला सुरक्षित नहीं रखना चाहेंगे, इसलिए मामले की सुनवाई 15 मई को होगी। नामित मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ मामले की सुनवाई करेगी। पीठ ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाले मामलों पर सुनवाई शुरू करते हुए कहा, ळ्हमने जवाबी और जवाबी दलीलों पर गौर किया है। हां, पंजीकरण और कुछ आंकड़ों पर कुछ मुद्दों पर सवाल उठाए गये हैं, और याचिकाकर्ताओं ने आपत्तियां दर्ज की हैं। इन पर विचार किए जाने की जरूरत है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, इस मामले की सुनवाई किसी भी उचित दिन होनी ● शेष पेज 11 पर



- न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता में होगी आगे की सुनवाई

### मुख्य न्यायाधीश खन्ना को सौंपी गई विवादों से घिरे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ जांच रिपोर्ट

**नयी दिल्ली।** न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच करने के लिए गठित न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय समिति ने अपनी रिपोर्ट मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को सौंप दी है। उच्चतम न्यायालय की ओर से सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार, समिति ने चार मई को अपनी रिपोर्ट दी। समिति ने तीन मई को अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दे दिया था। रिपोर्ट की विषय-वस्तु और निष्कर्ष अभी तक उजागर नहीं किए गए हैं। इस समिति में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी एस संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनु शिवरामन शामिल हैं। न्यायाधीशों की यह समिति न्यायमूर्ति वर्मा के निवास पर 14-15 मार्च की ● शेष पेज 11 पर

# नागालैंड के शैक्षणिक अनुभव से संवरेगी यूपी की शिक्षा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की शिक्षा प्रणाली में बदलाव की कोशिशें नए मुकाम की ओर बढ़ रही हैं। राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), लखनऊ के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में नागालैंड का पाँच दिवसीय शैक्षणिक दौरा (26ऽ30 अप्रैल 2025) किया, जहाँ उन्होंने वहाँ के प्रभावी शैक्षणिक मॉडल, सामुदायिक भागीदारी और नवाचारों को नजदीक से देखा और अनुभव किया।

यह दौरा प्रदेश के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डायट्स) को भविष्य में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में स्थापित करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण प्रेरणा साबित हो सकता है। दौरे का नेतृत्व कर रहे एससीईआरटी लखनऊ के संयुक्त निदेशक डॉ. पवन सचान के साथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस डायट्स के प्राचार्य, एससीईआरटी के अधिकारी और मंत्र फार चेंज के प्रतिनिधियों ने न केवल शैक्षणिक



संस्थानों का निरीक्षण किया, बल्कि गाँवों और स्कूलों में जाकर ग्रासरूट स्तर की वास्तविकताएँ समझीं। प्रतिनिधिमंडल को नागालैंड की सामुदायिक भागीदारी, अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन मॉडल, रिसर्च और मूल्यांकन व्यवस्था से जुड़े कई अहम दस्तावेज और अनुभव मिले। खोनोमा हेरिटेज विलेज (भारत का सबसे हरा गाँव), जखमा और चीचेमा जैसे स्कूलों में जाकर उन्होंने देखा कि वहाँ शिक्षा केवल संस्थागत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समुदाय का साझा प्रयास है। नगलैंड दौरे का नेतृत्व करने वाले एससीईआरटी ● शेष पेज 11 पर

### मो. शमी को मिली जान से मारने की धमकी

अमरोहा। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज़ गेंदबाज मोहम्मद शमी को ईमेल के जरिए जान से मारने की धमकी के साथ ही एक करोड़ रुपये देने की मांग की गई है। तहरीर के आधार पर साइबर सेल में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

धमकी की शिकायत के बाद अमरोहा पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीमें अलर्ट हो गई हैं। ईमेल की तकनीकी जांच के लिए साइबर विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। पुलिस ने मेल भेजने वाले की पहचान और लोकेशन ट्रेस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने 'यूनीवार्ता' को बताया कि शमी के भाई हसीब अहमद ने पुलिस को आज एक तहरीर में बताया है कि शमी आईपीएल में व्यस्त है और वह शमी की ईमेल देखते रहते हैं। चार मई को ईमेल आईडी खोलने पर उसमें राजपूत सिंधर नाम की ईमेल आईडी से मोहम्मद शमी को जान से मारने, किसी 'प्रभाकरा' तथा एक करोड़ रुपये का जिक्र किया गया है। तहरीर के आधार पर प्रकरण के संबंध में साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। जल्दी ही मामले का खुलासा कर दिया ● शेष पेज 11 पर

# रिपोर्ट के अभाव में हाईकोर्ट ने राहुल गांधी का केस बंद किया

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता को लेकर दायर याचिका को सोमवार को निस्तारित कर दिया, साथ ही कहा कि केंद्र सरकार इस विषय में जांच जारी रख सकती है। अदालत ने कहा कि सरकार अपनी जांच पूरी होने पर अपना निर्णय जारी कर सकती है।

इस जनहित याचिका में आरोप लगाया गया था कि श्री गांधी के पास ब्रिटेन की भी नागरिकता है और यह सवाल पिछले कई वर्षों से चर्चा में है। इस पर उच्च न्यायालय ने केंद्र से जानकारी मांगी थी। न्यायधीश ए आर मसूदी और न्यायधीश राजीव सिंह की खंडपीठ के समक्ष इस याचिका में कर्नाटक के सामाजिक कार्यकर्ता एस विगनेश शिशिर ने श्री गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता मामले में केन्द्रीय जांच ब्यूरो



(सीबीआई) जांच की मांग भी की थी।

इससे पहले अदालत ने केंद्र सरकार को कांग्रेस सांसद की नागरिकता के मामले में कारवाई का ब्योरा पेश करने को समय दिया था। अदालत ने केंद्र से पूछा था कि याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए प्रत्यावेदन पर क्या कारवाई की गई है। सुनवाई के समय केंद्र सरकार की ओर से जानकारी पेश नहीं हो सकी। केंद्र सरकार के अधिवक्ता एस बी पांडेय ने इसके लिए और समय देने का आग्रह किया। इस पर अदालत ने उन्हें जानकारी पेश करने को और समय दिया था। अधिवक्ता पांडेय ने बताया कि सोमवार को अदालत ने विषय की जांच के संबंध में केंद्र को निर्देश देते हुए याचिका को निस्तारित कर दिया।

इससे पहले याची ने श्री गांधी की कथित रूप से दोहरी नागरिकता का मुद्दा उठाते हुए दावा किया था कि वह इसके आधार पर संविधान के अनुच्छेद 84(ए) के तहत चुनाव लड़ने के लिए अपात्र हैं। अदालत ने जुलाई में जनहित याचिका को याची द्वारा वापस ली गयी मानते हुए उसे खारिज कर दिया था और याची को नागरिकता कानून 1955 के प्रावधानों के तहत समुचित प्राधिकारी से संपर्क करने की छूट दी थी। मामले में याची ने पुनः उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करते हुए कहा था कि श्री गांधी की नागरिकता मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय के सक्षम प्राधिकारी को दो प्रत्यावेदन दिए थे। इसपर अदालत ने केंद्र सरकार से पूछा था कि याची के आदवेदन पर क्या कार्रवाई की गयी है।

# नए आपराधिक कानूनों से पुलिस विभाग की ज़िम्मेदारी बढ़ेगी : शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन से ज़मीनी स्तर पर पुलिस विभाग की कार्यकुशलता और ज़िम्मेदारी बढ़ेगी।

श्री शाह ने सोमवार को यहां दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ राष्ट्रीय राजधानी में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, दिल्ली के मुख्य सचिव, दिल्ली पुलिस आयुक्त, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के महानिदेशक, राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के निदेशक सहित गृह मंत्रालय और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। श्री शाह ने इस



अवसर पर कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन से ज़मीनी स्तर पर पुलिस विभाग की कार्यकुशलता और ज़िम्मेदारी बढ़ेगी। गृह मंत्री ने नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों की ज़िम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 60 और 90 दिन के भीतर आरोपपत्र दाखिल ● शेष पेज 11 पर

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने शुरू की तैयारी, सीएम योगी के विजन अनुसार कार्ययोजना तैयार

# पूर्वांचल व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर राहगीरों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं देने का माध्यम बनेंगे 'ई-वे हब'

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उन्नत सुविधाओं युक्त उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार द्वारा प्रदेश में एक्सप्रेसवेज को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से युक्त करने प्रक्रिया जा रही है। देश में 'एक्सप्रेसवे प्रदेश' के तौर पर प्रसिद्ध उत्तर प्रदेश न केवल योगी सरकार के प्रयास से लैंड लॉक स्टेट की छवि को तोड़ रहा है बल्कि आधुनिक तकनीक, उन्नत प्रणाली और उत्तम नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। इसी कड़ी में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर राहगीरों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं देने के लिए ई-वे हब का निर्माण व विकास किया जाएगा।

हाल ही में हुई एक समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा खाका मुख्य सचिव के सामने पेश किया गया था। इसी के आधार पर प्रदेश में इन दोनों एक्सप्रेसवे पर कुल 12 ई-वे हब्स के निर्माण व विकास को पूर्ण करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है।

- पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 8 तथा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर 4 ई-वे हब के निर्माण व विकास का खाका तैयार, जल्द शुरू होगी प्रक्रिया
- ई-वे हब विकसित करने से दोनों एक्सप्रेसवे पर वे-साइड एमिनिटीज का होगा विकास, राहगीरों की बुनियादी सुविधाओं का मार्ग होगा प्रशस्त
- एक्सप्रेसवे किनारे पेट्रोल-सीएनजी पंप, चार्जिंग स्टेशन, कॉमर्शियल स्पेस, पेयजल व टॉयलेट ब्लॉक्स, फूडकोर्ट व आउटलेट्स, बजट होटल, थीमपार्क तथा लॉजिस्टिक्स समेत तमाम सुविधाओं का होगा विकास



यूपीडा द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर कुल 4 ई-वे हब का निर्माण व विकास किया जाएगा। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर कुल 40 हेक्टेयर क्षेत्र में ई-वे हब का निर्माण व विकास किया जाएगा। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जुड़ने वाले जिलों में बांदा, हमीरपुर व जालौन में ई-वे हब के निर्माण व विकास की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। प्रक्रिया के अंतर्गत बांदा में एक्सप्रेसवे के दाहिनी ओर 10 हेक्टेयर क्षेत्र में तथा हमीरपुर में एक्सप्रेसवे की बायीं ओर 10 हेक्टेयर क्षेत्र में ई-वे हब का निर्माण व विकास किया जाएगा। इसी प्रकार जालौन में 2 ई-वे हब्स का निर्माण एक्सप्रेसवे की दोनों तरफ क्रमशः 10-10 हेक्टेयर भूमि पर किया जाएगा। यूपीडा की कार्ययोजना के अनुसार, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 8 ई-वे हब्स का निर्माण व विकास निर्धारित किया गया है, जो कि कुल 81.89 हेक्टेयर क्षेत्र में होगा। बाराबंकी में एक्सप्रेसवे के बायीं तरफ 10 हेक्टेयर में, अमेठी में 10.12 हेक्टेयर में एक्सप्रेसवे की दाहिनी तरफ, मऊ में 10.10 हेक्टेयर में बायीं तरफ तथा गाजीपुर में 10.52 हेक्टेयर क्षेत्र में एक्सप्रेसवे पर दाहिनी तरफ ई-वे हब का निर्माण व विकास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सुल्तानपुर व आजमगढ़ में एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ 10.42, 10.58, 10.11 तथा 10.04 हेक्टेयर क्षेत्र में ई-वे हब का निर्माण किया जाएगा। खास बात यह है कि यूपीडा द्वारा तैयार की गई योजना में दोनों एक्सप्रेसवे के किनारे विभिन्न प्रकार ● शेष पेज 11 पर

# समय पर भुगतान न करने वाली मिलों पर सख्ती होगी: मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान रिकॉर्ड के आधार पर तय होगा चीनी मिलों का कमांड एरिया ❒ गन्ना विकास के लिए किसान, केवीके, चीनी मिलें और समितियाँ करें संयुक्त प्रयास ❒ पिछले 8 वर्षों में 2,85,994 करोड़ का भुगतान, 22 वर्षों के मुकाबले 72,474 करोड़ अधिक ❒ चीनी मिलों के कार्यदिवस 142 से बढ़ाकर 155 करने की मुख्यमंत्री ने जताई जरूरत ❒ कोऑपरेटिव और फ़ेडरेशन मिलों की होगी समीक्षा, क्षमता और योग्यता का परीक्षण आवश्यक ❒ किसानों को दें प्रशिक्षण, अपनाएं नवाचार, बढ़ाएं उत्पादन और उत्पादकता ❒ उत्तर प्रदेश में उत्पादन और उत्पादकता दोगुनी करने की पूरी संभावना



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि चीनी मिलों को गन्ना खरीद के लिए आवंटित कमांड एरिया का निर्धारण उनके द्वारा किसानों को किये जा रहे गन्ना मूल्य भुगतान के रिकॉर्ड के आधार पर किया जाए। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि किसानों को समयबद्ध भुगतान मिले। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जो मिलें भुगतान में देरी या हीलाहवाली करें, उनके विरुद्ध सख्ती होगी।

यह निर्देश मुख्यमंत्री ने सोमवार को चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। बैठक में विभागीय प्रस्तुतीकरण के माध्यम से गन्ना मूल्य भुगतान, उत्पादकता, आधारभूत संरचना, रोजगार और भावी योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर गन्ना पैदावार के लिए किसानों को उन्नत किस्म के बीज समय पर उपलब्ध हों, यह सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके), चीनी मिलों और गन्ना समितियों को मिलकर कार्य करना होगा। मिल प्रतिनिधियों, समिति पदाधिकारियों और केवीके के अधिकारियों को खेतों का दौरा कर फसल का अवलोकन करना चाहिए और किसानों से सतत संवाद बनाए रखना चाहिए। साथ ही, किसान गोष्ठियों में मंत्रीगण की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने गन्ना समितियों को और सशक्त करने की आवश्यकता भी जताई। मुख्यमंत्री ने वर्तमान 142 कार्यदिवसों को बढ़ाकर 155 दिन करने की जरूरत बताई, साथ ही, कोऑपरेटिव व फ़ेडरेशन की चीनी मिलों की गहन समीक्षा के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इन मिलों की उत्पादन क्षमता के साथ-साथ वहां कार्यरत कार्मिकों की योग्यता का भी आकलन किया जाएगा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने मिलवार अद्यतन गन्ना मूल्य भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की। जानकारी दी गई कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक ?2,85,994 करोड़ का भुगतान हुआ है, जो 1995-2017 के ?2,13,520 करोड़ की तुलना में ?72,474 करोड़ अधिक है। वर्ष 2024-25 में निर्धारित 34,466.22 करोड़ में से 83.8% यानी ?28,873.55 करोड़ का भुगतान 2 मई तक संपन्न हो चुका है। मुख्यमंत्री ने भुगतान चक्र को और सुचारु बनाने के निर्देश दिए ताकि सभी किसानों को शीघ्र और पूर्ण भुगतान मिल सके। गन्ने के क्षेत्रीय विस्तार की जानकारी देते हुए बताया गया कि 2016-17 में गन्ना क्षेत्रफल 20.54 लाख हेक्टेयर था, जो 2024-25 में बढ़कर 29.51 लाख हेक्टेयर हो गया है। इसी अवधि में उत्पादकता भी 72.38 टन/हेक्टेयर से बढ़कर 84.10 टन/हेक्टेयर तक पहुंची है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में उत्पादन और उत्पादकता में दो गुना वृद्धि की पूरी संभावना है, यदि सुनियोजित प्रयास किए जाएं। उन्होंने गन्ना किसानों के हित में पारदर्शिता, समयबद्धता और तकनीक आधारित नवाचार को सरकार की प्राथमिकता बताया और सभी संबंधित पक्षों को इस दिशा में आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी बताया गया कि राज्य में 45 जिलों में संचालित 122 चीनी मिलें, 236 खांडसारी इकाइयाँ, 8,707 कोल्हू इकाइयाँ, 65 कोजेन इकाइयाँ और 44 डिस्टिलरी इकाइयाँ सक्रिय हैं, जिनकी कुल क्रशिंग क्षमता 7,856 केएलपीडी है। इन इकाइयों से प्रत्यक्ष रूप से 9.81 लाख लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। एथेनॉल उत्पादन के संदर्भ में बताया गया कि 2023-24 में राज्य की 102 सक्रिय डिस्टिलरियों से 150.39 करोड़ लीटर एथेनॉल का उत्पादन हुआ है। साथ ही, निजी निवेश से 6,771.87 करोड़ रुपये की लागत से अतिरिक्त 105.65 करोड़ लीटर उत्पादन क्षमता स्थापित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस पहल को ऊर्जा सुरक्षा और किसानों की आय बढ़ाने के लिए अत्यंत लाभकारी बताया और ईंधन मिश्रण में एथेनॉल अनुपात बढ़ाने की योजनाओं को शीघ्र क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

# विश्वविद्यालय परिसरों में योग के लिए स्थायी स्थल विकसित किए जाएं : राज्यपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 की तैयारियों के संबंध में एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति व वरिष्ठ अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। राज्यपाल ने निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय परिसरों में योग के लिए समर्पित स्थायी स्थल विकसित किए जाएं।

राज्यपाल ने इस वर्ष योग दिवस की थीम ल्लएक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगङ्क के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह थीम न केवल वसुधैव कुटुंबकम की भावना को सशक्त करती है, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान भी करती है। राज्यपाल ने 01 जून से 21 जून, 2025 तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की श्रृंखला में आयोजित किए जाने वाले योग कार्यक्रमों को अद्भुत, रचनात्मक एवं सामूहिक प्रयास का प्रतीक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, संगीत और योग को एकीकृत कर डॉक्यूमेंटेशन किया जाए, ताकि उसका संकलन कर एक पुस्तक तैयार की जा सके। उन्होंने नवनिर्मित स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय को निर्देशित किया कि वे आंगनबाड़ी एवं प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों अथवा अन्य विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को खेलों से जोड़ते हुए योग करवाएं, जिससे योग में रुचि एवं सहभागिता बढ़े। राज्यपाल ने आयुष मंत्रालय द्वारा घोषित 10 प्रमुख गतिविधियों के प्रति विश्वविद्यालयों को जागरूक किया और इन योजनाओं में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 21 जून को विश्वविद्यालय के सभी परिसरों और अधीनस्थ महाविद्यालयों में सामूहिक योग अभ्यास सुनिश्चित करें, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक व कर्मचारी लाभान्वित हों। विश्वविद्यालय अपने स्तर पर विदेशी विश्वविद्यालयों से भी जुड़कर योग सत्र आयोजित करें जिससे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा मिले। दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, बालक-बालिकाएं व विशेष जरूरत वाले छात्रों के लिए विशेष योग सत्र आयोजित किए जाएं। योग के सामाजिक व शारीरिक प्रभावों को आंकने हेतु शोध प्रपत्र तैयार किए जाएं। राज्यपाल ने यह निर्देश दिया कि प्रत्येक विश्वविद्यालय अपने अधीनस्थ कॉलेजों एवं इंटर कॉलेजों के स्तर तक योग से संबंधित गतिविधियों को नियमित रूप से आयोजित करें, जिससे बचपन से ही छात्रों में स्वस्थ जीवनशैली की आदत विकसित हो सके।

आनंदीबेन पटेल ने कहा कि विदेशों में भी योग और आयुर्वेद की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने सभी कुलपतियों से अपेक्षा की कि वे इस अभियान में टीम भावना के साथ जुटें और विश्वविद्यालय स्तर पर इस कार्यक्रम को अभूतपूर्व सफलता प्रदान करें। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और संतुलित जीवन की दिशा में एक सतत वैश्विक प्रयास है, जिसमें उत्तर प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों की सक्रिय भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों में स्थापित हेल्थ सेंटरों का उपयोग केवल विश्वविद्यालय तक सीमित न रहे, बल्कि उसके आस-पास के गांवों तक उसका विस्तार किया जाए। हर विश्वविद्यालय को यह योजना बनानी चाहिए कि स्थानीय जनसमुदाय कैसे इन सेवाओं का लाभ उठा सके। इसके लिए एक ठोस कार्ययोजना बनाई जानी चाहिए।

## जनकल्याणकारी योजनाओं के वितरण में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता जरूरी: खन्ना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने निर्देश दिया कि लाभार्थी पारक योजनाओं के वितरण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को अवश्य शामिल किया जाए और उपकरण का वितरण संबंधित क्षेत्र के विधायकों के माध्यम से कराया जाए। उन्होने कहा कि सभी विभाग योजनाओं की जानकारी तथा योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया के बारे में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को अवश्य बताएं। लखनऊ के प्रभारी मंत्री आज कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिले की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रधानमंत्री कुसुम योजना कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण योजनाएं हैं। कृषि यंत्रों का किसानों को वितरण जनप्रतिनिधियों के माध्यम से वितरित कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर ड्रॉप मोर क्राफ्ट के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाए तथा इसमें जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेते हुए आमजन को जानकारी उपलब्ध कराते हुए अधिक से अधिक आवेदन कराकर योजना का लाभ दिया जाए।

## आग में सब कुछ गवा चुके किन्नू प्रसाद को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने की मदद

**गोरखपुर।** बड़हलगंज के समीप खड़ेसरी गांव में किन्नू प्रसाद का घर आग लगने से पूरा जल गया है। इसके पूर्व किन्नू प्रसाद का घर कंसासुर में था जहां पर बाढ़ में घर बह जाने के बाद 6 साल पहले खड़ेसरी में छप्पर डालकर जीवन यापन करते थे द्य अब यहां पर आग लग जाने से इनका पूरा आशियाना जलकर राख हो गया, जिसकी सूचना मिलने पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सभापति शिवेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर रक्तदान प्रभारी ज्ञानेंद्र ओझा के नेतृत्व में रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा तिरपाल,बर्तन, बाल्टी एवं अन्य उपयोगी वस्तुयें प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य पुष्पराज दूबे, शिवेंद्र प्रताप उपाध्याय, रितेश राय, अनन्त कुमार सहित अन्य गणमान्य जन ने आशा व्यक्त किया कि स्वयं सेवी संस्थाओं एवं लोगों के मदद से यह परिवार अपना जीवन यापन शुरू हो सकेगा।

## ‘बाल संचालित शिक्षा के आत्म मूल्यांकन’ विषयक कार्यशाला का हुआ आयोजन

गोरखपुर। ब्लाक संसाधन केंद्र जंगल कौड़िया में डायट गोरखपुर एवं एचपीपीआई के संयुक्त तत्वावधान में सेवारत अध्यापक सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत उप शिक्षा निदेशक डायट प्राचार्य श्री अभिषेक पाण्डेय के निर्देशन में शिक्षक क्षमता संवर्धन हेतु बाल-संचालित शिक्षा के लिए आत्म-मूल्यांकन विषयक पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की औपचारिक शुरुवात व मुख्य अतिथि के रुप मे ब्लाक के खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लवकुश, द्वारा किया गया। कार्यशाला में मुख्य सन्दर्भदाता के रुप मे श्री समज़र सिंह, सुभम पाण्डेय, अक्षय श्रीवास्तव, दीपक कुमार, (एचपीपीआई) ने पीपीटी व व्यवहारिक गतिविधि से कार्यशाला को रोचकता व विषयगत तथ्यों को बता कर कार्यशाला का क्रियान्वयन किया व कदम+ कार्यक्रम व उसके टूलकिट के बारे में बताया गया (अमित पटेल)। कार्यशाला के मध्य में एचपीपीआई द्वारा संचालित नवनिर्मित प्रोजेक्ट दिशा प्रोग्राम से आये हुए आलोक साहनी, मोनिका, स्वेता सिंह ने दिशा प्रोग्राम के बारे में महिला सशक्तिकरण के उत्थान में पक्ष को रखते हुए सभी को कार्यक्रम के बारे में बताया व खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लवकुश कुमार जी ने कार्यशाला के महत्व को समझाते हुए सभी अध्यापको मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में आये जंगल कौड़िया के शिक्षक साथी शालिनी चौधरी, श्रेया सिंघाल, कौशर समीम, बबिता मौर्या व अन्य शिक्षक साथी अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुवे सक्रिय भागीदारी की कार्यशाला के समापन उपरांत सभी शिक्षकों को शिक्षक संवर्धन पुस्तिका प्रदान करते हु टीमलीडर समजर सिंह द्वारा सभी को प्रमाण पत्र दिया गया। इस कार्यशाला के सफल क्रियान्वयन में टीम से अमित पटेल, अभिषेक कुमार की महती भूमिका रही।

## संस्कृत संवर्धन में उत्तर प्रदेश बना अग्रणी राज्य

लखनऊ। संस्कृत संवर्धन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पूरे देश में अग्रणी राज्य बन कर उभरा है। देव भाषा के प्रचार-प्रसार और पुनरुत्थान के क्षेत्र में सरकार की नीतिगत प्रतिबद्धता और सक्रिय पहल के फलस्वरूप आज उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान को राष्ट्रीय मंच पर विशेष सम्मान प्राप्त हुआ।

दिल्ली विश्वविद्यालय के खेल परिसर में संस्कृतभारती, दिल्ली एवं केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 1008 सामूहिक संस्कृत संभाषण शिविरों के समापन समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। प्रदेश सरकार ने संस्कृत के प्रचार, संरक्षण एवं व्यवहारिक विस्तार को लेकर बीते वर्षों में संस्कृत शिक्षकों की नियुक्ति, संवादात्मक प्रशिक्षण शिविर, पाठ्यक्रमों का आधुनिकीकरण तथा संस्कृत के लिए विशेष बजट प्रावधान जैसी योजनाये क्रियानवित कीं हैं, उन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप यह राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ।

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से समन्वयिका राधा शर्मा ने यह सम्मान ग्रहण करते हुए इसे योगी सरकार के मार्गदर्शन, समर्पण और संस्कृतभाषा के प्रति निष्ठा का प्रतिफल बताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान पूरे प्रदेश की शिक्षा और संस्कृति नीति की विजय है। संस्थान के अनेक प्रशिक्षकों ने इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई, जिनमें अंजु मिश्रा, आस्था शुक्ला, दीपिका मिश्रा, डॉ. दिवाकर मिश्र, डॉ. सत्यप्रकाश मिश्र, गरुण मिश्र, गीता वशिष्ठ, कीर्ति अत्रि, खुशी शर्मा, नीतू सक्सेना, प्रियंका शुक्ला, शिवप्रताप मिश्र, रजनीश तिवारी, रुद्रनारायण पांडेय आदि शामिल हैं। इस भव्य आयोजन में देशभर से आए संस्कृत प्रेमियों, विद्वानों, छात्रों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। प्रतिनिधियों ने इस सम्मान को उत्तर प्रदेश के लिए संस्कृत पुनर्जागरण का स्वर्ण क्षण’’ कहा और भविष्य में और अधिक समर्पण से कार्य करने का संकल्प लिया। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तथा मुख्य वक्ता संस्कृतभारती के संगठन मंत्री जयप्रकाश उपस्थित रहे। अध्यक्षता डॉ. वागीश बी. जी., प्रान्ताध्यक्ष, संस्कृतभारती, दिल्ली ने की।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीएचओ हुए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। समुदाय के समग्र स्वास्थ्य देखभाल एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए जिले भर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) का प्रशिक्षण एनेक्सी भवन सभागार में सोमवार से शुरू हो गया। एडी हेल्थ गोरखपुर डॉ जयंत कुमार और सीएमओ गोरखपुर डॉ राजेश झा ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले दर्जनों सीएचओ को सम्मानित भी किया गया। डेढ़ डेढ़ सौ सीएचओ का बैच बना कर जिले भर के सभी सीएचओ को प्रशिक्षित किया जाएगा।

इस अवसर पर एडी हेल्थ डॉ जयंत कुमार ने कहा कि बीमारियों की प्राथमिक जांच और स्थानीय स्तर पर उपचार उपलब्ध कराने के मामले में सीएचओ स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ हैं। उनके जरिये बारह प्रकार की बीमारियों की स्क्रिनिंग कर विशेषज्ञों से परामर्श दिलवाया जा रहा है। स्वास्थ्य कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में सीएचओ के लिए शुरू हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम का समुदाय को सबसे अधिक लाभ मिलेगा और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा सकेंगी। सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि सीएचओ के स्तर से समुदाय के बीच निरंतर सेवाएं दी जा रही हैं। उन सेवाओं में गुणवत्ता सुनिश्चित हो और उनका अधिकाधिक लाभ समुदाय स्तर पर मिल सके, इसके लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवा, राष्ट्रीय कार्यक्रम, रिपोर्टिंग और गुणवत्ता कार्यक्रम आदि के संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के स्थानीय और लखनऊ से आए विषय विशेषज्ञ उन्हें प्रशिक्षित कर रहे हैं। प्रशिक्षण के पहले दिन जिले में उत्कृष्ट योगदान दे रहे सीएचओ को सम्मानित भी किया गया।

सीएमओ डॉ राजेश झा, अरविंद पांडेय, पंकज आनंद, राजीव रंजन वर्मा, विमल कुमार पांडेय, मनीष कलवानिया, डॉ कुसुम भारती, डॉ जसवंत मल्ल और रिपुंजय पांडेय ने अलग अलग सत्रों में सीएचओ को प्रशिक्षित किया। अपने आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एनक्वास सर्टिफिकेशन दिलवाने में योगदान के लिए सीएचओ कालेसर कीर्ति लता, सीएचओ लहसड़ी रेनू पांडेय, सीएचओ राजधानी अर्चना सिंह, सीएचओ राघोपट्टी अंशु मिश्रा, सीएचओ बघराई रितु, सीएचओ डोमिनगढ़ शीतल गुप्ता, सीएचओ गौनर रुचिका यादव, सीएचओ लक्ष्मणपुर रीतिका चौधरी, सीएचओ भरतपुर अंजू गौतम, सीएचओ जमुआर मंजू प्रजापति, सीएचओ शेरपुर रवि किरण, सीएचओ बुदैली अमृता गुप्ता, सीएचओ नुरुद्दीन चक दिव्या मिश्रा, सीएचओ मदरिया गीता गिरी, सीएचओ अहिरौली कीर्ति राणा और सीएचओ फुलवरिया अनिल कुमार को सम्मानित किया गया । इसके अलावा सभी कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान के लिए महराजी की सीएचओ सुषमा सिंह, एनसीडी में बेहतर कार्य के लिए सीएचओ विशुनपुरा अल्पना सिंह, सीएचओ खरखुटा मुकेश जाखड़ और सीएचओ मोहनाग कुमारी नीलम को सम्मानित किया गया। ई संजीवनी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सीएचओ जोतबगही आबिद अली, सीएचओ भखरा दिव्यांशी यादव और सीएचओ पकड़ी बरौली उज्जवल दूबे को सम्मानित किया गया। डेली रिपोर्टिंग एंट्री में बेहतर कार्य के लिए सीएचओ मऊ खुर्द रितुजा पाल, सीएचओ गुलरिहा ज्योति प्रजापति और सीएचओ बराठा कविता सिंह को सम्मानित किया गया।

# सरकार की जुमलेबाजी से सदमे में हैं कर्मचारी पेंशनर शिक्षक : रूपेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की एक बैठक सोमवार को डिप्लोमा इंजीनियरिंग पीडब्ल्यूडी संघ भवन पर हुई। अध्यक्षता परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष इंजीनियर रामसमुझ ने किया। संचालन महामंत्री मदन मुरारी शुक्ला ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जिला अध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव कार्यवाहक अध्यक्ष रामसमुझ एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित श्याम नारायण शुक्ल ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार की जुमलेबाजी से कर्मचारी पेंशन शिक्षक सदमे में हैं। उन्होंने कहा कि पेंशन को लेकर बरसों से चली आ रही कर्मचारियों की मांग को केंद्र व प्रदेश सरकार नजरअंदाज कर रही है। मांग पुरानी पेंशन की परन्तु एनपीएस के बाद यूपीएस का लालीपाप।इतना ही नहीं कर्मचारियों का 18 महीने का एरियर सरकार ने भुगतान नहीं किया। वह भी कोरोना कल का है जब लोग सड़क पर नहीं निकलते थे मां बेटे से नहीं मिलती थी पिता पुत्र से नहीं मिलता था इन सब बंधनों को तोड़ते हुए कर्मचारी अपनी सेवाएं दिए, उसके बावजूद भी सरकार हम कर्मचारियों के साथ सिर्फ अन्याय कर रही है। 50 प्रतिशत डीए मूल वेतन में अब तक मर्ज हो जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि सरकार कहती है कि वेतन समय से देंगे लेकिन अभी तक आठवे वेतन की कमेटी तक नहीं गठन की गई। संरक्षक अशोक पाण्डेय,कार्य. अध्यक्ष राजेश सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में वर्षों से सरकार से सहमति मांगे जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी जानते हैं जैसे केंद्र की भांति सभी भत्ते, सभी विभागों में वेतन विसंगतियां, रिक्त पदों पर नियमित नियुक्तियां आदि पर भी कोई ठोस कार्रवाई न होने से सरकार के सारे आश्वासन ढाक के तीन पात साबित हो रहे हैं।

# प्रभारी मंत्री ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन विभाग/जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान जिला अस्पताल, उन्नाव का निरीक्षण किया गया तथा सांसद डॉ0 स्वामी सच्चिदानन्द हरि साक्षी महाराज की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में जनपद के गौ आश्रय स्थलों/विकास एवं सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की गयी।

जिला अस्पताल निरीक्षण के दौरान महिला ओपीडी, 108/102 हैल्प डेस्क, महिला शौचालय, महिला लैब, एक्सरे यूनिट, जच्चा-बच्चा वार्ड, ओटी आदि में व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए मरीजों से वार्ता की गयी। महिला शौचालय में साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था न पाए जाने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को म मंत्री द्वारा फटकार लगाई गयी। विकास भवन सभागार में प्रभारी मंत्री द्वारा जनपद में गौ आश्रय स्थलों का प्रबन्धन, गौचर भूमि की उपलब्धता, नेपियर/हरी घास की स्थिति, भूसा दान/क्रय, निराश्रित गौवंश का संरक्षण, सहभागिता योजना, भूमि नामांतरण, चिकित्सा एवं शिक्षा व्यवस्था, अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था, पेयजल व राशन वितरण आदि की समीक्षा की गयी। इस दौरान मंत्री जी ने पशुपालन विभाग की अनुदान परक बकरी पालन, गौ पालन, मुर्गी पालन, सूअर पालन आदि योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि किसानों की दुगनी आय सिर्फ कृषि से नहीं होगी, इसके लिए पशुपालन आवश्यक है। उ0प्र0 सरकार द्वारा पशुपालन की कई योजनाओं में50 से 90 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जा रहा है। इन योजनाओं का लाभ लेकर बडे पैमाने पर पशुपालन की ईकाइयां स्थापित की जा सकती है। गौ पालन को लेकर उन्होने कहा कि गाय मात्र पशु नहीं है, यह राष्ट्र की माता है, इसका दूध अमृत के समान है। भूसा दान को लेकर उन्होने सभी जन प्रतिनिधियों से अपील की कि वे गौशालाओं हेतु 100-100 कुंतल भूसा जिलाधिकारी को उपलब्ध कराएं। उन्होने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों, पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के प्रत्येक गौशाला में स्वच्छता, चारा, पानी, लाइट, भूसा एवं लू से बचाव के उपाय अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करा लिए जाएं। उन्होने गौचर हेतु जनपद में लगभग 3200 हैक्टेयर संरक्षित की गयी भूमि हेतु जिलाधिकारी की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में भूमि नामांतरण व अन्य भूमि सम्बन्धी वादों में निर्धारित समय सीमा में गुणदोष के आधार पर निस्तारित कराया जाए। उन्होने शिक्षा प्रणाली सुधारने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासकीय विद्यालयों में प्रवेश बढाएं जाए तथा सर्वोत्तम शिक्षा देकर बच्चों को उत्कृष्ट श्रेणी में पास कराया जाए। शिक्षा ऐसी दें, ताकि मजदूर का बेटा भी हजूर बन सके। अपराध नियंत्रण को लेकर उन्होने निर्देश दिए कि जनपद व थाने वार टॉप 10 अपराधियों को सूची सार्वजनिक कर सर्किल की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चैबन्द रखें। इस समय साइबर क्राइम के मामले ज्यादा आ रहे है इसलिए पुलिस बिना किसी लापरवाही के त्वरित कार्यवाही करे। उन्होने कहा कि गरीबों का राशन गरीबो को पूरी तरह से मिले, घटतौली को लेकर किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। अपात्र/फर्जी अन्त्योदय कार्ड निरस्त कर पात्र लोगों को उपलब्ध कराए जाएं। बैठक में मा0 मंत्री जी ने जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा जनपद में किए गए नवाचार जैसे न्यायालय आपके द्वार, पंचायत स्तर पर ज्ञानालय/लाइब्रेरी की स्थापना, कोड योगी एआई, आपरेशन दस्तक आदि की सराहना करते हुए कहा कि सभी अधिकारी गण अपने-अपने विभागों में नवाचारों का समावेश कर जन कल्याण हेतु बेहतर कार्य करने का प्रयास करें। इस मौके पर मा0 मंत्री जी एवं सांसद द्वारा मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा को उनके उत्कृष्ट कार्यो हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही उनकी पदोन्नति व स्थानान्तरण को लेकर शुभकामनाएं व्यक्त की गयीं। इस अवसर पर सभागार में उपस्थित सभी जन प्रतिनिधियों, अधिकारियो व कर्मचारियों द्वारा पहलगाम हमले में जान गवाने वाले लोगों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुन सिंह, म विधायक सदर पंकज गुप्ता, म विधायक मोहान बृजेश रावत, विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर, विधायक बांगरमऊ श्रीकान्त कटियार, विधायक पुरवा अनिल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# केजीएमयू लखनऊ में मनाया गया विश्व एंकिलॉज़िंग स्पॉन्डिलाइटिस दिवस

सुमित श्रीवास्तव

लखनऊ। दुनिया में 0.1 प्रतिशत से लेकर 1.4 प्रतिशत लोग एंकिलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस (एएस) की बीमारी से पीड़ित हैं। मई माह के पहले शनिवार को वर्ल्ड एंकिलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस डे मनाया जाता है।इस बार यह चार मई को एएस-डे है। एएस एक इंफ्लेमेटरी और ऑटोइम्यून बीमारी है। यह मुख्य रूप से रीढ़ की हड्डी को प्रभावित करती है। अगर किसी को यह बीमारी है तो उसकी कमर, पेल्विस और नितंबों में दर्द शुरु हो जाता है। वैसे यह बीमारी पूरे शरीर को ही प्रभावित कर सकती है। पूरी दुनिया में इसके मरीजों का प्रतिशत भले ही छोटा नजर आ रहा हो, लेकिन 100 में से लगभग एक वयस्क इस क्रॉनिक स्थिति से ग्रसित हैं।इस बीमारी में हड्डियां आपस में गुंथ जाती हैं, जिसके परिणामस्वरूप रीढ़ की हड्डी सख्त हो जाती हैं। शोध बताता है कि एएस की पहचान होने में आमतौर पर औसतन 7 से 10 साल लग जाते हैं।

डॉ. पुनीत कुमार , प्रोफ़ेसर एवं हेड रूमेटोलॉजिस्ट के.जी.एम.यू. लखनऊ, का कहना है, इस बीमारी में सबसे अहम





चीज तुरंत सलाह होती है। इसके चलते वह हड्डी पूरी तरह सख्त हो जाती है और मरीज के व्हील चेयर पर आने का खतरा रहता है। एंकिलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस से पीड़ित लोगों के लिए आज बायोलॉजिक्स थैरेपी जैसे इलाज के उन्नत विकल्प मौजूद हैं। एंकिलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस एक पुरानी और शरीर में कमजोरी लाने वाली बीमारी है। अलग-अलग कारणों से मरीजों को इसके बेहतर

**गठिया रोग को लेकर लोगों को किया गया जागरूक, डॉक्टर ने बताए इस रोग के लक्षण व उपचार**

इलाज के विकल्प नहीं मिल पाते। बायोलॉजिक थेरेपी अपनाकर हम शरीर की संरचनात्मक प्रक्रिया में नुकसान को कम से कम कर सकते हैं। कई मरीज रीढ़ की हड्डी, घुटनों और जोड़ों में दर्द के इलाज के लिए अन्य तरीके अपनाने लगते हैं, जिससे लंबी अवधि बीतने के बाद भी मरीजों को रोग में कोई आराम नहीं पहुंचता। वैकल्पिक दवाएं लेने से रीढ़ की हड्डी के बीच कोई दूसरी हड्डी पनपने का खतरा बना रहता है। इस मौके पर केजीएमयू प्रोफ़ेसर डॉ उर्मिला धाकड़, डॉ शयन मुखर्जी, डॉ निशांत कांबले, डॉ मुकेश मौर्या, डॉ अभिषेक, डॉ किशन, डॉ दर्पण, डॉ अंकुश और डॉ अभिलाष आदि मौजूद रहे।

# टैंकरों से पेट्रोल चोरी कर बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजिनी नगर लखनऊ। राजधानी लखनऊ के सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एचपीसीएल डिपो लखनऊ से निकलने वाले ऑयल टैंकरों से तेल की चोरी कर उसमें कैमिकल मिलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया गया। पेट्रोल चोरी कर बेचने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार किये गए। दो आरोपी मौके से फरार हो गए हैं पुलिस उनकी तलाश कर रही है। शनिवार रात सूचना मिली कि टीएस मिश्रा अस्पताल के पास अनौरा रोड पर कुछ लोग पेट्रोल और केमिकल चोरी कर अवैध रूप से मिलावट कर रहे हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तो वहां पहले से सर्विलांस टीम मौजूद थी और आबकारी और खाद्य एवं रसद विभाग की टीम को बुलाया गया। पूछताछ में उनकी पहचान अनौरा निवासी अजय यादव 38 वर्ष, ओम प्रकाश यादव 30 वर्ष, आजाद नगर निवासी मिराजुद्दीन 29 वर्ष, जौनपुर के सरपतहा वासुपुर निवासी जगदीप प्रजापति और अनौरा निवासी अरुण कुमार 20 वर्ष के रूप में हुई। वह एचपीसीएल डिपो से बिक्री के लिए जाने वाले टैंकर से पेट्रोल निकाल कर ड्रम में भर लेते हैं



उन्नाव से केमिकल खरीद कर लाते हैं, जिसे निकाले गए पेट्रोल की जगह टैंकर में डाल देते थे. और फिर सप्लाई करते थे। एक टेंकर क्षमता 20 हजार लीटर, एक काले रंग की स्कार्पियों कार, एक महिन्द्रा पिकअप, एक सुपर स्पेलेन्डर मोटरसाइकिल, 38 नीले रंग के ड्रम केमिकल से भरे, 50 लीटर पेट्रोल से भरा 01 ड्रम. 04 पाइप प्लास्टिक पाइप, 01 मोटरयुक्त फिलर मशीन, 01 जनरेटर, 01 टीन की 38 नीमोकेले रंग के ड्रम केमिकल से भरे (प्रत्येक ड्रम की क्षमता 200 ली0) कुल 7400 लीटर लगभग, 50 लीटर पेट्रोल से भरे इत्यादि बरामद किए गए।

डी सी पी निपुण अग्रवाल ने बताया विगत काफी समय से ऑयल डिपो से निकलने वाले टैंकरों से तेल चोरी किये जाने की सूचना प्राप्त हो रही थी। इन सूचनाओं पर होने वाली तेल चोरी को रोकने हेतु पुलिस उपायुक्त दक्षिणी द्वारा पुलिस टीमों का गठन किया गया जिसमें सर्विलांस सेल पुलिस उपायुक्त दक्षिणी थाना सरोजनीनगर की पुलिस टीमों को लगाया गया। इन टीमो द्वारा टैक्निकल व मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर रात्रि शनिवार को टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय के पास जंगल में पास टैंकर से तेल चोरी करते हुए 05 शातिर पांच लोगों को गिरफ्तार किया मौके पर एक टैंकर एक स्कॉर्पियो एक पिकअप एक स्प्लेंडर आदि चीजों को बरामद किया गया और आगे की विधि कार्रवाई कर शातिर अभिक्तों को जेल भेज दिया गया।

# आरआरग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में प्रज्ञान 2025 का भव्य शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एकेटीयू से संबद्ध बख्शी का तालाब स्थित आर आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन, लखनऊ के वार्षिकोत्सव प्रज्ञान 2025 का शुभारंभ संस्थान के सचिव चित्रांशु अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर के किया ऋइस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रोफ़ेसर सूर्य प्रकाश त्रिपाठी,डीन एकेडमिक दुर्गेश वर्मा,डीन स्टूडेंट वेलफ़ेयर विकास सिंह,डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट आरती जयसवाल एवं चीफ प्रॉक्टर विजय बहादुर सिंह व संस्थान के सभी शिक्षक मौजूद रहे।प्रज्ञान 2025 के पहले दिन के खेल में क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले मैच में आर0 आर0 गांधी वॉरिअर्स बनाम आर0आर0 शक्तिमान के बीच हुए मुकाबले में आर0 आर0 गांधी वॉरिअर्स ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लियाऋआर0आर0 गांधी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 06 ओवर के मैच में 5





विकेट खोकर 77 रन बनाए जवाब में आर0 आर0शक्तिमान की टीम ने 06 ओवर में 7 विकेट खोकर 71 रन ही बना पायीऋइस तरह आर0 आर0 गांधी वॉरिअर्स ने 06 रन से जीत हासिल कीऋआर0 आर0 गांधी वॉरिअर्स की तरफ से अंबुज सिंह ने नाबाद 33 रन बनाए व 3 विकेट लिए ऋ अंबुज सिंह( बीटेक, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष )को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया ऋअन्य प्रतियोगिताएंः- 1. गर्ल्स बैडमिंटन प्रतियोगिता के प्रथम राउंड में अंशिका सिंह ( कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष ) विजयी रहीं। 2. बॉयज बैडमिंटन प्रतियोगिता के प्रथम राउंड में मृदुल पांडे एंड विशाल विश्वकर्मा विजयी रहें। 3. ब्वायज़ रस्साकशी में गोविंद ( सीएसइ )की टीम विजय हुयी। 4. कबड्डी बॉयज में अंकित की टीम विजय हुयी। 5. कबड्डी गर्ल्स में अंशिका सिंह की टीम विजय हुयी।

# नगराम के कुबहरा गांव में युवक की संदिग्ध हालात में मिला शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## परिजनों ने बेल्ट से गला कसकर लगाया हत्या करने का आरोप

नगराम, लखनऊ । स्थानीय थाना क्षेत्र कुबहरा गांव में सोमवार की सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब गांव के बाहर एक खेत में एक युवक का शव संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। मृतक की पहचान महेश कोरी पुत्र शत्रुघ्न निवासी कुबहरा के रूप में हुई है। जिनकी उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे ग्रामीणों ने सहजराम के खेत में एक शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना नगराम प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान पाया गया कि मृतक का शव उसके घर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर सड़क किनारे खेत में पड़ा था। हैरान करने वाली बात यह रही कि महेश के गले में उसका खुद का बेल्ट कसकर बंधा हुआ था और सिर पर गंभीर चोटों के निशान भी पाए गए। प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका जताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में



लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।महेश कोरी अपने पीछे माता-पिता, पत्नी, एक 15 वर्षीय पुत्र और चार सगे भाइयों को छोड़ गए हैं। परिवार और गांव में घटना को लेकर गहरा शोक और दहशत का माहौल है। पुलिस ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही, मृतक के परिजनों से तहरीर प्राप्त कर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल मौके पर पुलिस बल की तैनाती कर शांति व्यवस्था बनाए रखी गई है। गांव के लोगों से पूछताछ कर हत्यारों की तलाश तेज कर दी गई है।

## विधुत पेंशनर्स परिषद ने मुख्यमंत्री से उर्ज़ा सेक्टर को निजी हाथो को सौपने के पहले उच्च स्तरीय समीक्षा कराने की मांग की

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधुत पेंशनर्स परिषद उतर प्रदेश ने मुख्यमंत्री से उर्ज़ा सेक्टर को निजी हाथो मे सौपने के पहले उच्च स्तरीय समीक्षा कराने की मांग किया इस संबंध मे परिषद के उपाध्यक्ष आर बी लाल एवं प्रमुख सचिव कप्तान सिंह ने बताया कि विद्युत सेक्टर को जिन प्रदेशो मे निजी क्षेत्र को सौपा गया है वहां के उपभोक्ताओ एवं अधिकारी कर्मचारी की स्थिति तथा विधुत दरो की समीक्षा किया जाना आवश्यक है ऐसा न हो कि प्रदेश की जनता को महंगी बिजली खरीदनी पडे प्रमुख महासचिव ने बताया कि पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल को निजी हाथो मे सौपने की कवायद विगत 5-6 महीनो से तेजी पकड़ रखा है जिससे कार्मिक उदैलित हैं और कार्य संस्कृति पर खराब प्रभाव पड़ा है मुख्यमंत्री जी को कार्मिको/अधिकारियो एवं प्रदेश के विधुत उपभोक्ताओं को विश्वास में लेकर ही 5 नई कम्पनी निजी क्षेत्र में बनाने पर विचार करने की अपील किया । दक्षिणांचल एवं पूर्वांचल के 25000 पेंशनरों के आवश्यक अभिलेख को सुरक्षित किया जाना एक चुनौती भरा कार्य है

## ई रिक्शा बैट्री चोरी

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज क्षेत्र चौराहिया निवासिनी बसंती पत्नी आशीष कुमार के उसके ई रिक्शा की बैटरी चोरी हो गई है।उसने इस मामले की लिखित सूचना स्थानीय पुलिस और साबर सेल प्रभारी से की है लेकिन 24 घंटे का समय बीत जाने के बाद भी किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई। शिकायतकत्री बसंती की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र अनुसार उसका ई रिक्शा शिवलर निवासी रिश्तेदार दिलीप कुमार पुत्र देवराज के घर पर था।वही से 3 मई 2025 की रात को अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया।शिकायत कत्री के अनुसार चोरी की गई 5 बैट्री तो अपने साथ उठा ले गए लेकिन चोरी का ई रिक्शा बेली गांव के निकट पूर्वांचल एक्स प्रेस वे के पास छोड़ गए। शिकायत कत्री की ओर से बैट्री चोरी के इस मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की गई इसी के साथ साइबर सेल प्रभारी को भी प्राथना पत्र दिया गया।शिकायत करने के बाद 24 घंटे से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन अभी तक इस मामले में कोई कार्यवाही आगे बढ़ती हुई नहीं दिखाई दी। बैट्री चोरी की इस घटना के बाद लोगों में अलग अलग तरह की बाते हो रही है।लोगों के अनुसार क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता उजागर हो रही है।

## अभिविन्यास और प्रशिक्षण सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीएसआईआर केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान लखनऊ के ज्ञान संसाधन केंद्र (केआरसी) ने माई लाइब्रेरी ऑन फिंगरटिप्स का उपयोग करके अपने पुस्तकालय ई-संसाधनों तक पहुँचना पर एक आकर्षक और जानकारीपूर्ण उपयोगकर्ता अभिविन्यास और प्रशिक्षण सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह सत्र केआरसी के प्रमुख डॉ. आनंद पी. कुलकर्णी की देखरेख में आयोजित किया गया और समर्पित पुस्तकालय स्टाफ सदस्यों आर. सी. गुप्ता और पंकज उप्रेती द्वारा समन्वयित किया गया।

## पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के विरुद्ध कोर्ट ने की आपराधिक अवमानना की कार्रवाई

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। फिरोजाबाद की विशेष एन.डी.पी.एस. कोर्ट ने एक मामले में पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के विरुद्ध न्यायालय की अवमानना के लिए मुकदमा चलाने के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट को रेफर कर दिया है। एन.डी.पी.एस. कोर्ट ने 05.11.2024 को सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय के आधार पर मामले से संबंधित पुलिस अधिकारियों व मुल्जिमों की मोबाईल फोन लोकेशन सहित सी.डी.आर. पेश करने के लिए आदेश दिया था लेकिन कोर्ट द्वारा रिमाइंडर देने के बावजूद भी पुलिस अधीक्षक ने आदेश का अनुपालन नहीं किया और न ही कोर्ट में कोई आख्या दी। छः महीने तक पुलिस अधीक्षक द्वारा कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किए जाने पर कोर्ट ने विगत 15 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के विरुद्ध न्यायालय की अवमानना के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने दिल्ली हाईकोर्ट के किसी अन्य मामले में दिए गए निर्णय के आधार पर कोर्ट के आदेश को मानने से इंकार कर दिया। विशेष न्यायाधीश जितेन्द्र गुप्ता द्वारा आदेश में कहा गया कि यदि पुलिस अधीक्षक 05 नवंबर के आदेश से क्षुब्ध थे तो उन्हें उस आदेश को चुनौती दिया जाना चाहिए था लेकिन पुलिस अधीक्षक ने ऐसा नही किया बल्कि मामले को जानबूझकर इतना विलंबित किया ।

# पुश्तैनी जमीन पर दबंगों पर जबरन कब्जा करने का लगा आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । सैरपुर थाना अंतर्गत सैरपुर गांव निवासी बुजुर्ग पीड़ित महिला ने बीकेटी तहसीलदार को लिखित शिकायत देकर अपनी पुश्तैनी जमीन को बचाने की गुहार लगाई है।वहीं महिला की शिकायत पर तहसीलदार ने सैरपुर पुलिस को जांच कर विपक्षियों पर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।बुजुर्ग महिला सरजू के मुताबिक,पुर्वजों के द्वारा सैरपुर गांव में घर बनाकर जीवन यापन किया जा रहा है और उसी पुस्तैनी घर में वह भी रह रही है।उन्होंने बताया कि उनके पुस्तैनी घर के आगे सहन की जमीन पर महिला ने शौंचालय बनवाया था।जिसे विपक्षी सर्वेश कुमार यादव निवासी पूरबगांव ने तोड़ दिया तथा बौरूमऊ गांव निवासी सर्वेश यादव व दुबग्गा निवासी रामू ने अन्य निर्माण कार्य पुलिस से मिलकर रुकवा दिया और निर्माण कार्य करने पर

**तहसीलदार को लिखित शिकायत देकर मांगा न्याय, जांच कर कार्रवाई के आदेश**



फर्जी मुकदमे में फंसा देने की भी धमकी दी है।महिला ने मामले की लिखित शिकायत तहसील विजय कुमार सिंह से लिखित शिकायत दर्ज कराई है।वहीं तहसीलदार ने सैरपुर पुलिस को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

# डीपीएस एल्डिको ने की डी-क्रू आईटी फ़ेस्ट 2025 के आठवें संस्करण की मेजबानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। दिल्ली पब्लिक स्कूल एल्डिको ने डीपीएस एल्डिको में डी-क्रू आईटी फ़ेस्ट 2025 के आठवें संस्करण की मेजबानी करने का बीड़ा उठाया। राज्य भर से 22 स्कूलों के बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के एकत्र होने से इस आयोजन की शानदार शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि जैस्मीन जैन, संयुक्त आयुक्त, विशेष कार्य बल मुख्यालय, उत्तर प्रदेश सरकार, उद्घाटन समारोह में उपस्थिति रही। इस मौके पर प्रधानाचार्या मनीषा ने मुख्य अतिथि स्वागत किया, जिन्होंने अपनी विशेषज्ञता साझा करने की सहमति दी और इस भव्य कार्यक्रम में छात्रों को प्रेरित किया। प्रतिभागियों ने डिजीसेल, स्प्राइट स्प्रिंग, साइट क्राफ्टर, स्टोरी टेलर्स, रोबो रेस और रोबो सॉकर नामक विभिन्न स्पर्धाओं में लगन से प्रदर्शन

**डीपीएस कल्याणपुर ने जीती चैंपियनशिप ट्रॉफी**



किया। सभी श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन के लिए डी-क्रू आईटी फ़ेस्ट चैंपियनशिप ट्रॉफी डीपीएस कल्याणपुर ने जीती। डीपीएस-बरेली और जागरण पब्लिक स्कूल क्रमशः दूसरे और पहले रनर अप रहे।

# भाकियू अंबावता की बैठक में सुनी गई किसानों की समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन ?अंबावता की पंचायत का आयोजन किया गय।कार्यक्रम गोसाईगंज क्षेत्र के गंगागंज गांव में भारतीय किसान यूनियन ?अंबावता के कार्यालय पर सम्पन्न हुआ। बैठक संगठन के मंडल अध्यक्ष लखनऊ सुनील कुमार वर्मा की अगुवाई में संपन्न हुई। इस आयोजन में किसान समस्याओं पर चर्चा की गई साथ ही मुजफ्फरनगर में चौधरी राकेश टिकैत के साथ कुछ अराजक तत्वों द्वारा की गई अभद्रता को लेकर संगठन के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की ओर से रोष जताया।पंचायत में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में भारत के 28 निर्दोष पर्यटकों पर पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा कायराना तरीके से हमला व हत्या किए जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन अम्बावता के पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन के साथ ही पाकिस्तान का पुतला दहन भी किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष लखनऊ सुनील कुमार वर्मा, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष लखनऊ राजीव कुमार, मंडल प्रवक्ता जन्मेजय सिंह, मंडल उपाध्यक्ष



**विरोध प्रदर्शन के साथ ही फूंका गया पाकिस्तान का पुतला**

आशीष यादव, मंडल सचिव नितिन गुप्ता, मंडल सलाहकार श्रीकांत वर्मा, मंडल संगठन मंत्री अजय गुप्ता, मंडल सचिव रामचंद्र वर्मा, मनोज यादव, जिला अध्यक्ष लखनऊ राजकुमार यादव, जिला मीडिया प्रभारी अजय कुमार, जिला विधिक सलाहकार लखनऊ अर्पण वर्मा, जिला प्रभारी महिला प्रेमावती रावत, जिला संगठन मंत्री महिला कृष्णावती रावत, जिला प्रचार मंत्री युवा छोटू रावत, तहसील अध्यक्ष मोहनलालगंज राकेश कुमार मौर्य ,वरिष्ठ तहसील उपाध्यक्ष मोहनलालगंज गिरीश कुमार वर्मा उर्फ रिंकू, कौशल कुमार, दीपक कुमार, तहसील सचिव राम सुफल रावत, ब्लॉक प्रभारी गोसाईगंज मेवालाल रावत,वरिष्ठ किसान नेता श्रीराम वर्मा, किसान नेता सोनू वर्मा, किसान नेता मदन, किसान नेता आज़म, किसान नेता संतोष कुमार वर्मा, किसान नेता अय्यूप, किसान नेता अली हुसैन आदि सैकड़ो की संख्या में किसान पदाधिकारी/कार्यकर्ता उपस्थित रहे। में मंडल अध्यक्ष लखनऊ सुनील कुमार वर्मा की अगुवाई में बैठक की गई बैठक में किसान समस्याओं पर चर्चा की गई एवं हाल ही में मुजफ्फरनगर में चौधरी राकेश टिकैत के साथ कुछ अराजक तत्वों द्वारा की गई अभद्रता को लेकर संगठन के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने रोष जताया एवं जम्मू कश्मीर के पहलगाम में भारत के 28 निर्दोष पर्यटकों पर पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा कायराना तरीके से हमला व हत्या किए जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन अम्बावता के सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन कर पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया, कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष लखनऊ सुनील कुमार वर्मा, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष लखनऊ राजीव कुमार, मंडल प्रवक्ता जन्मेजय सिंह, मंडल उपाध्यक्ष आशीष यादव, मंडल सचिव नितिन गुप्ता, मंडल सलाहकार श्रीकांत वर्मा, मंडल संगठन मंत्री अजय गुप्ता, मंडल सचिव रामचंद्र वर्मा, मनोज यादव, जिला अध्यक्ष लखनऊ राजकुमार यादव, जिला मीडिया प्रभारी अजय कुमार, जिला विधिक सलाहकार लखनऊ अर्पण वर्मा, जिला प्रभारी महिला प्रेमावती रावत, जिला संगठन मंत्री महिला कृष्णावती रावत, जिला प्रचार मंत्री युवा छोटू रावत, तहसील अध्यक्ष मोहनलालगंज राकेश कुमार मौर्य ,वरिष्ठ तहसील उपाध्यक्ष मोहनलालगंज गिरीश कुमार वर्मा उर्फ रिंकू, कौशल कुमार, दीपक कुमार, तहसील सचिव राम सुफल रावत, ब्लॉक प्रभारी गोसाईगंज मेवालाल रावत,वरिष्ठ किसान नेता श्रीराम वर्मा, किसान नेता सोनू वर्मा, किसान नेता मदन, किसान नेता आज़म, किसान नेता संतोष कुमार वर्मा, किसान नेता अय्यूप, किसान नेता अली हुसैन आदि सैकड़ो की संख्या में किसान पदाधिकारी/कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एमआईएस गुरूद्वारा रोड उद्योग व्यापार मण्डल का हुआ गठन, मयंक बाजपेई बने अध्यक्ष



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सोमवार को लखनऊ व्यापार मण्डल इकाई राजाजीपुरम परिक्षेत्र उद्योग व्यापार मण्डल के अंतर्गत एमआईएस गुरूद्वारा रोड उद्योग व्यापार मण्डल का गठन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र एवं अध्यक्षता लखनऊ व्यापार मण्डल के वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा व मंच का संचालन उमेश शर्मा ने किया। वहीं इस मौके पर मुख्य अतिथि अमरनाथ मिश्र द्वारा अध्यक्ष मयंक बाजपेई, वरिष्ठ महामंत्री अनुराग सिंह, महामंत्री पंकज द्विवेदी, आकांश कश्यप, मीडिया महामंत्री राजेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचन्द्र श्रीवास्तव, अनिल वर्मा, सुधीर कुमार द्विवेदी, प्रभात यादव, उपाध्यक्ष सुफियान, मनजीत सिंह, गुलशन रस्तोगी, कोषाध्यक्ष नीरज विश्वकर्मा, मंत्री मोनू गुप्ता, पंकज चौरसिया, शब्बीर, हेमंत श्रीवास्तव जनसंपर्क को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# महिलाएं प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था में दे रही योगदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । उत्तर प्रदेश में महिलाए न सिर्फ आत्मनिर्भर बन रही है, बल्कि प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था में योगदान भी दे रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने महिलाओं को रोजगार देने के लिए सबसे बड़ी पहल की है। गांव-गांव तक बैंकिंग सेवाओं को पहुंचाने के लिये प्रदेश की 50192 बीसी सखी (बैंकिंग कॉरस्पीडेट) बनाने हेतु प्रमाणीकरण पूर्ण कर लिया गया है। सभी चयनित बीसी सखी का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है सरकार की इस नीति से बैंकिंग सेवाएं लोगों के घरों तक पहुंच रही है। ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को अपने बैंक खातों से धनराशि निकालने और उसमें पैसा जमा करने में बड़ी आसानी हुई हैं उनका बैंक शाखाओं तक जाने का समय व खर्चा बच रहा है और घर के करीब ही बैंक के रूप में बीसी सखी मिल रही है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए मिशन रोजगार, मिशन शक्ति और मिशन कल्याण जैसी अनेक योजनाओं को शुरू किया है। इसके क्रियान्वयन हेतु तैयार किये गये कार्यक्रम के अनुसार सरकार के संबद्ध विभाग तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। इस क्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा और यूको बैंक के सहयोग से यूपी इंडस्ट्रियल कंसलटेंट्स लि0 (यूपीकॉन) ने 58,000 बीसी सखी (बैंकिंग कॅरिस्पोंडेंट) बना लिये हैं जो शेष बीसी सखी बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में लगे हैं। गांव से लेकर शहरों में बीसी सखी 24 घंटे बैंकिंग सेवाएं दे रही हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य की सभी महिलाओं को लाभ पहुंचाने के लिए बीसी सखी योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश राज्य की सभी महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिले हैं। उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से प्रदेश में समूहों के माध्यम से सखी बनाने का कार्यक्रम बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ मिलकर किया जा रहा है। यूपी इंडस्ट्रियल कंसलटेंट्स लि0 (यूपीकॉन) भी सहयोगी की भूमिका निभा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति, वित्त एवं विकास निगम लि0 के माध्यम से 500 अनुसूचित जाति के युवक युवतियों को रोजगार के अवसर देते हुए बीसी बनाए थे। बीसी सखी बनाने के लिए महिलाओं को प्राथमिकता दी गई है। बीसी सखी बनने के लिए योग्यता में कम से कम 10वीं कक्षा पास होना अनिवार्य किया गया है। अभ्यर्थी को कम्प्यूटर चलाना भी आना चाहिए, उस पर कोई वाद या पुलिस केस नहीं होना चाहिए। ऐसे अभ्यर्थी के चयन से पहले एक छोटी सी परीक्षा भी ली जाती है। इसमें उत्तीर्ण होने वाली अभ्यर्थी बीसी सखी बन सकती है।

बीसी सखी योजना से जुड़ने वाली महिलाओं को सम्मानजनक काम मिलने के साथ लोगों की सेवा करने का भी बड़ा अवसर मिल रहा है। लोगों को तत्काल बैंकिंग सेवा मिलने से उन्हें खुद को भी खुशी होती है। बीसी सखी बनने के बाद ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के भविष्य सुरक्षित करने के लिए प्रत्येक माह एक निश्चित आमदनी का माध्यम बना है। उन्हें एक स्थायी रोजगार मिला है। बीसी सखी योजना के तहत बैंकिंग सेवाओं को घर-घर देना रोजी-रोटी का एक बेहतर साधन बना है। इससे सबसे अधिक फायदा बैंक के ग्राहकों को हुआ है। उनको बैंक में लाइन लगाने और समय लगाना बंद हो गया है और बैंक तक जाने का समय किराया भी उनका बचा है। ग्रामीण स्तर पर बैंकिंग सेवाएं लोग बीसी सखी से ले रहे हैं।

प्रदेश सरकार की इस योजना का लाभ सबसे अधिक बैंक ग्राहकों को मिल रही है। सरकार की ओर से बैंकिंग सेवाओं को बड़ी सौगात खासकर गांव के लोगों को दी जा रही है। ग्रामीण पहले बैंक से पैसा निकालने और जमा करने में आने-जाने में जो खर्चा करते थे उसकी भी बचत हो रही है। प्रदेश की ग्राम पंचायतों में अभी तक 50192 बीसी सखी के आरएसईटीआई के माध्यम से आई0आई0बी0एफ0 द्वारा प्रमाणीकरण पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें 39561 बीसी सखी ने कार्य करते हुए रू0 31626 करोड़ का लेनदेन किया है। इस लेन-देन से बीसी सखियों ने रू0 85.81 करोड़ का लाभांश प्राप्त किया है। प्रदेश सरकार की इस नीति से ग्रामीण स्तर पर महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है।

# 25,000/-रुपये का इनामिया शातिर अंतर्जपदीय अपराधी पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय, अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी आदि जैसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त दिये गये निर्देशो के अनुपालन के क्रम में दिनांक 05.05.25 को अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुशील कुमार यादव के नेतृत्व में एसओजी एवं थाना लहरपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा *लूट जैसी घटनाओं के संबंध में थाना लहरपुर पर पंजीकृत मु.अ.सं. 244/25 धारा 309(4) बीएनएस एवम् थाना तंबौर पर पंजीकृत मु.अ.सं. 193/25 धारा 309(4) बीएनएस में प्रकाश में आये 25,000/- रुपये के इनामिया शातिर अंतर्जपदीय अपराधी आरिफ पुत्र मोबीन निवासी जेठरा थाना खमरिया लखीमपुर खीरी को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मौके से कुल 24,200/-रुपये (वांछित मुकदमे से संबंधित), एक अदद मोटर स्पेलेंडर प्लस बिना नंबर प्लेट, एक अदद तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा व 02 खोखा कारतूस एवं एक अदद मोबाइल बरामद हुए है। थाना लहरपुर व तंबौर क्षेत्र में लूट जैसे अपराध की घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय द्वारा 25,000/- रूपये का इनाम घोषित किया गया था। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर एवम् अभ्यस्त किस्म का अंतर्जनपदीय अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में भी लूट/चोरी/नकबजनी/धोखाधड़ी/छेड़छाड़ आदि जैसे अपराधों के संबंध में सीतापुर एवम् जनपद लखीमपुर खीरी में करीब एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।* अभियुक्त का एक संगठित गिरोह है जो उक्त प्रकार के आपराधिक कृत्य कर अपना जीवनयापन करते हैं, जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर प्रभावी कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी। कार्यवाही का विवरण- दिनांक 05.05.25 को एसओजी व थाना लहरपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा शारदा डबल नहर पटरी पर महुआताल मोड़ के पास से मोटरसाईकिल से जा रहे संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया, तो उनके द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर करते हुए भागने का प्रयास किया जाने लगा, जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ व गिरफ्तारी के उद्देश्य से की गयी कार्यवाही के दौरान 01 अभियुक्त के बायें पैर में गोली लगी। अभियुक्त का नाम आरिफ पुत्र मोबीन निवासी जेठरा थाना खमरिया जनपद लखीमपुर खीरी ज्ञात हुआ, मौके से कुल 24,200/-रुपये (वांछित मुकदमे से संबंधित), एक अदद मोटर स्पेलेंडर प्लस बिना नंबर प्लेट, एक अदद तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा व 02 खोखा कारतूस एवं एक अदद मोबाइल बरामद हुए है। अभियुक्त को तत्काल इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया है।

# कृषि विभाग द्वारा मृदा परीक्षण, व्यापक स्तर पर अभियान चलाते हुए मृदा नमूने किये गए ग्रहीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## किसानों को रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर संस्तुत मात्रा में ही करना चाहिए

सीतापुर । कृषि विभाग द्वारा मृदा परीक्षण ड्राइव के अंतर्गत दिनांक 05 मई 2025 को व्यापक स्तर पर अभियान चलाते हुए मृदा नमूने ग्रहीत किए गए। इस अवसर पर जनपद में अभियान की निगरानी के लिए प्रदेश स्तर से नामित निदेशक, राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था उत्तर प्रदेश तथा संयुक्त कृषि निदेशक, राष्ट्रीय जलागम द्वारा विकास खण्ड-कसमण्डा की ग्राम पंचायत-बसईडीह में कृषक जगन्नाथ के खेत से अपनी उपस्थिति में मृदा नमूना ग्रहीत कराया गया। नामित अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत में स्थानीय किसानों के साथ चौपाल आयोजित कर कहा कि किसानों को रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर संस्तुत मात्रा में ही करना चाहिए इससे एक तरफ रासायनिक उर्वरकों पर होने वाली लागत में कमी आएगी तथा मृदा के स्वास्थ्य में सुधार आएगा। उनके द्वारा मृदा परीक्षण के लिए किसानों को आगे आने का आह्वान किया गया। उप कृषि निदेशक द्वारा बताया गया कि जनपद की भूमियों में कार्बनिक पदार्थ का स्तर निरन्तर घट रहा है। किसान भाइयों को अपने खेतों का उपजाऊपन बनाए रखने के लिए खेतों में कार्बनिक खादों जैसे गोबर की खाद, कंपोस्ट, वर्मी कंपोस्ट आदि का नियमित रूप से प्रयोग करते हुए फसल अवशेषों को जलाने से बचना होगा। किसानों द्वारा रासायनिक उर्वरकों का संतुलित मात्रा में उपयोग किया जाए, इसके लिए मृदा परीक्षण अभियान चलाया जा रहा। दिनांक 05 मई 2025 को व्यापक स्तर पर अभियान चलाते हुए जनपद की कुल 144 ग्राम पंचायतों से 2000 मृदा नमूने ग्रहीत किए गए है। शेष ग्राम पंचायतों में मृदा नमूना संकलन का कार्य, लक्ष्य पूर्ति तक जारी रहेगा। नमूनों का प्रयोगशाला में परीक्षण उपरांत, खरीफ सत्र की बुवाई से पहले कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित करने का प्रयास किया जाएगा ताकि किसान अपनी भूमि की पोषक तत्व आवश्यकताओं के अनुसार उर्वरक का वैज्ञानिक व संतुलित उपयोग कर सकें।

# कागजों पर बही विकास की गंगा जमीनी स्तर पर मिली हकीकत कुछ और बया करती है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पहला सीतापुर । जहां भारत देश के प्रधानमंत्री आजादी अमृत महोत्सव को मनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं वहीं दूसरी तरफ प्रत्येक ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर तालाब की स्थापना करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का एक सपना था और वही ब्लाक पहला में गिनी चुनी ग्राम पंचायतो में सपने को साकार किया गया। लेकिन एक ब्लाक पहला के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत न्यामतपुर लबरहा का एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है जहां पर अमृत सरोवर तालाब की खुदाई तो करा दी गई।और लाखों रुपए को निकाल कर हड़प कर लिया गया लेकिन जमीनी स्तर पर हकीकत जानने के लिए मीडिया के द्वारा मौके पर जा कर जाँच पड़ताल किया गया तो हकीकत कुछ और बयां कर रही थी जैसे अमृत सरोवर तालाब के बारे में जब ग्रामीणों से जानकारी की गई तो मिश्री लाल, देशराज,विक्रम,राम चन्दर आदि ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि इस तालाब की खुदाई कई वर्षों पहले की जा चुकी है और इस पर ना तो अमृत सरोवर पर प्रवेश द्वार बना हुआ है और ना ही इस पर खंभे खड़े कराए गए हैं और न ही इस पर तार लगाया गया केवल कागजों पर ही सरकारी धन को निकाल कर हड़प लिया गया है सूत्रों के मुतबिक हो सकता है इस अमृत सरोवर तालाब पर मनरेगा के माध्यम से भुगतान कर लिया गया हो और ना ही सरोवर तालाब में पानी भर गया है जिससे पशु पक्षी प्यास के इधर-उधर भटकते है यह अमृत सरोवर छोटे-छोटे बच्चों के खेलने का मैदान बना हुआ है और न ही बैठने के लिए सीट व्यवस्था उपलब्ध है और न ही पेय जल की व्यवस्था उपलब्ध है और ना ही छाया के लिए कोई फल दार वृक्ष लगाए गए हैं अब देखना यह है कि खबर प्रकाशित होने के बाद उच्च अधिकारी सज्ञान लेगे या केवल कागजो पर स्पष्टीकरण देकर लीपा पोती कर देंगे।

# राष्ट्र तभी सशक्त होता है जब राष्ट्र निर्माण का कार्य सतत चलता रहता है: स्वान्त रंजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । सामाजिक समरसता गतिविधि एवं लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह समिति के तत्वावधान में सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज माधवपुरी में पुण्यश्लोका लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के शौर्य, सेवा, शासन की प्रवीणता तथा उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को स्मरण हेतु कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख श्रीमान स्वान्त रंजन जी ने कहा कि राष्ट्र तभी सशक्त होता है जब राष्ट्र निर्माण का कार्य सतत चलता रहता है। राष्ट्र निर्माण में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन सभी के लिए अनुकरणीय है। लोकमाता के कार्यों से संपूर्ण भारत को जोड़ने का एकात्मता का भाव प्रदर्शित होता था। उन्होंने कहा कि विश्व में अनेक देशों की आक्रमणों से संस्कृति समाप्त हो गई किंतु भारत में संत महापुरुषों के त्याग के कारण संस्कृति अक्षुण्ण बनी रही। लोकमाता एक महान शासक के साथ-साथ समाज को साथ लेकर चलने वाली महिला थी उनके जीवन में सामाजिक समरसता स्पष्ट रूप से दिखती थी। उन्होंने मुगलों के आक्रमण के बाद भारत के सभी ज्योतिर्लिंगों का पुनर्निर्माण करा कर सनातन संस्कृति को अक्षुण्ण बनाया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गंगा की निर्मलता व पवित्रता अविरल प्रवाह के कारण है उसी प्रकार पुरानी पीढ़ी के ज्ञान एवं अनुभव का अविरल प्रवाह नई पीढ़ी को संस्कारित करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसी भावना के साथ राष्ट्रीय एवं समाज के कार्य को निरंतर कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय कुटुंब व्यवस्था सर्वोत्तम है यहां व्यक्ति स्वयं के परिवार के अलावा अपने आस पड़ोस रहने वाले लोगों के भी चिंता करता है। हमें पश्चिमी संस्कृति के अंधानुकरण से बचना चाहिए। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि हमें पानी को बचाना चाहिए और पर्यावरण को सुधारने के लिए वृक्षों को अधिक से अधिक संख्या में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें समस्या नहीं समाधान की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुंभ मेले में पर्यावरण संरक्षण हेतु 14 लाख कपड़े का झोले व स्टील की थाली एवं गिलास का प्रबंध समाज द्वारा किया गया। जिससे कुंभ मेले में प्लास्टिक जनित कचरे में भारी कमी आई। उन्होंने महाराजा सुहेलदेव का स्मरण करते हुए कहा कि महाराजा सुहेलदेव ने संपूर्ण हिंदू समाज की रक्षा के लिए संघर्ष किया। सामाजिक समरसता गतिविधि के प्रान्त प्रमुख राज किशोर ने पुण्यश्लोका लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता बावन मंदिर अयोध्या के महंत एवं लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रि-शताब्दी समारोह समिति अवध प्रांत के अध्यक्ष महंत वैदेही वल्लभ शरण महाराज ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर राजरानी के साथ-साथ राज योगिनी भी थी। उन्होंने समाज के गरीबों की मदद की। द्वादश ज्योतिर्लिंगों का जीणोद्धार करा कर उन्होंने सनातन संस्कृति की रक्षा की ।कार्यक्रम को महामंडलेश्वर रवि गिरी जी महाराज, हनुमत धाम नगरौर पीठाधीश्वर स्वामी विष्णु देवाचार्य जी महाराज, प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक राजकिशोर जी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में सुश्री रंजीता वाल्मीकि एडवोकेट, प्रांत संपर्क प्रमुख श्री गंगा सिंह, वरिष्ठ प्रचारक महिरजध्वज जी ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग संघचालक कृष्णानंद, विभाग कार्यवाह अंबिका प्रसाद, विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार , जिला संघचालक वसुदेव ,जिला कार्यवाह भूपेंद्र,सह जिला कार्यवाह अंकुश ,जिला प्रचारक अजय , विभाग सामाजिक समरसता संयोजक श्रवण द्विवेदी, डॉ एसपी सिंह, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख रजनीश ,सह जिला सामाजिक समरसता संयोजक अखिलेश, आदित्य जैन, श्वेता जैन, सचिन श्रीवास्तव विभाग प्रचार प्रमुख अतुल,जिला प्रचार प्रमुख विपिन आदि उपस्थित रहे।

# महमूदाबाद में भव्य कलश शोभा यात्रा का आयोजन, 2100 महिलाओं ने लिया भाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महमूदाबाद (सीतापुर) । सोमवार को नगर में एक अद्वितीय, अविस्मरणीय और ऐतिहासिक पल देखने को मिला जब पीत वस्त्रधारी 2100 महिलाओं की भव्य कलश शोभा यात्रा श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर, रामकुंड चौराहा से प्रारंभ हुई। आस्था, श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस यात्रा ने नगरवासियों के मन को भक्तिरस से भर दिया। ''जय संकटा मइया'', ''जय श्रीराम'' और ''जय भोलेनाथ'' के जयघोषों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

कलश यात्रा रामकुंड चौराहा, बजाजा चौराहा, चिकमंडी, तहसील और स्टेट बैंक होते हुए मां संकटा देवी धाम पहुंची, जहां सभी श्रद्धालु महिलाओं ने अपने-अपने कलश पूजन स्थल पर स्थापित किए। कलश यात्रा का शुभारंभ मुख्य यजमान गौरव सोनी, शिवम सोनी एवं रेनू सोनी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस आयोजन में मुंडा गोपाल आश्रम के महंत सत्यानंद जी, विधायक आशा मौर्या, कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्त सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। नगर के विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा द्वारा स्वागत कर कलश यात्रा को भव्यता प्रदान की गई।

मंदिर समिति अध्यक्ष रमेश वाजपेयी सहित पं. सुरेंद्र शास्त्री, पं. सरस चंद्र मिश्र, संतोष सिंह, आरजे वर्मा, अनुज कुमार जैन, अशेष ईशान, कृतार्थ मिश्र, वागीश दिनकर सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा।

महाकाल मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ

मां संकटा देवी धाम में स्थित नवनिर्मित महाकाल मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरुआत भी सोमवार को वैदिक विधि-विधान से हुई। यज्ञाचार्य पं. अखिलेश चंद्र शास्त्री के नेतृत्व में गौरी-गणेश पूजन, वरुण कलश स्थापना, नवग्रह पूजन, षोडश मातृका एवं वेदी पूजन संपन्न कराया गया।

# विदाई कार्यक्रम में मालार्पण कर सम्मानित किए गये कई लोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। महमूदाबाद के सभागार राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई महमूदाबाद द्वारा महमूदाबाद में 5 वर्ष तक कुशलतापूर्वक ,निष्ठापूर्ण ढंग से के रूप में उत्कृष्ट कार्य कर चुके पूर्व इटघ्प का सम्मान / विदाई कार्यक्रम में पीयूष वर्मा ,दिनेश वर्मा ,सिराज अहमद मालार्पण कर सम्मानित किया गया ,नवागत इटघ्प का स्वागत के क्रम में राहुल राय ,राहुल बाल्मीकि,नरेंद्र जी का मालार्पण कर स्वागत किया गया म्कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र की विधायक आशा मौर्य , विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी पहला और खंड शिक्षा अधिकारी रामपुर मथुरा उपस्थित रहें,कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी महमूदाबाद द्वारा की गई कार्यकम की रूपरेखा ब्लॉक अध्यक्ष संदीप वर्मा और महामंत्री पुनीत शर्मा द्वारा तैयार की गई कार्यक्रम का संचालन त्रशकील अहमदत्र जी के द्वारा किया गया क्षेत्र की विधायक द्वारा शिक्षकों की तमाम समस्याओं के निराकरण का त्वरित आश्वाशन दिया गया विधायक निधि से 5 विद्यालय के बच्चों के स्वच्छ शीतल पेय जल हेतु वाटर कूलर दिए गए हैं और इसी क्रम में 10 अन्य विद्यालयों को स्वच्छ शीतल पेय जल हेतु वाटर कूलर प्रदान करने हेतु आश्वासन दिया गया म आज विधायक महोदया के द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई महमूदाबाद के नवीन जिम्मेदारी के क्रम में पीयूष वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष,अनंत श्रीवास्तव को संगठन मंत्री ,इंद्रजीत को कोषाध्यक्ष,अतुल को ब्लॉक मंत्री,अजय शर्मा को ब्लॉक मंत्री का नवीन जिम्मेदारी के निर्वाहन हेतु शुभकामनाओं सहित मनोनयन पत्र दिया गया । इस अवसर पर अन्य शिक्षक पदाधिकारी रंजना मिश्र,सुप्रिया सिंह ,अवन्तिका गुप्ता, जितेंद्र सिंह,विजय सोनकर,शशिकान्त भारती, रेनू सिंह, ममता वर्मा, अमित दीक्षित, आफरोज आलम, राधेरमण सिंह, सतीश सोनी,सन्तशरण,किस्मत द्विवेदी,सादिक हुसैन आदि सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नासिरगंज उच्च प्राथमिक विद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

## डीएम ने दिया विद्यालय के समस्त स्टाफ को प्रशंसा पत्र

एजेंसी



बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय(कक्षा1-8) नासिरगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों मुलाकात कर जानकारी ली और प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान विद्यालय के संचालन के बारे में जानकारी लेते हुए पठन-पाठन के बारे में उपस्थित अभिभावकों से पूछ-ताछ भी किया। अभिभावकों एवं ग्राम प्रधान द्वारा विद्यालय के पठन-पाठन से संतुष्ट होकर प्रसन्नता व्यक्त की। जिलाधिकारी ने विद्यालय की साफ-सफाई ,स्मार्ट क्लास, नवोदय विद्यालय में छात्रों के चयन एवं विद्यालय के शिक्षकों के शिक्षण गुणवत्ता को देखते हुए प्रसन्नता व्यक्त की और विद्यालय के समस्त स्टाफ को प्रशंसा पत्र देने के भी निर्देश दिये। इस दौरान खण्ड शिक्षाधिकारी अरविन्द बहादुर सिंह, प्रधानाध्यापक संतोष कुमार, सहायक अध्यापक सुनीता बिष्ट, क्षमा यादव, अपर्णा सिंह, शिक्षा मित्र प्रेम प्रकाश एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहे। डीएम मोनिका रानी ने यहां भारी संख्या में मौजूद कटान पीड़ितों एवं पात्र ग्रामीणों से प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना व फसल के नुकसान पर दी जाने वाली सहायता राशि के बारे में पूंछतांछ की तो ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें सहायता राशि मुहैया करायी गयी है। डीएम ने ग्रामीणों से स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं के बारे में जानकारी ली तो ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के लिए मुस्तफाबाद जाना पड़ता, जिसकी दूरी 2 किमी है इस पर डीएम ने एमओआईसी को निर्देशित किया कि यहां मेडिकल कैम्प लगाकर कटान पीड़ितों एवं ग्रामीणों को बीपी, शुगर, हाईपरटेंशन इत्यादि की जांच कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जाये। डीएम ने कटान पीड़ितों एवं वृद्धजनों को समय से पेंशन एवं राशन मुहैया कराये जाने के भी निर्देश दिये। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी पात्र व्यक्तियों को पीएम सूर्य घर योजना, पेंशन योजना, अन्त्योदय कार्ड आदि योजनाओं से आच्छादित किया जाय।

# प्रधान पर घोटाले का आरोप, ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। जिले के खड्डा ब्लॉक अंतर्गत भैंसहवा ग्रामसभा में ग्राम प्रधान मोहन भारती पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी कुशीनगर को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें प्रधान द्वारा किए गए करोड़ों रुपये के कथित घोटाले की उच्चस्तरीय जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट, पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के नाम पर शासन से करोड़ों रुपये अवमुक्त कराए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर इनमें से अधिकांश कार्य अधूरे हैं या शुरू ही नहीं हुए। ग्रामीणों का आरोप है कि कागजों पर योजनाएं पूरी दिखाकर धनराशि की बंदरबांट की गई। गांव में बने शौचालय कुछ ही महीनों में ध्वस्त हो गए, हैंडपंप खराब पड़े हैं और सड़कें आज भी गड्ढों से भरी हुई हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में भी अवैध वसूली की जा रही है। लाभार्थियों से किस्त जारी कराने के लिए कमीशन मांगा जा रहा है। इतना ही नहीं, गांव में हैंडपंपों के नाम पर भी लाखों रुपये आए, लेकिन धरातल पर नतीजा शून्य है– आज ग्रामसभा में एक भी हैंडपंप सही से कार्य नहीं कर रहा।

स्थानीय लोगों की शिकायत पर खड्डा ब्लॉक के बीडीओ द्वारा जांच शुरू की गई थी। जांच के बाद कुछ जगहों पर आनन-फानन में कार्य शुरू भी कराया गया, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि यह सब सिर्फ दिखावे के लिए है। असली दोषियों पर अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सैकड़ों की संख्या में आमरण अनशन पर बैठेंगे। इसके लिए पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## आयोजित हुआ मजदूर संवाद कार्यक्रम

कुशीनगर। एक्शन एड एसोसिएशन द्वारा संचालित श्रमिक सुविधा केंद्र कुशीनगर के सहयोग से ब्लॉक सभागार पडरौना में राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, समान एवं न्यूनतम मजदूरी और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से बचाव पर मजदूर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रामवृक्ष गिरि समन्वयक श्रमिक सुविधा केंद्र एक्शन एड ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी अपर जिला जज/सचिव डालसा कुशीनगर ने कहा कि मजदूरों का अधिकार सुरक्षित करना आवश्यक परन्तु एक वर्ष तक मजदूरों और उनके परिवारों का स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने का कार्य किया जाएगा।

किसी भी मजदूर को कोई भी समस्या है तो समाधान के लिए डालसा निरंतर प्रयासरत है।

विशिष्ट अतिथि सुश्री अलंकृता उपाध्याय श्रम प्रवर्तन अधिकारी कुशीनगर ने कहा कि निर्माण मजदूरों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जिसके लिए श्रम पंजीयन आवश्यक है और जिसके पंजीयन हुआ है उनका रिन्यूअल आवश्यक है।

# गन्ने की उन्नत खेती के लिए चल रहा विशेष प्रशिक्षण अभियान: करन सिंह

### पेड़ी गन्ना प्रबन्धन, कीट नियंत्रण, गन्ना सर्वेक्षण विषय हैं मुख्य

### मिल के गेट क्षेत्र में 25 लाख गन्ने का पौधा रोपाई कराया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। अवध चीनी मिल ढाढा, हाटा परिक्षेत्र में कृषको को पेड़ी गन्ने का वैज्ञानिक प्रबंध, संतुलित उर्वरको का प्रयोग गन्ने में लगने वाले कीट, तथा उसके रोकथाम के उपाय, गन्ना फसल सर्वेक्षण, कृषि गन्ना नवीनतम यंत्रो आदि विषयो पर कृषको को जानकारी देने के लिए विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा रहा है। यह जानकारी चीनी. मिल के अधिशासी अध्यक्ष श्री करन सिंह जी ने दी। श्री सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में इन गांवो में गन्ना विकास गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। लक्ष्मीपुर बैजू टोला -हेतिमपुर, मैनपुर, वेलवा बुजुर्ग जगदीशपुर पिपरैचा, भड़?गवा, पटटन, रसौली, पिन्डरा घूरदास गोपालपुर, महुअवा, बजराटार में गन्ना सगोष्ठी प्रस्तावित है। इसी क्रम में वेलवा बुजुर्ग, जगदीशपुर में आयोजित गोष्ठी में उ0 प्र0 गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराईच, गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि बावग गन्ना में कल्ले निकलते समय सिचाई के वाद 50 किग्रा. यूरिया प्रति एकड़ अवश्य प्रयोग करें।

कृषक घास- खरपतवार नियंत्रण के लिए रक्षक खरपतवारनाशक मात्रा 115 मिली, व एट्राजीन 500 ग्राम दोनों को 150 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करे। वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक देवेश गिल ने बताया कि गेट में 25 लाख गन्ने का पौधा तैयार करा कर मशीन से रोपाई कराया गया है। पेड़ी गन्ने में खाली स्थानों पर रोपाई कराया गया है। सहायक गन्ना प्रबंधक राजेश मौर्या ने गन्ना सर्वेक्षण के बारे में बताया कि सभी किसान भाईयों से अनुरोध किया कि गन्ना सर्वेक्षण के समय अपने गन्ना खेतों में अवश्य मौजूद रहे। गन्ना सुपरवाईजर राम भरोसे, रमाकान्त ने गन्ना फसल में पीहका (अग्र तना छेदक) कीट तथा चोटीवेधक ( मथमुडिया) कीट से प्रभावित पौधा को दिखाया। किसान जयनारायण सिंह, रामसरन, रामविनोद, उमेश, रामनिवास, रामसमुझ, ग्राम प्रधान बेलवा खुर्द श्री राम कुबर सिंह ने आटोमैटिक केन प्लान्टर मशीन से वोया गन्ना दिखाया गया।

## हाथों में तख्ती लेकर कोतवाली पहुंचे दर्जन भर हिस्ट्रीशीटर, अपराधना न करने की ली शपथ

**आजमगढ़, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के जीयनपुर कोतवाली के प्रभारी जितेन्द्र बहादुर सिंह ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आम जनमानस में एक अच्छा संदेश पहुंचाने के लिए अनूठी पेशकश की। स्वविवेक के आधार पर कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र बहादुर सिंह ने कोतवाली क्षेत्र के समस्त हिस्ट्रीशीटरों को कोतवाली पर बुलवाया। रविवार की देर शाम दर्जनों की संख्या में हिस्ट्रीशीटर हाथ में तख्ती लिये कोतवाली पहुंचे, जिस पर लिखा था अब मैं कोई अपराध नहीं करूंगा और कोई करेगा तो मैं स्वयं ही बताऊंगा। इस दौरान जीयनपुर कोतवाल जितेंद्र बहादुर सिंह ने हिस्ट्रीशीटरों को भविष्य में किसी भी प्रकार के अपराध नहीं करने की चेतावनी देते हुए शपथ दिलाई गई की वे भविष्य में कोई अपराध नहीं करेंगे और अगर कोई अपराध कहीं होता है तो त्वरित रूप से सूचना पुलिस को उपलब्ध कराएंगे। इस दौरान जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के लाटघाट चौकी इंचार्ज जाफर खान, अजमतगढ़ चौकी इंचार्ज अजय सिंह यादव, एसआई अमित वर्मा, नीलमणि धनंजय सिंह सहित क्षेत्र के दर्जनों की संख्या में हिस्ट्रीशीटर मौजूद रहे।

## दूसरे के स्थान पर डीएलएड की परीक्षा देने वाली अभियुक्ता सहित 02 गिरफ्तार

**आजमगढ़, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के राजकीय इंटर कॉलेज जमुड़ी के प्रधानाचार्य अंगद मौर्य पुत्र लालचन्द मौर्य निवासी ग्राम कुड़हनी थाना घोसी जनपद मऊ द्वारा सूचना दी गयी कि विद्यालय मे डीएलएड के परीक्षा के दौरान सचलदस्ता के प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह सहजिला विद्यालय निरीक्षक आजमगढ द्वारा अपनी टीम के साथ निरीक्षण के दौरान छद्म परीक्षार्थी के रूप मे रितू चौहान पुत्री मनमोहन चौहान निवासी कोकिलपार थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ को पकड़ा गया जो किरन चौहान पुत्र जयराम चौहान निवासी सिरही सुरहिया थाना रौनापार आजमगढ के स्थान पर परीक्षा दे रही थी। उक्त के सम्बन्ध मे प्रधानाचार्य राजकिय इ0का0 जमुड़ी द्वारा मुबारकपुर पर मु0अ0सं0 151/2025 धारा 319(2)/318(4) बीएनएस व 13(2) उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा अधि0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल द्वारा प्रचलित है। उ0नि0 प्रमोद कुमार यादव मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्ता रितू चौहान पुत्री मनमोहन चौहान निवासी कोकिलपार थाना जीयनपुर, किरन चौहान पुत्र जयराम चौहान निवासी सिरही सुरहिया थाना रौनापार आजमगढ को सठियांव चौराहे के पास से हिरासत में लिया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## साइबर फ्राड के 47,000 रूपया पड़ित को कराया वापस

**आजमगढ़, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के रहने वाले राधेश्याम सिंह पुत्र शिवप्रसाद सिंह ग्राम ककरही थाना कप्तानगंज निवासी ने थाने पर जाकर सूचना दी की एसबीआई क्रेडिट कार्ड से किसी अज्ञात साइबर अपराधी द्वारा काल कर लिंक भेजकर आवेदक के क्रेडिट कार्ड से 48293 रूपये एमेजन पे के माध्यम से ट्रानस्फर करा लिया गया था । जिसके सम्बन्ध में पीड़ित ने थाना कप्तानगंज पर साइबर हेल्प डेस्क में शिकायत दर्ज करायी थाने के साइबर हेल्प डेस्क द्वारा साइबर हेल्पलाइन नं0 पर शिकायत पंजीकृत करायी गयी जिसका इदझ गध. 23102250 है साइबर हेल्प डेस्क कप्तानंगज द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से आवेदक का 47000 रू0 होल्ड करा दिया गया था । आवेदक का फ्राड हुआ पुरा 47000 रूपये वापस करा दिया गया है । साइबर अपराध के रोकथाम के दृष्टिगत थानाध्यक्ष विवेक कुमार पाण्डेय के निर्देशन में थाना कप्तानगंज के साइबर हेल्प डेस्क पर नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड बी अखित श्रीवास्तव व महिला आरक्षी अंशिका श्रीवास्तव द्वारा आवेदक राधेश्याम सिंह पुत्र शिवप्रसाद सिंह के प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुए एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से क्रेडिट कार्ड से स्थानान्तरित हुए रूपयो की जाँच करते हुए तत्काल एटक्ककम्पनी को मेल कर उक्त आवेदक के क्रेडिट कार्ड से स्थानान्तरित हुए 48293 रूपयो में से 47000 रूपयो को होल्ड करा कर वापस आवेदक के क्रेडिट कार्ड में जमा कर दिया गया। आवेदक द्वारा अपने रूपये पाकर पुलिस को धन्यवाद व्यक्त किया ।

## ट्रेन दुर्घटना में एक युवक की मौत घर में मचा कोहराम

**पड़रौना, कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के नौरंगिया गाँव निवासी एक युवक की बाराबंकी में ट्रेन दुर्घटना में मौत हो गई है।दुर्घटना की खबर पाकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। थानाक्षेत्र के नौरंगिया खास टोला निवासी पंकज उर्फ़ पप्पू तिवारी का दूसरे नम्बर का पुत्र अपूर्व ऊर्फ सम्मी तिवारी गोरखपुर रहकर निजी वाहन चलाता था।

### संत चंपा मेमोरियल विद्यालय जौराबाजार ने मनाई रजत जयंती

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने मोह लिया मन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। फाजिलनगर के जौराबाजार स्थित संत चंपा मेमोरियल विद्यालय के 25 वर्ष पूरे होने पर मनी रजत जयंती समारोह में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

समारोह का थीम शिक्षा, संस्कार और संस्कृति जिसमें नृत्य, नाटक, वार्तालाप व नाटिकाओं ने दर्शकों मंत्रमुग्ध कर दिया। साक्षरता रैली के माध्यम से छात्रों ने शिक्षा के साथ संस्कार अपनाने का संदेश भी दिया।मुख्यअतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला संघ चालक डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ मानवीय संवेदना का विकास आवश्यक है और यह कार्य विद्यालय स्तर पर ही संभव है। कार्यक्रम की शुरुआत सामाजसेवी पूर्व ग्राम प्रधान मनीष तिवारी, ग्राम प्रधान बबलू राय व बद्रीनाथ उपाध्याय द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई।

विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य अशोक कुमार, समाजसेवी विनय तिवारी, ब्रजेश पांडेय, शिक्षक अंशुमान चतुर्वेदी ,कवि व शिक्षक कन्हैयालाल सरस, लोककवि बनारसी दास खरवार आदि ने विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की।

विद्यालय के गौरवशाली पूर्व छात्र अंबेश मिश्रा (पुलिस विभाग) और अभिषेक मिश्रा (रक्षा मंत्रालय) को सम्मानित किया। साथ ही शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को कप व मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात मनोज मिश्रा, गृह विभाग में प्रमोद मिश्रा, मुरलीधर मिश्र, अजीत मिश्र, अरविंद मिश्र,आलोक चंद्र उपाध्याय, आनंद मोहन चतुर्वेदी, ग्राम प्रधान शंभू प्रसाद बरनवाल, देवानंद गिरी, रवि शंकर मिश्रा, राजकुमार राव, प्रेमलता श्रीवास्तव, बिट्टन श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, मानसी सिंह, मनीषा सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, बिहारी पांडेय,सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षा के टॉपर हुए सम्मानित, खिले चेहरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। माता धुपा इंटरमीडिएट कालेज सपहा में इंटर और हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के टॉपरों को आयोजित सम्मान समारोह में मेडल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सोमवार को आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रबंधक श्री नारायण सिंह कुशवाहा ने परीक्षा में सफल छात्र - छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चों ने अपनी लगन और मेहनत से बोर्ड परीक्षा में सफल हो विद्यालय परिवार और अपने क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। बच्चों को नैतिक, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण पर दिया जाय जोर

जेडीयू जिला महासचिव अमरजीत पटेल ने कहा कि आप पूरी मेहनत के साथ पढ़ाई करें तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होगा। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के जिलाध्यक्ष हृदया नन्द शर्मा और अतिथियों ने इंटर के टापर बबली जायसवाल, आदित्य तिवारी, अलिना खातून, टीपू अली, टुन्नु शर्मा, नंदनी कुशवाहा, अंश कुशवाहा, नूर सबा खातून, सोनम यादव, नंदनी कुशवाहा और हाईस्कूल की अंशिका गुप्ता, रुबीना खातून, मधु खरवार, अंजली यादव, सानिया खातून, पायल गुप्ता, अनुराधा गोंड, आंचल कुशवाहा, खुशी वर्मा, अंकुश कुशवाहा और अन्य बच्चों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य अभय सिंह ने सभी का स्वागत और आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व सम्मान कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। इस दौरान विद्या सिंह, शिक्षक रमेश प्रसाद, अरुण प्रकाश वर्मा, सुरेश प्रसाद, प्रभुनाथ यादव, धर्मेंद्र वर्मा, रवि शंकर चौधरी, रविन्द्र वर्मा, गोरख यादव, मंगल यादव, श्रीराम कुशवाहा, राजीव कुमार सहित शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षा के सफल छात्र - छात्राओं को बधाई दी।

# प्रार्थी की भूमि पर अवैध कब्जा, तत्काल न्याय की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। प्रार्थी व उसके भाई फरीद अहमद ने एक किता प्लाट टाउन एरिया महराजगंज, परगना सेमरौता, तहसील महराजगंज, जिला रायबरेली को प्लाट के स्वामी वासुदेव सिंह चौहान पुत्र सुन्दर सिंह चौहान निवासी ग्राम सिकन्दरपुर परगना सेमरौता, तहसील महराजगंज, जिला रायबरेली से जरिए पंजीकृत बैनामा कय किया था जो बही संख्या 1 जिल्द संख्या-76 पृष्ठ 321 से 332 कमांक 553 पर सबरजिस्ट्रार महराजगंज जिला रायबरेली मे 1999 मे दर्ज है उक्त प्लाट पर कय किये जाने के समय से प्रार्थी आदि का शान्तिपूर्ण कब्जा व दखल चला आ रहा था उक्त प्लाट समय के अनुसार कीमती हो गयी है जिस कारण उस पर कुछ अराजकतत्वो एवं भू-माफियो की नजर काफी समय से थी और उसी के अनुक्रम में विपक्षी अश्वनी सिंह, आशुतोष पुत्रगण विजयपाल सिंह, सुशील सिंह, लाखन सिंह, महेश सिंह पुत्रगण स्व0 राम सुमेर सिंह, प्रेमा सिंह पत्नी राम सुमेर सिंह बिना किसी स्वत्त्व व अधिकार के प्रार्थी आदि के उक्त प्लाट पर जबरन जे0सी0बी0 मशीन लगाकर कब्जा करने का प्रयास कर रहे है और कहते हैं कि प्रशासन और पुलिस हमारी जेब मे है और हम कब्जा करके दिखायेगें। प्रार्थी ने पुलिस व प्रशासन से काफी मदद की गुहार की लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर प्रार्थी ने न्यायालय की शरण लेते हुए एक स्थायी निषेधाज्ञा का वाद फरीद अहमद आदि बनाम आशुतोष सिंह आदि उपरोक्त लोगो के विरूद्ध न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू0डि0 रायबरेली के समक्ष प्रस्तुत किया जिसमे विपक्षीगण की ओर से पहले से कैबिएट दाखिल है ऐसे में विपक्षीगण को उपरोक्त वाद की जानकारी को गयी परन्तु इन सबके बावजूद को कानून एवं पुलिस प्रशासन एवं न्यायिक प्रक्रिया को धता बताते हुए विपक्षीगण फिर से उक्त प्लाट पर जेसीबी मशीन लगाकर अवैध कब्जा करने का प्रयास करने लगे जिस पर प्रार्थी के भाई फरीद अहमद ने अपने पुत्र के माध्यम से कमिश्नर महोदय लखनऊ, आई0जी0 महोदय लखनऊ, श्रीमानजी को, एवं जिलाधिकारी महोदय रायबरेली को मोबाइल के माध्यम से प्रार्थना पत्र आदि देकर न्याय की गुहार लगायी परन्तु इन सबके बावजूद विपक्षीगण के विरूद्ध कोई भी कानूनी कार्यवाही नही की गयी है और न ही अब तक अवैध कब्जे को प्रशासन द्वारा रूकवाये जाने का प्रयास ही किया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि अराजक और भूमाफिया लोगो के सामने प्रशासन असहाय हो चुका है और न्यायालय में मुकदमा दायर होने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। प्रार्थना है कि मामले का संज्ञान लेकर तत्काल अवैध कब्जा रूकवाये जाने एवं माननीय न्यायालय के समक्ष लम्बित वाद के प्रति सम्मान बनाये रखने हेतु उचित आदेश पारित करने की कृपा करे।

# सिविल सेवा में सफल होकर पहली बार गांव पहुंचे पवन का भव्य स्वागत

### ढोल–नगाड़ों के बीच ग्रामीणों ने किया भावभीना अभिनंदन

### फूलों की वर्षा और भावुक लम्हों से महका पूरा गांव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में 334वीं रैंक हासिल करने वाले पवन कुमार पांडेय जब पहली बार सफलता का परचम लहराकर सोमवार को अपने पैतृक गांव सिकटा पहुंचे, तो पूरे गांव में उल्लास की लहर दौड़ गई। जैसे ही पवन ने गांव में कदम रखा, ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच फूलों की बारिश कर उनका आत्मीय स्वागत किया। हर गली, हर चौक खुशी और गर्व के रंग में रंगा नजर आया।

परिवार के सदस्यों और सगे-संबंधियों ने पवन को फूल-मालाओं से लाद दिया। बुके भेंटकर बधाइयों की झड़ी लगा दी। इस गौरवपूर्ण पल में पिता रघुवीर पांडेय और माता किरन देवी की आंखों से गर्व और भावुकता के आंसू झलक पड़े। बाबा सत्यनारायण पांडेय, बच्चा पांडेय, चाचा पत्रकार धनेश्वर पांडेय, रामेश्वर पांडेय ने आशीर्वचनों से पवन का मनोबल और ऊंचा किया। गांव के प्रधान कन्हैया सिंह, सत्यदेव पांडेय, लल्लन गुप्ता, रमाकांत तिवारी, चंद्रदेव तिवारी, राकेश श्रीवास्तव, प्रद्युम्न दुबे, विजय सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, महेंद्र सिंह, दिनेश तिवारी, अली हसन, छेदी गोंड, मैनेजर समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने पवन को फूलों से नहलाते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पवन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे कुशीनगर जिले को गौरवान्वित कर दिया है। संघर्ष, तपस्या और अटूट समर्पण की मिसाल बन चुके पवन आज जिले के युवाओं के लिए उम्मीदों की एक नयी किरण बनकर चमक रहे हैं।

# नगर विकास मंत्री को सभासदों ने सौंपा 9 सूत्रीय मांगपत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। उत्तर प्रदेश सभासद एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल नौ सूत्री मांगों को लेकर जिला योजना समिति सदस्य व सभासद मोहम्मद अफजल के नेतृत्व में नगर विकास व ऊर्जा मंत्री श्री अरविंद कुमार शर्मा जी को नरौली तिराहा पर स्वागत व अभिनंदन करते हुए उन्हें मांग पत्र सौंपा। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद अफजल ने कहा कि नगरीय व्यवस्था को सुधारने के लिए सभासदो के अधिकारों में इजाफा करना होगा, तभी व अपने अधिकारों का इस्तेमाल करके घर-घर विकास पहुंचा सकेंगे। इसके लिए प्रदेश के सभासदों को वार्षिक विकास निधि पैतीस लाख रूपये निर्धारित की जाये, प्रदेश के सभासदों को प्रतिमाह पन्द्रह हजार रूपया मानदेय दिया जाये, प्रदेश के निकायों में मेयर व चेयर मैन के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लागू किया जाये।प्रदेश के नगर निकाय में डिप्टी मेयर उपाध्यक्ष, वाईस चेयर मैन का पद बहाल किया जाये, प्रदेश के सभासद के आकस्मिक के निधन पर उसके परिवार के आश्रित हो पचास लाख रूपये का तत्काल अहेतु आर्थिक सहायता शासन द्वारा प्रदान किया जाये। नरौली वार्ड के सभासद सन्तोष चौहान ने कहा सभासदों को जनता के कार्य से अपने जिला मुख्यालय में आने और जाने हेतु रोडवेज व रेल का निःशुल्क पास पूरे 5 वर्ष तक दिया जाए, प्रदेश के सभासदों को अपने निकाय के सहायक अभियंता को विकास कार्य हेतु आगणन (स्टीमेट) बनाने हेतु सीधा आदेश देने का अधिकार प्राप्त होना चाहिए, आउट सोर्सिंग कर्मचारी के चयन में निकाय के अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी के साथ सभासदों को भी शामिल किया जाये, एक लाख रूपए तक का विकास कार्य हेतु सभासदों को स्वतंत्र अधिकार मिले जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष का कोई हस्तक्षेप न रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ सभासद विजय यादव, महताब कुरैशी, मिथुन निषाद, विशाल श्रीवास्तव, शेखर चौधरी, अनूप श्रीवास्तव, बिलरियागंज सभासद दीपेंद्र यादव, राम मिलन यादव, दुर्गेश यादव, अभिषेक राय बंटी मनमोहन राय सन्तोष श्रीवास्तव मोनू विश्वकर्मा लड्डू मिश्रा रजनीश राय आदि सभासद मौजूद रहे।

## दहेज हत्या में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

आजमगढ़। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने के क्रम में आज आजमगढ़ पुलिस द्वारा निम्न कार्यवाही की गयी है। आपको बता दे की वादी विपिन गौड पुत्र स्व0 रामसमुझ गौड नि0ग्राम निकासीपुर थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ के प्रार्थना पत्र पर दिनांक 04.05.2025 को ससुराली जन द्वारा दहेज की मांग से परेशान होकर वादी की लडकी नेहा उम्र करीब 26 वर्ष ससुराल मे पंखे से फन्दा लगाकर आत्म हत्या कर लेने जिससे उसकी मृत्यु हो जाने के संबंध मे मु0अ0सं0 149/2025 धारा 85/80(2) बीएनएस 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना क्षेत्राधिकारी भूपेष कुमार पाण्डेय द्वारा संपादित किया जा रहा है। प्र0नि0 विमल प्रकाश राय मय हमराह द्वारा बहादुरपुर मोड़ ,गोसाईगंज के पास से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त मिठाईलाल गौड़ पुत्र नकछेद गौड़, चन्द्रकला पत्नी मिठाईलाल गौड़ निवासीगण बरसेरवा थाना देवगांव से गिरफ्तार किया गया।

# नौकरी व धन का लालच देकर धर्मान्तरण कराने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जिले के रुद्रमनपुर गांव में एक घर पर सत्संग के माध्यम से धर्म परिवर्तन कराने हेतु गाँव के 15 से 20 व्यक्ति जिसमे महिला व पुरुष को इकट्ठा कर नौकरी व धन आदि का लालच देकर विशेष धर्म के अराध्य को अपमानित करते हुए धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रेरित करना , वादी व वादी के पुत्र अशोक यादव द्वारा विरोध करने पर जानमाल की धमकी देते हुए पैसे का प्रलोभन देते हुए धर्म परिवर्तन करने को कहने के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 096/2025 धारा /5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरूध्द धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 व 351(3) भा0न्या0सं0 2023 बनाम 1.संतोष प्रजापति पुत्र फिरतू 2. अरविन्द पुत्र फिरतू निवासीगण ग्राम रुद्रमनपुर थाना तहबरपुर आजमगढ़ 3.पप्पू पासवान पुत्र स्व0 सुग्रीव ग्राम करखिया रूस्तम सराय थाना रौनापार आजमगढ़ 4. कमलेश पुत्र जिताराम ग्राम रामपुर अबुसईद थाना निजामाबाद आजमगढ़ के पंजीकृत होकर विवेचना व0उ0नि0 संजय कुमार सिंह विवेचना को सुपुर्द की गयी। उ0नि0 संजय कुमार सिंह मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वादी मुकदमा के निशान देही पर देखा कि सन्तोष प्रजापति के घर में सत्संग चल रहा है जहां कुछ महिलाएं व पुरूष 15-20 की संख्या में मौजूद थी जिसमें चार व्यक्ति घर में एक तरफ होकर सभी अपने हाथ में धर्म से सम्बन्धित व कागज की पर्ची व रजिस्टर लेकर मौजूद थे, जिनसे इनका नाम पता पूछा गया तो अपना नांम 1.सन्तोष प्रजापति पुत्र फिरतू, 2. अरविन्द पुत्र फिरतू निवासी गण ग्राम रूद्रमनपुर थाना तहबरपुर जनपद आजमगढ़ 3. पप्पू पासवान पुत्र सुग्रीव निवासी ग्राम करखिया रूस्तम पुर सराय थाना रौनापार जनपद आजमगढ़ 4. कमलेश पुत्र जिताराम निवासी ग्राम रामपुर अबुसईद थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ को हिरासत पुलिस में लिया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से धर्म सम्बन्धित कागज की पर्ची व पुस्तक बरामद किये गये। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया।

# गोण्डा में बे रोक-टोक जारी है धर्म का धंधा, शैतानी साया बताकर जंजीर में जकड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । नवाबगंज थाना क्षेत्र के धर्मपुरवा मजरे में स्थित हजरत गुप्ती शहीद बाबा मजार पर शैतानी साया बताकर बीमार लोगों के साथ जानवरों जैसा सरीके सलूक किया जा रहा है।युवती की मौत के दूसरे दिन एक महिला को जंजीर से बांधकर रखा गया है।इस मजाऱ पर दूर-दराज से भी लोग शैता नी साया का इलाज कराने के लिए आ रहे हैं।कई जिलों में नेटवर्क फैला होने की बात बताई जा रही है।नवाबगंज थाना क्षेत्र के कनकपुर गांव निवासी कविता (17) की मौत के बाद दूसरे दिन पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार करती रही है। मगर मीडिया के कैमरे में खतरनाक तस्वीरें कैद हुई है।यहां सिंधु नाम की महिला पर शैतानी साया बताकर न सिर्फ इलाज के दावे किए गए,बल्कि उसे हजरत गुफ्ती शहीद बाबा मजार के खंभे में



शैतानी शाया से छुटकारा दिलाने का दावा कर जं जीर में पशुओं की तरह बांधा गया।महिला की मां शांती देवी ने बताया कि बेटी सिंधु की शादी अयो ध्या में हुई है।उसके दो बच्चे हैं।अब उनकी बेटी पर शैतानी साया का वास है।जिससे ठीक क राने वह यहां पर आई है।मनकापुर झिलाही के सिसवा गांव के रहने वाले एक व्यक्ति अपनी बहू को लेकर म जार पर आए थे।उन्होंने बताया कि उनकी बहू पर शैतानी साया है।जिसे ठीक कराने के लिए वह यहां एक सप्ताह से रूक कर बाबा के दरबार में अर्जी लगा रहे हैं।इसी तरह कस्बे के पिंटू वजीर गंज के कोठा निवासी श्यामसुंदर मजार पर अर्जी लगाने आए थे।इसी तरह से दूर-दराज से लोग बीमारी हालात में शैतानी साया दूर कराने के लिए यहां आ रहे हैं।आसपास के जिलों में फैला है नेटवर्क स्था नीय जानकारों का कहना है कि गुप्ती मजार का आसपास के कई जिलों में नेटवर्क फैला है।बस्ती और अयोध्या के साथ ही देवीपाटन मंडल के जि लों से यहां लोग हर बृहस्पतिवार को पहुंच रहे हैं।उन्हें बीमारी के इलाज के नाम पर शैतानी साया से छुटकारा दिलाने के लिए यहां भेजा जा रहा है।इ सका प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।लोग यहां इला ज के नाम पर चढ़ावा दे रहे हैं।ये किए जा रहे दावे.. कस्बा निवासी हसमत अली ने बताया कि मजार पर बाबा की खिदमत वह दो पीढ़ियों से करते आ रहे हैं।कस्बे के एकलाक अहमद कमेटी के अध्यक्ष हैं।उन्ही के देखरेख में मजार का संचा लन किया जा रहा है।कोरोना के समय से मजार पर भीड़ बढ़ने लगी।उसके बाद कुछ दबंगों ने म जार पर अपना अधिकार जमा लिया।उन्होंने बता या कि मजार कब्रिस्तान और ग्राम समाज की कुछ जमीन पर बना है।पहले भी यहां इलाज के नाम पर हो चुकी है मौत यहां पहले भी बीमार लोगों के इलाज के नाम पर शैतानी साया उतारने के दावे किए जा रहे हैं।स्थानीय लोगों की मानें तो सिर्फ कविता ही नहीं,इससे पहले भी चार लोगों की मौत हो चुकी है।

यहां कैंसर के इलाज तक के दावे किए जा रहे हैं।गरीबी व परेशानी में लोग यहां आ रहे हैं ऐसे की जा रही कमाई... मजार पर अर्जी लगा ने के लिए 20-200 रुपये तक वसूला जाता है। उसके बाबा की मजार पर रखे दानपात्र में अलग से पैसा डाला जाता है।ताबीज बनवाने के भी दस रुपये से हजार रुपये तक लिया जाता है।हर बृहस्प तिवार को मजार पर मेला लगता है इसमें हजारों से अधिक जायरीन पहुंचते हैं। मजार पर कमाई के बढ़ते ही कस्बे के कुछ दबंग लोग सक्रिय हो गए और एक कमेटी बनाकर मजार को अपने कब्जे में लिया। मजार पर होने वाली कमाई को कमेटी वाले मिलकर आपस में बंटवारा करते हैं। थानाध्यक्ष ने पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि कनकपुर निवासी कविता का परिवार मुफलिसी में है। कई दिनों तक इलाज के बाद मजार ले गए। जहां मौत के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित परिवार के पास अंतिम संस्कार तक के पैसे नहीं थे। ऐसे में किसी तरह से मदद कराई गई है। उन्होंने बताया कि जंजीर में बांध-ने का मामला उनकी जानकारी में नहीं है।जांच कर कार्रवाई की जाएगी।पुलिसकर्मियों ने नहीं उठाई जहमत दूसरे दिन भी नवाबगंज थाने की पुलिस ने महज जमीन विवाद के दावे तक घटना को सीमित रखा। किशो री की मौत के बावजूद भी गंभीरता से नहीं लिया। वैज्ञानिक युग में अंधविश्वास समेत क्रूर रवैये पर कोई कार्रवाई नहीं की है।इसके साथ ही जिले का खुफिया तंत्र भी सक्रिय नहीं हो सका है।थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित परिवार की ओर से कोई तह रीर नहीं मिली है।

# बलहा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोपिया में समाजवादी पार्टी का लगा पीडीए चौपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। विधानसभा क्षेत्र 282 बलहा के ग्राम पंचायत गोपिया में पीडीए पंचायत हेतु चौपाल लगाई गई। सोमवार को ग्राम पंचायत गोपिया में समाजवादी शिक्षक सभा बहराइच की ओर से पीडीए पंचायत का चौपाल लगाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रमेश गौतम रहे, वहीं अध्यक्षता समाजवादी शिक्षक सभा बहराइच के जिलाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कुमार मौर्य ने किया। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद जमील कुरैशी ने किया। मुख्य अतिथि रमेश गौतम तथा जिलाध्यक्ष डॉ जितेंद्र मौर्य का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत हुआ तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी विचारधारा से जोड़कर समाज को आगे ले जाने की बात कही, उन्होंने पिछड़े, दलितों अल्पसंख्यकों को अपने मूल अधिकारों का हनन न हो इसके लिए मार्गदर्शन किया। डॉ. जितेंद्र मौर्य ने संबोधित करते हुए कहा पीडीए पंचायत पूरे प्रदेश में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर हो



रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष का संदेश गांव-गांव पहुंचाने के लिए पीडीए पंचायत लगाई जा रही है। जिला सचिव मोहम्मद जमील कुरैशी ने सम्बोधित करते हुए पीडीए विषय पर चर्चा कर कहा जनता की जागरूकता से ही प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होगा तथा कार्यक्रम में शामिल सभी गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया।अंत में सभी को जलपान कराते हुए कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर रमेश गौतम, डॉ. जितेंद्र कुमार मौर्य, मोहम्मद जमील कुरैशी, प्रदीप कुमार गौतम,अब्दुल वलीम कुरैशी, दिनेश रावत, गुड्डू राजपूत, बाबू मनिहार, तबरेज आलम,विनोद रावत,दीनानाथ रावत,रशीद शाह, बदलू जायसवाल,नादिर हुसैन, प्रमोद रावत, रामबचन गौतम सहित सैकड़ों लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

# मेधावी बच्चों को मेडल देकर किया सम्मानित, दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। स्थानीय कंप्यूटर माण्टेसरी स्कूल में मेधावी छात्र/छात्राओं को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र/छात्राएं व अभिभावक सहित सभी अध्यापक मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की अध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय ने की। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधक अनिल पाण्डेय (जिला संयोजक एवं मंडल प्रवासी भाजपा) रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं मेडल विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा पाण्डेय (मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी) ने दिया। विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहे छात्र क्रमशः देवश्य शर्मा, प्रज्ञा जायसवाल, मोबीन, साक्षी वर्मा, दीक्षा सिंह, हुसैन, लाइबा, अवंतिका प्रजापति, सना, जोया, अंशिका पाण्डेय, अब्दुल



करीम को गोल्ड मेडल देकर उनकी हौसला अफजाई की गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। जबकि द्वितीय स्थान पर क्रमशः फारिया, सोनाक्षी, प्रज्ञा सोनकर, फरा, प्रतीक सिंह, आमना, फरीन, साबरीन, शिवा सोनकर, इकरा एवं अलीना रहे। विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले मॉनीटर को भी गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया जिसमें क्रमशः हरिओम पाण्डेय, मुस्कान, भोला निषाद, जोया, अली, प्रतीक सिंह, साबरीन, फरीदा मलिक को विद्यालय के प्रिंसिपल रेखा पाण्डेय ने उत्कृष्ट कार्य के लिए गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया।

# थाने पर सुनवाई नहीं,एसपी ऑफिस पर उमड़ रही भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । सुरक्षा''आपकी संकल्प हमारा'' उत्तर प्रदे श पुलिस स्लोगन का है,लेकिन आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि पुलिस का निचले तंत्र पर से लोगों का विश्वास उठ रहा है,वैसे तो बड़े अधि कारियों का यह आदेश है कि थानों में फरियादियों को न्याय मिलना चाहिए इसके बावजूद इंसाफ दे ना तो दूर,थानों में कई मामलों में सुनवाई तक नहीं हो पाती है ऐसी परिस्थिति में आला अफसरों के य हां फरियादियों की भीड़ बढ़ती जा रही है सोमवार से लेकर शनि वार तक देवीपाटन मंडल के आईजी से लेकर गोण्डा एसपी कचहरी स्थित कार्यालय अ पनी फरियाद पहुंचाने के लिए आम लोगों की भीड़ लगी रहती है।सब की एक ही समस्या रहती है कि थाना स्तर पर उनकी बात नहीं सुनी जा रही है था ने दार थाने से भगा दे रहे हैं।इस लिए अभी आपके पास आए हैं।

**आला अधिकारियों के पास उमड़ती है भीड़**

देवीपाटन मंडल के आईजी अमित पाठक के जि म्मे चार जिले का महत्वपूर्ण काम है



मंडल होने के नाते देवीपाटन मंडल आईजी को कई अहम जिम्मे दारियां दिन भर निभाना होता है लेकिन आप को जानकर हैरानी होगी कि देवीपाटन मंडल आईजी का आधा समय लोगों की फरियाद सुनने में निकल जाता है,ऐसा कोई भी दिन नहीं होता है जिस दिन दस से बीस शिकायत आईजी के पास ना आए।वै से तो पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के पास अपनी फरियाद लेकर पहुंचने वालें एक दिन के आं कड़ों की बात करें तो एक दिन में सैकड़ो लोग एस पी के दफ्तर पहुंचकर शिकायत करते नजर आते हैं कि उक्त थानेदार ने उनकी बात नहीं सुनी यह आंकड़ा तो सिर्फ एसपी का है अगर पूरे जिले की बात करें तो अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी,अपर पुलि स अधीक्षक पश्चिमी,सी ओ सिटी,सीओ सदर के कार्यालय या फिर थाने में पहुंचकर हर दिन दर्जनों से अधिक लोग अपनी फरियाद सुनाते हैं।

**क्या कहते है पीड़ित**

बड़े अधिकारियों के द्वार पर फरियाद लगाने वाले कई लोग तो कैमरे पर कुछ भी कहने से सिर्फ इस लिए बचते हैं क्योंकि उन्हें यह डर रहता है कि क हीं थाना स्तर से उनका मामला बिगड़ ना जाए, मौ खिक रूप से एक व्यक्ति ने बताया कि देहात कोत वाली थाने में उनकी फरियाद नहीं सुनी गई है दर असल जिस के बाद मजबूरी बस उन्हें एसपी के य हां अपनी फरियाद लेकर आना पड़ा है।ऐसे कई लोग हैं जिनकी फरियाद थानों में अनसुनी कर दी जाती है इस लिए वे आईजी और पुलिस कप्तान के पास अपनी फरियाद लेकर पहुंचते हैं और अप नी पीड़ा क़ो सुनाते है।

**क्या फ़ेल हो रहा पुलिस का निचला तंत्र..**

लोग अपनी पहली शिकायत लेकर थाने पर ही प हुंचते हैं.अगर वहां उनकी बात नहीं सुनी जाती है तब वे एसपी और फिर उसके ऊपर के अधिकारि यों के पास फरियाद लेकर जाते हैं सवाल यह है कि क्या वाकई में गोण्डा पुलिस का निचला तंत्र फ़े ल हो चुका है...? एसपी विनीत जयसवाल के अनु सार जन शिकायत एसपी कार्यालय में वे आम लो गों से मिलते हैं एसपी अपने जूनियर अधिकारियों का बचाव करते हुए एसपी बताते हैं कि ऐसा नहीं है कि पुलिस का निचला तंत्र फ़ेल है वर्तमान समय में छोटी-छोटी बातों को लेकर भी लोग उन तक प हुंचते हैं लेकिन कुछ ऐसे मामले भी होते हैं जिनमें थाना स्तर से लोगों को उचित न्याय नहीं मिल पा ता है या फिर थानेदार उन्हें उचित माध्यम से सम झा नहीं पाता है ऐसे में लोग उनके पास पहुंचते हैं, लेकिन यह कहना थोड़ा गलत होगा कि पुलिस का निचला तंत्र फ़ेल है।

# महिला सशक्तिकरण का सरयू घाट चौकी प्रभारी उड़ा रहें धज्जियां, महिला ने लगाए गंभीर आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । योगी सरकार महिलाओं की सुरक्षा और स शक्तिकरण का दम भरती है,लेकिन जिले के नवा बगंज थाने की सरयू घाट चौकी प्रभारी शासन प्र शासन की मंशा पर पानी फ़ेर रहे हैं।आरोप है कि फरियाद लेकर अपने पति के साथ चौकी पर गयी महिला को दरोगा ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए भगा दिया और उसके पति को जबरदस्ती बैठा लिया।इतना ही नहीं, उसके खिलाफ एनसीआर द र्ज करते हुए उसका चालान भी कर दिया गया।जि ले के नवाबगंज थाना की सरयू घाट चौकी क्षेत्र अं तर्गत लोलपुर निवासिनी आशा तिवारी पत्नी सती श कुमार तिवारी ने सोमवार को पुलिस अधी क्षक विनीत जायसवाल को प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें कहा कि 02.05.2025 को पूर्वाह्न करीब 11 बजे वह अपने पति व बच्चों के साथ लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर स्थित अपने घर पर थी।उसके घर के सामने अमन सिंह पुत्र विनय सिंह निवासी ग्राम भदोही,थाना छावनी जनपद बस्ती ड्राइवर व चार अज्ञात लोगों के साथ जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे







और बल पूर्वक उसके घर के सहन की भूमि अन धिकृत रूप से खोदवाकर सड़क की पटाई कराने लगे।महिला के पति सतीश ने जब विरोध किया तो आरोपी उसे भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान से मा र डालने के इरादे से बेरहमी से मारने-पीटने लगे। पीड़ित महिला का आरोप है कि उसने जब इसका विरोध किया तो आरोपी अमन सिंह तथा उसके साथियों ने उसे भी मारा-पीटा।आरोप है कि उसका कपड़ा फाड़ दिया।पति-पत्नी जान बचाकर घर के अंदर चले गए तो आरोपी भी घर में घुस गए और घर के अंदर भी महिला को मारा-पीटा,अश्लील हर कत की तथा घर में रखे सामानों को नष्ट कर दि या।इस बीच पीड़िता ने 112 पर फोन कर दिया। कुछ ही देर में पीआरवी की टीम वहां पहुंच गयी। इस बीच मौका पाकर आरोपी भाग गए। पीड़िता का कहना है कि डायल 112 टीम के कहने पर वह पति के साथ सरयूघाट पुलिस चौकी पर गयी और प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

आरोप है कि चौकी प्रभारी संजीव सिंह ने उसकी सुनवाई करने के बजाय अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए वहां से भगा दिया और उसके पति सतीश तिवारी को जबरदस्ती बैठा लिया।इतना ही नहीं, आरोपि यों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय नवाबगंज पुलिस द्वारा पीड़ित महिला के पति के विरूद्ध ही एनसीआर दर्ज करते हुए उसका चालान कर दिया गया।पीड़िता ने बताया कि इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# आकाशीय बिजली ने ली 9 वर्षीय बच्चे की जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । आकाशीय बिजली गिरने से 9 वर्षीय मासूम बच्चे की हुई दर्दनाक मौत। बच्चे की मौत के बाद गांव में मातम छा गया परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के मुताबिक थाना खैरीघाट के ग्राम पंडितपुरवा (पिपरिया)



निवासी 9 वर्षीय विमल पुत्र राम सहारे पर आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि विमल गांव के बाहर खुले में था कि अचानक तेज बारिश के साथ बिजली कड़कने लगी। किसी की समझ में कुछ आता इससे पूर्व ही आसमान में कड़की बिजली सीधे विमल पर आ गिरी और वह वही झुलस गया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर खैरीघाट थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। साथ ही नानपारा तहसीलदार अंबिका चौधरी ने भी अपनी राजस्व टीम के साथ पहुंचकर घटना का जायजा लिया और तहसील प्रशासन को प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार करने को आदेशित किया। थाना खैरीघाट पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु बहराइच रवाना कर दिया गया । ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद के लिए शीघ्र सहायता पहुंचाने की मांग की है।

सरकार सीओ साहब नहीं उठाते सीयूजी,कौन सुने फरियाद...

गोण्डा । सरकारी अधिकारी जनता के बीच संवाद की महत्वपूर्ण कड़ी टूटने की कगार पर है।सीयूजी नबंर उपेक्षित व तिरस्कृत बर्ताव के शिकार होने ल गे हैं।सीयूजी नंबरों की सुधि लेना तो दूर उस पर आने वाली काल रिसीव करना भी अधिकारियों को गंवारा नहीं है।यूं कहें कि योगी सरकार का सी यूजी नंबर अधिकारियों की मनमानी व तानाशाही रवैये का शिकार होने लगे हैं।सरकार ही नहीं शास न भी हाईटेक तकनीकी आत्मसात करने पर बल दे रहा है।इसकी सबसे बड़ी वजह दायित्वों का सम यबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण है।इस मंशा से ही शासन ने वर्षों पहले अधिकारियों को सीयूजी नंबर मुहैया कराए थे।एसपी,एएसपी,सीओ व थानेदार ही नहीं बल्कि पुलिस चौकी के प्रभारी तक को सी यूजी नंबर मुहैया कराया गया है।दायित्वों के लगा तार बढ़ रहे बोझ व सूचनाओं पर पकड़ बनाने की दृष्टि से सीयूजी नंबर महत्वपूर्ण माने जाते रहे हैं। ऐसे में सीयूजी नंबर से कुछ अधिकारी कन्नी काट ने लगे हैं।सीओ तरबगंज सीयूजी नंबर उठाने से प रहेज करते हैं।सीयूजी नंबर पर जाने वाली काल का जवाब देना जिम्मेदारों को गंवारा नहीं है।ऐसे हालात तब हैं,जब शारीरिक,मानसिक व बौद्धिक परीक्षाएं पास करते हुए साहब ने खुद को जनहित में समर्पित करने की शपथ ले रखी है।देश व समा ज की सेवा में कसमें खाने वाले अधिकारी शासन की मंशा का बोझ उठाने में पूरी तरह विफल हैं। नौ करी के पहले ही पायदान पर वह थके- हारे घोड़े की तरह बर्ताव कर रहे हैं।जवाबदेही से पल्ला झा ड़ते हुए सीयूजी नंबर को तक को उठाना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं।अब भी यकीन नहीं तो सीओ

तरबगंज के सीयूजी नंबरों की टोह लें।चंद मिनट में गफलत काफूर हो जाएगी।

बॉक्स

क्या साहब का सीयूजी नंबर से सौतेला बर्ताव

तरबगंज तहसील क्षेत्र के सीओ के सीयूजी नंबर प र पांच मई शाम चार बजकर 46 मिनट पर दो का ल की गई।सीओ साहब के मोबाइल की घंटी बज ती रही और सब ने फोन उठाना मुनासिब नहीं सम झा।वही दोनों ही बार पूरी काल गई।फिर भी कोई जवाब नहीं मिला।बैक काल करना भी पुलिस के अधिकारियों ने गंवारा नहीं समझा।अफरशाही शा सन की मंशा पर भारी पड़ रही है।

# बौद्ध धर्म से संबंधित कार्यशाला का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान (उत्तरप्रदेश संस्कृति विभाग सम्बद्ध) के तत्वावधान में जिला पंचायत सभागार में बौद्ध धर्म से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे उपस्थित लोगों ने महात्मा बुद्ध के जीवन दर्शन और विचारों को देश काल एवं परिस्थितियों के अनुकूल बताते हुए बुद्ध के विचारों को आत्मसात कर मानवमात्र के कल्याण व विश्व शांति में प्रभावी योगदान देने हेतु जनजागरण अभियान चलाए जाने की बात कही। जबकि कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बुद्ध व भारत माता के चित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान (संस्कृति विभाग उत्तरप्रदेश) की ओर से आयोजित कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर बोलते हुए विश्वविख्यात बौद्ध विचारक भंते विमल टीस ने कहा कि महात्मा बुद्ध विश्व विश्व की शांति के प्रवर्तक थे जिन्होंने युद्ध की विभीषिका से जूझ रहे लोगों को





शांति का संदेश दिया और मानवमात्र में दया , स्नेह एवं करुणा आत्मीयता का प्रभावी संदेश दिया जिसके चलते पूरे विश्व मे उनकी पूजा होती है और उनके के विचारों को आत्मसात कर पीड़ित मानवता की रक्षा के लिए संकल्प लिया जाता है । भंते ने आवाहन किया कि मैं और मेरा की दुर्भावना से ऊपर उठकर ष्वसुधैव कुटुम्बकमष एवं ष्सर्वे भवन्तु सुखिनःष को चरितार्थ करते हुए धरती के सुपुत्र बन कर लोककल्याण में समर्पित हो जाए तभी समाज मे शांति व स्थायित्व सम्भव है।

मुख्य अतिथि विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने कहा कि , मानवमात्र एक समान है एक दूसरे के सुख दुख में हम सहभागिता कर समाज एवं देश को मजबूत बनाने का काम करें तभी सनातन समाज अखण्ड एवं मजबूत बनेगा। उन्होंने कतिपय अज्ञानियों द्वारा बौद्ध धर्म के बारे में फैलाये जा रहे भ्रांतियों को भी दूर करने का आवाहन किया। आयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि , बुद्ध के विचारों को आत्मसात कर अवैध नशा क्रय विक्रय उपभोग उत्पादन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सामाजिक जन जागरण अभियान चलाए जाने की बात तय की गई है। कार्यक्रम का संचालन संस्कार भारती से जुड़े संघ विचारक दिनेश सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नेत्री डॉ0 अनीता जायसवाल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम करण टेकरीवाल ने कार्यशाला आयोजन के लिए आयोजकों को साधुवाद दिया और बौद्ध जीवन दर्शन से जन-जन को जोड़ने का आवाहन किया। आयोजित कार्यशाला में प्रमुख रूप से पर्यावरण विद राकेश चन्द्र श्रीवास्तव , मालवीय मिशन महामंत्री मनीष गौड़ , वरिष्ठ पत्रकार नितेश श्रीवास्तव , बौद्ध चिंतक सुंदर लाल , नरेंद्र मोहन आर्य , समाजसेवी सरदार परविंदर सिंह , महिला समाजसेवी मीना द्विवेदी , संतोष पाण्डेय , प्रवक्ता डॉ0 पंकज श्रीवास्तव , संविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी , विपश्यना ध्यान केंद्र के प्रबंधक बाबू राम यादव , पर्यावरण विद मोहम्मद सलीम , समाजसेवी अनुज श्रीवास्तव , महेन्द्र सिंह सेंगर , विहिप नेता अजीत प्रताप सिंह , अमित वर्मा नवोदयन एडवोकेट , प्रधान संघ अध्यक्ष भगवान दीन मिश्र सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर उपस्थित लोगों ने महात्मा बुद्ध के विचारों को आत्मसात कर

# झोलाछाप डॉक्टरों पर नहीं लग रहा लगाम,बेरोक टोक के फल फूल रहा धंधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । योगी सरकार ने फरमान जारी किया था कि झोलाछाप कोई और काम ढूंढ लें।लेकिन करनैल गंज व परसपुर ब्लॉक क्षेत्र में दर्जनों से अधिक झो ला छाप डॉक्टरो पर इस फरमान का यहां कोई अ सर दिखाई नहीं दे रहा है बल्कि परसपुर थाना क्षेत्र के नगर पालिका क्षेत्र में सब्जी की दुकान की तरह

कई ऐसे क्लिनिक खोलकर बैठ गए हैं वही कई ज गह तो ऐसे है कि खेतों में पानी देने की नाल किरा ए पर देने वाला व्यक्ति लोगों को दवाइयां दे रहा हो

जिसका पढ़ाई लिखाई से कोई लेना देना नहीं।ऐसे ऐसे में झोला छाप लोग डॉक्टरी पेशे को मजाक ब ना कर रख दिया है।ऐसा नहीं है कि स्वास्थ विभाग को इसकी जानकारी नहीं है।स्वास्थ्य विभाग ने ना जाने ऐसे कितने डॉक्टरों को संरक्षण दे रखा है। सू चना के नाम पर दो-चार डॉक्टर ही अनधिकृत दर्शा ए जाते हैं।जबकि जिले में झोलाछापों की संख्या





सौ से अधिक है।सूबे के स्वास्थ्य मंत्री ने झोला छा पों को आगाह किया था कि वे कोई और पेशा चुन लें।साथ ही उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए स्वास्थ्य महकमे को दिशा-निर्देश जारी किए गए थे।सीधे तौर पर ऐसे लोगों को झोलाछाप ठहराया जाता है जिनके पास चिकित्सा अध्ययन की वैध डिग्री भी नहीं है।साथ ही सीएमओ कार्यालय में जिनका पं जीकरण तक नहीं हैं।जबकि करनैलगंज तहसील

व परसपुर ब्लॉक क्षेत्र में इस तरह के डॉक्टरों की स्थायी संख्या दर्जनों से ऊपर है।जबकि गर्मी,बर सात जैसे अधिक बीमारियों वाले मौसम में इनकी संख्या में और इजाफा हो जाता है।इस समय भी सामान्य वायरल संक्रमण से लेकर डायरिया, मलेरि या के मामले बढ़ गए हैं जिसे देख झोलाछापों ने भी पैर फैलाने शुरू कर दिए हैं।पुराने डॉक्टरों के अलावा कई नए डॉक्टर भी सामने आ रहे हैं।स्वा स्थ्य विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की बात करें तो स्वास्थ्य विभाग ने अब तक इन झोला छाप डॉक्ट रों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई धरातल पर नहीं की है।कार्यवाही सिर्फ नोटिस तक ही सिमटकर रह जाती है।यूं तो लोगों के स्वास्थ्य और जान से खिलवाड़ करने वाले ऐसे लोगों के खिलाफ अफस रों को सख्ती दिखाने में में कसर नहीं रखनी चाहि ए।लेकिन स्थानीय स्तर पर इसका बिल्कुल ही उ ल्टा हो रहा है।वे झोलाछापों के प्रति नरमी बरतने में कसर नहीं छोड़ते।शिकायतों पर जब कभी स्वा स्थ्य विभाग के अफसर किसी झोलाछाप के यहां पहुंचते भी हैं तो सिर्फ नोटिस थमाकर आ जाते हैं। बाद में झोलाछाप डॉक्टर अफसरों से संपर्क कर ता है और विभागीय कर्मियों की जेबें गर्म करने के बाद उसका कसूर ही खत्म हो जाता है।

# सपा नेता ने रेलवे स्टेशन के पास स्थित मंदिर को तोड़ने पर जताई नाराजगी

## राजू ने सपाइयों के साथ केंद्रीय रेल मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की गैर मौजूदगी मे सिटी मजिस्ट्रेट को सौपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने आज केंद्रीय रेल मंत्री भारत सरकार को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की गैर मोजूदगी मे सिटी मजिस्ट्रेट महोदय पीलीभीत को सौपा जिसमे उन्होने कहा रेलवे द्वारा विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के धर्मापुर गांव में दुधिया खुर्द रेलवे स्टेशन के पास स्थित सतभईया बाबा श्री बाला जी महाराज के मंदिर जो की क्षेत्र के ही नही दूर दूर से आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है जहां हर वर्ष ऐतिहासिक मेला लगता है जिसमे हज़ारों लोग जुटते है उस मंदिर पर रेल विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। रेल विभाग की टीम शनिवार को बिना किसी पूर्व सूचना के मौके पर पहुंची।टीम ने जेसीबी की मदद से मंदिर की यज्ञशाला को तोड़ दिया। इसके साथ ही वहां पर बने यात्री सेट को भी ध्वस्त कर दिया। विभाग ने धार्मिक स्थल पर लगे निजी हैंड पंप भी तोड़ दिए हैं। इससे श्रद्धालुओं को पानी की समस्या का सामना करना पड़ेगा।रेल विभाग की इस कार्रवाई से हिंदू समुदाय के लोगों में आक्रोश है। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि जो भी निर्माण दोस्त किए गए हैं वह रेलवे की जगह पर किए गए थे।मंदिर को तोड़ने के संबंध में अपना असंतोष व्यक्त करने के लिए यह ज्ञापन प्रस्तुत कर रहा हूँ।सतभैया बाबा श्री बाला जी महाराज का ये एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है। यह मंदिर हमारे समुदाय एवं क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है, और हमें यह जानकर बहुत दुख हुआ है कि रेलवे ने इस मंदिर को बिना किसी पूर्व सूचना के तोड़ दिया है।यह कार्रवाई बहुत ही अनुचित है। हमें इस बात का कोई स्पष्टीकरण नहीं मिला कि रेलवे को मंदिर को तोड़ने की आवश्यकता क्यों पड़ी। हमें यह भी पता नहीं है कि रेलवे ने इस कार्रवाई के लिए कोई उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किया है या नहीं। हम रेलवे से इस कार्रवाई के बारे में स्पष्टीकरण और एक विस्तृत रिपोर्ट चाहते हैं। हम यह भी चाहते हैं कि रेलवे मंदिर को फिर से पुनर्स्थापित करे और इस मामले में सही कदम उठाए।हम आशा करते हैं कि रेलवे हमारे समुदाय की भावनाओं को समझकर इस मामले में उचित कार्रवाई करेगा।इस दौरान उनके साथ प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कटटर,जिला प्रवक्ता अमित पाठक, समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार, बुद्धसेन, उमचरण,आंनद,आकाश, भुवनेश, रामचरण,आशीष भारती, मुकेश, महेश आदि बड़ी संख्या मे सपाई उपस्तिथ रहे हैं।

# पत्रकारों की समस्याओं को लेकर प्रेस क्लब में हुई बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। प्रेस क्लब में आज उ. प्र. मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति की एक बैठक जिलाध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों के बीच मान्यता प्राप्त पत्रकार की समस्याओं- आयुष्मान कार्ड न बनने व जिनके बने हैं उसमें जो त्रुटि है उसको ठीक किये जाने, मान्यता प्राप्त पत्रकारों को कोविड के पूर्व रेलवे में मिलने वाली सुविधा पुनः बहाल किये जाने हेतु सुलतानपुर के सांसद राम भुहाल निषाद को संगठन की तरफ से एक मांग पत्र दिए जाने, स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए दवा एवं पर्चा दिए जाने के लिए अलग से काउंटर बनाये जाने, बीते दिनों पहलगाम में घूमने गए लोगों की आतंकवादियों द्वारा हत्या किए जाने पर इस घटना की निंदा करते हुए मृतकों के परिवार को सभी प्रकार की सहायता दिए जाने हेतु प्रधानमंत्री जी के नाम सम्बोधित पत्र डीएम को दिए जाने पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई।

उपरोक्त के सम्बंध में अलग-अलग मांग पत्र बनाकर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में नगर मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को कलेक्ट्रेट जाकर संगठन के सभी सदस्यों ने दिया और उनसे यह मांग किया कि संगठन द्वारा दिये गए पत्र को अपने माध्यम से कार्रवाई हेतु अग्रसारित करें। बैठक के बाद पत्रकारों ने पहलगाम में बीते दिनों पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा हत्या करने की निंदा करते हुए उनके प्रति अपनी श्रद्धाजंलि दी गई। बैठक में संरक्षक सत्यदेव तिवारी, डॉ राजकिशोर सिंह, महासचिव श्यामचंद्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, सतीश पांडेय, सचिव ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सत्य प्रकाश गुप्ता, अंकित राय, अवधेश गुप्ता, विजय पांडेय आदि मौजूद रहे।

## सरायन नदी पुनरोद्धार को लेकर सीतापुर में हुई महत्वपूर्ण बैठक

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । आज सरायन नदी के पुनरोद्धार से सम्बन्धित एक अहम बैठक का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में नदी पुनरोद्धार के विशेषज्ञ एवं भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर श्री वेंकटेश दत्ता द्वारा सरायन नदी के पुनरोद्धार के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यह सहमति बनी कि सरायन नदी के पुनरोद्धार कार्यों को विभिन्न चरणों (फ़ेज) में संचालित किया जाएगा। इन कार्यों में नदी के किनारों पर वृक्षारोपण, पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार तथा वेटलैंड का पुनः संरचनात्मक विकास प्रमुख रूप से सम्मिलित हैं। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग, डी.सी. (मनरेगा), सम्बन्धित तहसीलों के उप जिलाधिकारी एवं विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी एवं लोक भारती संस्था के श्री कमलेश सिंह भी उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मासिक बैठक हुई संपन्न

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मासिक बैठक का किया आयोजन। बैठक में पश्चिम बंगाल की घटना एवं कश्मीर के पहलगांव की घटना के बारे में चर्चा के साथ साथ देश में हो रहीं समाज व देश विरोधी गतिविधियों के साथ साथ लव जिहाद जैसे विषयों पर चर्चा हुई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व कैप्टन उमेश सिंह जिलाध्यक्ष बरेली उपस्थित रहे हैं।पूर्व कैप्टन गोधन लाल गंगवार संरक्षक ,जिला अध्यक्ष पीलीभीत कृष्ण पाल वर्मा, जिला सचिव संजय कुमार गंगवार, कोषाध्यक्ष सूबेदार जयपाल गंगवार, कैलाश गिरी एयरफोर्स,दुर्विजय सिंह, धनपाल सिंह,शतीश कुमार शर्मा, सूबेदार वीरेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष पुनीत सिंह,महेंद्र पाल, सूरज प्रसाद,अरविंद पाल गंगवार सहित अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे हैं।बैठक समाप्त होने पर ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा ने सभी पूर्व सैनिकों को पटका पहना कर सम्मानित किया है।

## हर्षोल्लास के मनाया गया उर्स ए ताजुश शरिया

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।नगर में बड़े ही हर्षोल्लास के मनाया गया उर्स ए ताजुश शरिया अकीदत मंदों ने पेश की खिराजे अकीदत।नगर में ताजुशरिया का पर्स पाक पूरनपुर में भी उनके अकीकत मांदो ने बड़े ही धूमधाम से मनाया। जीवी जानशीन ए मुफ्ती ए आजम आला हजरत के सही मायनों में सच्चे पक्के पैरोकार हुजूर अजहरी मियां मुफ्ती अख्तर रजा खान का सातवां कुल पूरनपुर में मनाया गया पूरनपुर स्थित खानकाहे रजविया में भी कुल शरीफ की फातेहा हुई और उन्हें याद किया गया पैगाम ए अमन कौंसिल के सदर तौफीक अहमद क़ादरी ने उन्हें याद करते हुए कहा की सही मायनों में हुजूर अजहरी मियां आला हजरत के सच्चे पक्के पैरोकार थे और आला हजरत का पैरोकार होने का मतलब पैगंबर ए इस्लाम का पैरोकार होना है।हुजूर हुजूर ताजुश्शरिया अजहरी मियां पूरी जिंदगी सुन्नत ए मुस्तफा पर अमल पैरा रहे।आप ने हमेशा गलत बातों का पुरजोर विरोध किया लोगों को हक की दावत दी।शरीयत ए मुस्तफा पर जोर दिया कुफरी बातों का रद्द किया।आप सीरत और सूरत से ही अल्लाह वाले थे।और हकीकत में भी वही अल्लाह बाला है। जिसके अमल और सूरत सीरत देख कर अल्लाह और उसके रसूल की याद ताजा हो जाए।आप सुन्नियत की पहचान हैं आप ने सफिन्ये बख्शीश लिख कर आला हजरत और हुजूर मुफ्ती ए आजम की याद ताजा कर दी।इस मौके पर तौफीक अहमद क़ादरी, सभासद नादिर रजा बरकाती, खालिद रजा बरकाती ,जमील अहमद, जावेद अहमद ,शरीफ अहमद, इमरान शेरी, चांद बाबू इत्यादि थे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डेझनों की सफाई के कार्य की कार्ययोजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक हुई सम्पन्न

पीलीभीतकैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन के पत्र दिनांक 08.05.2012 के क्रम में जनपद में शारदा सागर खण्ड, शारदा नहर खण्ड,शाहजहांपुर, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली एवं बाढ़ खण्ड पूरनपुर, पीलीभीत के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में करायी जाने वाली डेझनों की सफाई के कार्य की कार्ययोजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी श्री संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक गांधी सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के अन्तर्गत कुल 84 डेनों 460.204किमी. की सफाई का कार्य प्रस्तावित किया गया। जिलाधिकारी ने ड्रेनों की सफाई के कार्य का अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता शारदा सागर खण्ड को कार्यो को समय से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिये।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता शारदा सागर खण्ड, अधिशासी अभियन्ता बाढ़ पूरनपुर एवं सम्बन्धित सहायक अभियन्ता तथा अवर अभियन्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जातीय जनगणना को लेकर सुभासपा नेताओं ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष कैफ रजा के नेतृत्व में कई कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता को सौंपा ज्ञापन में कहां की भारत की शोषित उपेक्षित वंचित जनमानस को समुचित भागीदारी दिलाने के लिए लंबित जातीय जनगणना करने के लिए एनडीए सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साहसिक निर्णय लिया है। केंद्र सरकार का यह निर्णय आने वाले समय में समस्त वंचित शोषित समाज को समुचित भागीदारी प्राप्ति के लिए कानूनी अधिकार आधार बनेगा विगत समय की विपक्षीय सरकारों ने जाति जनगणना को नहीं होने दिया था।वंचित शोषित समाज से संबंधित इस महत्वपूर्ण मांग को स्वीकार करना देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सामाजिक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इस निर्णय के लिए सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

## अवैद्य असलहे के साथ प्रधान गिरफ्तार

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुड़वार के सोहगौली प्रधान संजय कुमार बीती रात सुल्तानपुर में अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार। पुलिस ने केस दर्ज कर चालान भेजा। स्कार्पियो वाहन सीज किया गया। घटनाक्रम के अनुसार कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवंतिका माल फूड के सामने खड़ी सफ़ेद रंग की स्कार्पियो वाहन की तलाशी लिया।वाहन में एक पुरुष और तीन चार महिलाएं मिली। जामा तलाशी में एक अदद रिपीटर गन मय कारतूस और एक पिस्तौल मय कारतूस बरामद मिली। पूछताछ में युवक ने अपना नाम संजय कुमार पुत्र स्व अरविंद कुमार निवासी सोहगौली बताया। पुलिस ने महिलाओं को रुकसत करते हुए युवक को कोतवाली लाकर केस दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया। सोमवार को युवक को चालान भेज दिया।

# दबिश देने पहुंचे पुलिस कर्मियों को ग्रामीणों ने घेरा वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वयरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। गैंगस्टर के आरोपी को पकड़ने गई पूरनपुर पुलिस हुआ वबाल वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल कोतवाली प्रभारी नरेश कुमार त्यागी ने 30 अप्रैल को गिरोह बनाकर गोवंशीय पशुओं की हत्या करने में 9 के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। इसमें सुखदासपुर निवासी अनीस उर्फ लल्ला पुत्र नफीस अहमद को भी शामिल किया गया था। आरोपी पिछले 10 सालों से शेरपुर ससुराल में आकर रह रहा था। पैतृक गांव में शादी समारोह की दावत में गैंगस्टर शामिल होने आया था। रविवार कोतवाली के उप निरीक्षक आकाश तेवतिया, सनी आर्य दो अन्य पुलिसकर्मियों के साथ स्थानीय पुलिस के बिना बातये सादा वर्दी मे ब्लैक कार से सुखदासपुर पहुंच गए कार से उतरने के बाद पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों से गैंगस्टर के घर का पता पूछा। ग्रामीणों ने सवाल किया तो उनसे अपने काम से मतलब रखने को कहा। इसके बाद चारों गैंगस्टर के घर में घुस गए। वहां मौजूद महिलाओं ने विरोध जताया तो पुलिस कर्मियों ने उन्हें डराया धमकाया। इसी बीच गैंगस्टर भाग गया। पीछा करने पर आरोपी दूसरे घर में घुस गया। पीछे से पुलिसकर्मी भी पहुंच गई। वहां भी विरोध करने पर झगड़ा होने लगा। कुछ देर बाद परिवार के लोग भी पहुंच गए। पहचान न होने पर ग्रामीणों ने गांव में बदमाशों के घुसने का शोर मचा दिया। इसको लेकर अफरा तफरी मच गई। भीड़ ने चारों पुलिस कर्मियों को घेर लिया। इसी बीच गैंगस्टर फरार हो गया। जान बचाने को दरोगाओं ने सरकारी रिवाल्वर हवा में लहराकर पीछे न हटने पर गोली मारने की धमकी दी। इसमें अफरा तफरी मच गई। गांव सहित आसपास इलाके के ग्रामीणों के इकठ्ठा होने पर चारों पुलिसकर्मी वहां से खाली हाथ लौट आए। मामले की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

## गुलड़िया भूपसिंह पेट्रोल पंप के पास में सांड की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव भगवंतापुर के आकाश राठौर पुत्र दाताराम 25 बर्ष बंडा रोड पर स्थित एक राइस मिल में मजदूरी करते थे। रोजाना की तरह रविवार शाम आकाश राइस मिल से घर जाने के लिए निकले।आंधी पानी आने से वह राइस मिल में रुक गए। आंधी बंद होने पर हल्की बरसात के दौरान आकाश बाइक से रविवार लगभग 9 बजे घर वापस लौट रहे थे। तभी बंडा रोड पर गुलड़िया भूप सिंह से पहले एक पेट्रोल पंप के पास उनकी बाइक अचानक हाइवे पर सांड से टकरा गई जिससे आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी लगते ही परिजनों विलाप करते हुए अस्पताल पहुंच गए। कोतवाली पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर हादसे की जांच पड़ताल की।

# डीएसओ ने गो गैस गोदाम पर मारा छापा, मिले 300 अवैध सिलेंडर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर । गैस वितरक गो गैस के गोदाम पर जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य ने उपजिलाधिकारी सदर विपिन द्विवेदी के साथ छापा मारा जिसमें बड़ी मात्रा में अवैध रूप से भंडारित कमर्शियल सिलेंडर मौके पर बरामद किया गया। जनपद सुल्तानपुर में जिला पूर्ति अधिकारी ने बड़ी कार्यवाही की और 300 सिलेंडरों को अपने कब्ज़े में लिया। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि अवैध तरीके से सिलेंडरों के भंडारण की सूचना प्राप्त हुई थी जिस पर संबंधित गैस एजेंसी(गोदाम) का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें भारी मात्रा में अवैध गैस सिलेंडर प्राप्त हुए हैं। उन्होंने आगे बताया कि भविष्य में अगर इस तरह की शिकायत प्राप्त हुई तो गैस वितरक के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी के इस कार्यवाही से गैस वितरकों में हड़कंप मचा है। जिला पूर्ति अधिकारी की इस त्वरित कार्यवाही को जनमानस न्यायसंगत और उपभोक्ता के हितार्थ मान रही है। डिस्ट्रीब्यूटर के खिलाफ कार्यवाही की तैयारी प्रस्तावित है।इस कार्यवाही से जनपद में काला बाजारी पर अंकुश लगेगा।

# सात दिवसीय रामायण अभिरुचि कार्यशाला कार्यक्रम का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कादीपुर/सुलतानपुर। अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या (संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश) शासन द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन रामायण एवं वेद कार्यशाला का आयोजन दिनांक 05 मई 2025 से 13 मई 2025 तक रामचरितमानस गान एवं वाचन कार्यशाला सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर सुल्तानपुर प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्र ने राम दरबार के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा कि भगवान श्री राम का आदर्श चरित्र अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है, प्रभु श्री राम का अपने माता, पिता, गुरु, प्रजा, सेवक, मित्र भाई के साथ कैसा व्यवहार था, वैसा ही अपने जीवन में उतार कर चले तो जीवन मंगलमय ही होगा। आज जो समाज परिवार राष्ट्र व मानव संस्कृति पर संकट के बादल छाए हैं वह निसंदेह मिट जाएंगे। कार्यक्रम के समन्वयक अवधेश कुमार मिश्र मुख्य प्रशिक्षक दीनबन्धु सिंह सहायक प्रशिक्षक कृष्णदेव सिंह एवं आशुतोष पान्डेय रहे। कार्यक्रम में 40 बहने एवं 20 भैया प्रतिभागी है।

# गोमती आरती में दिखा काशी का अंदाज, आरती देखने उमड़ा जन सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। बारह वर्षों से लगातार सीताकुंड धाम पर हर रविवार शाम होने वाली मां गोमती की आरती के तेरहवें वर्ष में प्रवेश करने पर होने वाली पहले रविवार की आरती को गोमती मित्रों ने पूरी तरीके से काशी में मां गंगा के तट पर होने वाली आरती के अंदाज में कराने का प्रयास किया। युवा मण्डल के सदस्यों राज मिश्रा,आनन्द वत्स व प्रान्जल सिंह ने मुख्य पुजारी की भूमिका में बड़े ही भावमयी अंदाज में अलौकिक कलाओं के साथ संगीतमयी आरती को संपन्न कराया,धाम पर पहुंचे हुए श्रद्धालु इस दृश्य को देखकर भाव विभोर थे और एकटक इस दृश्य को देख रहे थे,उन्हें यकीन ही नहीं हो पा रहा था की वे इस वक्त सीता कुंड धाम पर मां गोमती के तट पर होने वाली आरती को देख रहे हैं। गजब का दृश्य था और आरती के बाद लगने वाले मां गोमती के जयकारों ने तो जैसे महसूस कराया की धरती से उठने वाली यह आवाज स्वर्ग लोक तक पहुंच रही हो,, पूरे आयोजन में मुख्य भूमिका रही प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, आरती संयोजक डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, सह संयोजक राकेश सिंह दद्दू, सभासद रमेश सिंह टिन्नू,युवा मंडल के पूर्व अध्यक्ष विकास शर्मा,वर्तमान अध्यक्ष अजय वर्मा, महिला मंडल प्रदेश अध्यक्ष शालिनी कसौधन,अजीत शर्मा, दाऊजी कैलाशी आदि की। आरती के बाद आये हुये सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर उनसे श्रमदान व आरती में उपस्थित रहने का निवेदन किया गया।

## भगवन्तापुर बाजार में युवक पर जानलेवा हमला मामले में पुलिस पर तहरीर बदलवाने का आरोप

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव पतावोझी के रहने वाले अशोक कुमार ने सोमवार को दो बजे बताया कि उसके भाई सत्यपाल रविवार को भगवन्तापुर बाजार में किसी कार्य से आया था। तभी गांव के रहने वाले श्यामा चरण, मुरारी लाल महेश, बॉबी ने अपने परिवार के अन्य लोगों की मदद से पुरानी कहासुनी में रंजिश मानते हुए उसपर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। जानकारी लगने पर घायल युवक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और घायल युवक को लेकर कोतवाली पहुंचे मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। आरोप है कि पुलिस ने पीड़ित पक्ष की दी हुई तहरीर न लेते हुए अपने आप मनमाने तरीके से तहरीर लिखकर घायल सत्यपाल का अंगूठा लगवा लिया। घायल के परिजनों ने मामले में फोन पर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है और घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# विरासत सहेजने में संजीदगी का सवाल

किसी भी देश या समाज की धरोहर उसके लिए न केवल गर्व का विषय, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी होती है। ये धरोहरें ही हैं जो राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आदि सभी क्षेत्रों में नागरिकों का मार्ग प्रशस्त करती हैं। वैसे ये मुख्य रूप से दो प्रकार की होती हैं- मूर्त और अमूर्त। मूर्त धरोहर हमारी वे विरासत होती हैं, जो दृश्यमान होती हैं, जिन्हें हम देख सकते हैं, यानी विशाल भवन, मंदिर, ऐतिहासिक स्थल, स्मारक, हस्तशिल्प, साहित्य, किले आदि। वहीं, अमूर्त धरोहरें हमारी समृद्ध परंपरा, लोकगीत, लोक-कथाएं, विश्वास, ज्ञान, भाषा और संस्कार आदि होती हैं। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक परिषद (यूनेस्को) ने धरोहर ने धरोहरों को तीन प्रकार का बताया है- प्राकृतिक विश्व धरोहर श्रेणी, सांस्कृतिक विश्व धरोहर श्रेणी और मिश्रित विश्व धरोहर श्रेणी । इतिहास, सभ्यता, संस्कृति और हमारी पहचान को बनाए रखने में इन धरोहरों की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण होती है। इसलिए इनके संरक्षण का दायित्व केवल सरकारों या यूनेस्को जैसी वैश्विक संस्थाओं का नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को इनके संरक्षण को लेकर सावधान और जागरूक रहने की आवश्यकता है। देखा जाए तो ये धरोहरें किसी भी राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य की नींव होती हैं। ये हजारों वर्षों के ज्ञान, अनुभव और स्मृतियों का अनमोल उपहार या कहें कि खजाना होती हैं। मानव है। समाज की सामाजिक एवं सांस्कृतिक का परिचायक भी होती हैं। म हमारी धरोहर हमें इतिहास से जोड़ती विविधता का है। । किसी भी देश और समाज की पहचान, वहां की सभ्यता, सामाजिक एवं सांस्कृतिक इतिहास आदि की न केवल जानकारी इन धरोहरों के माध्यम से प्राप्त होती है, बल्कि ये उन्हें हमेशा सजीव बनाए रखने का कार्य भी करती हैं। मानव सभ्यता और संस्कृति की 'मूल' ये धरोहरें अब हमारे गौरव और पहचान का ही नहीं, बल्कि आर्थिक समृद्धि का भी जरिया बन रही हैं। दरअसल, इन धरोहरों को देखने और समझने के लिए र लाखों पर्यटक प्रति वर्ष एक राज्य से दूसरे राज्य और एक देश से दूसरे देश की यात्रा करते हैं। इतना ही नहीं, ये धरोहर विभिन्न देशों, महाय भिन्न देशों, समाज, समुदायों, सभ्यताओं और संस्कृतियों के बीच बेहतर संबंध बनाने में भी बड़ी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कई बार तो दो देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों को भी ये मधुर एवं सुगम बनाने में सहायक साबित होती हैं। सच कहा जाए तो, इन सभी विशेषताओं के कारण ही आज दुनिया भर में धरोहरों के प्रति लोगों की ओर से प्रायः सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाए जाने लगे हैं। ◦ विश्व धरोहर दिवस की की स्वीकत किए गए एक परत आत यूनेस्को द्वारा 1983 के अप्रैल महीने में से ई थी। इसके अंतर्गत 'अंतरराष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल परिषद' (आइसीओएमओएस) की ओर से यह मांग की गई थी कि विश्व की सभी सांस्कृतिक, प्राकृतिक एवं मिश्रित धरोहरों के संरक्षण और उनके प्रति सामान्य स्तर पर मानवीय जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रत्येक वर्ष 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस मनाने का प्रावधान किया जाए। यूनेस्को ने भविष्य की पीढ़ियों को अपने पुरखों से मिली सांस्कृतिक धरोहरों से परिचय कराने तथा उनके प्रति प्रेम का भाव जगाने के लिए इस दिवस की रूपरेखा तैयार की और 'विश्व विरासत या धरोहर दिवस' के रूप । इसे मान्यता प्रदान की थी तब से प्रति वर्ष 'विश्व धरोहर दिवस' या 'विश्व स्मारक एवं स्थल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। सामान्यतः यूनेस्को द्वारा प्रति वर्ष एक खास दिन यानी 18 अप्रैल को विश्व के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जाता है और लोगों को इनके संबंध में बताया जाता है। इनके संरक्षण एवं संवर्द्धन पर चर्चा की जाती है। साथ ही, इसी भावना के अनुरूप यूनेस्को द्वारा दुनिया भर की विभिन्न धरोहरों को चिह्नित कर उनकी एक 'विश्व धरोहर सूची' भी बनाई जाती है।

# कैमरा, 'भूख' और सोशल मीडिया

सोशल मीडिया के युग में भलाई और करुणा अब मौन संवेदनाएं नहीं रहीं। वे कैमरे के फ्रेम में कैद होती जा रही हैं। आज अधिकांश मदद 'लाइक्स' और 'फॉलोवर्स' के लिए की जाती है, न कि सच्ची इंसानियत के लिए। सहायता अब एक 'कंटेंट' बन चुकी है और जरूरतमंद की गरिमा अकसर इस प्रदर्शन की भेंट चढ़ जाती है। इसलिए यूजर्स को अब आत्मपरीक्षण जरूर करना चाहिए कि क्या हम वाकई मदद कर रहे हैं या बस सोशल मीडिया पर नेकी की तस्वीर गढ़ रहे हैं? आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इंसानियत, परोपकार, और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। यह वह स्वाभाविक मानवीय गुण है जो हमें संवेदना, दया, और परस्पर सहयोग की ओर प्रेरित करता है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है-एक ऐसा मंच जहाँ तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे जरूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे, बिना देखे, उसे कुछ खाने को दे जाते थे। आज वही दृश्य होता है, लेकिन कैमरा पहले निकाला जाता है। भूखे की थाली से ज्यादा अहमियत उस एंगल की होती है, जिसमें वह थाली दिखाई दे। सेवा अब सीधी नहीं रही, वह एक स्क्रिप्टेड ऐक्ट में बदल गई है। आधुनिक मानव की आत्मा अब लाइक्स, शेयर, कमेंट्स की भूखी हो चली है। किसी की मदद करने के बाद हमें तसल्ली तब मिलती है, जब कोई कहे, 'वाह, आप तो बड़े नेकदिल हैं।' पहले मदद करने के बाद मन को जो संतोष मिलता था, अब वह 'फॉलोवर्स बढ़ने' के संतोष से बदला जा चुका है। यह न केवल इंसानियत की आत्मा को खरोंचता है, बल्कि मदद पाने वाले की गरिमा को भी आहत करता है। वह व्यक्ति जिसे मदद मिली है, उसकी जरूरतें तो पूरी होती हैं, लेकिन उसकी निजता, उसकी आत्मसम्मान की परतें एक-एक कर सोशल मीडिया के सामने उतार दी जाती हैं। सोचिए, अगर कोई कैमरा न हो, कोई दर्शक न हो, कोई ताली बजाने वाला न हो-क्या तब भी आप वही मदद करेंगे? यह प्रश्न हमारे भीतर झांकने की जरूरत को इंगित करता है। करुणा यदि सच्ची है, तो वह गुमनाम रहेगी। यदि उसमें प्रदर्शन है, तो वह करुणा नहीं-डिजिटल ब्रांडिंग है। आज कई बार लगता है कि सहायता करना एक स्क्रिप्टेड इवेंट बन चुका है। वीडियो में सबसे पहले मदद मिलने वाले व्यक्ति की दयनीय स्थिति को दिखाया जाता है, फिर सहायता प्रदान की जाती है, और अंत में किसी नायक की तरह मददकर्ता का चेहरा। यह सब इतनी सफाई से किया जाता है कि वीडियो फिल्म जैसी लगती है-संगीत के साथ, टाइटल के साथ, और अंत में एक गूढ़-सा संदेश। इस सारी प्रवृत्ति में सबसे अधिक पीड़ित होती है नैतिकता। किसी की जरूरत को दिखावा बना देना उस व्यक्ति के अस्तित्व पर हमला है। एक भूखे की भूख अगर कैमरे में रिकॉर्ड न हो तो क्या उसका दुख कम है? क्या दया केवल तभी योग्य है जब वह पब्लिक डोमेन में हो? यह नई नैतिकता सिर्फ दूसरों के सामने दिखने के लिए जीती है। अब 'कृपा' भी एक मुद्रा बन गई है-जिसे दिखाना पड़ता है, गिनाना पड़ता है। स्वार्थरहित सेवा का स्थान स्वार्थयुक्त प्रदर्शन ने ले लिया है। कल्पना कीजिए एक दृश्य-एक व्यक्ति सड़क किनारे बेहोश पड़ा है। एक 'सोशल वॉरियर' आता है, और उसके साथ उसका कैमरामैन। सबसे पहले कुछ तस्वीरें, फिर एक वीडियो- 'हमने इनको उठाया, पानी पिलाया, एंबुलेंस बुलाई' और फिर कैप्शन-हम सब मिलकर बदलाव ला सकते हैं...। कमेंट्स आते हैं–वाह भाई साहब, आप तो फरिश्ता हैं। किसी को यह नहीं सूझता कि क्या वह व्यक्ति कैमरे में आना चाहता था? क्या उसे अपने जीवन की सबसे कमजोर अवस्था में पब्लिकली दिखाया जाना चाहिए था? आज नेकी भी एक पूंजी बन गई है। इसका बाजार भाव बन गया है। जो जितनी

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इंसानियत, परोपकार, और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। यह वह स्वाभाविक मानवीय गुण है जो हमें संवेदना, दया, और परस्पर सहयोग की ओर प्रेरित करता है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है–एक ऐसा मंच जहाँ तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे जरूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे, बिना देखे, उसे कुछ खाने को दे जाते थे। आज वही दृश्य होता है, लेकिन कैमरा पहले निकाला जाता है। भूखे की थाली से ज्यादा अहमियत उस एंगल की होती है, जिसमें वह थाली दिखाई दे। सेवा अब सीधी नहीं रही, वह एक स्क्रिप्टेड ऐक्ट में बदल गई है। आधुनिक मानव की आत्मा अब लाइक्स, शेयर, कमेंट्स की भूखी हो चली है। किसी की मदद करने के बाद हमें तसल्ली तब मिलती है, जब कोई कहे, 'वाह, आप तो बड़े नेकदिल हैं।' पहले मदद करने के बाद मन को जो संतोष मिलता था, अब वह 'फॉलोवर्स बढ़ने' के संतोष से बदला जा चुका है। यह न केवल इंसानियत की आत्मा को खरोंचता है, बल्कि मदद पाने वाले की गरिमा को भी



ज्यादा भलाई करता है (या कहें, दिखाता है), उसका सामाजिक रेटिंग उतना ही ऊंची हो जाती है। कई बार यह भलाई राजनीतिक होती है, कभी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत होती है, और कभी व्यक्तिगत ब्रांड निर्माण के लिए। ऐसे में वास्तविक करुणा कहां छिप जाती है? क्या वह अब केवल कविता में जीवित रह गई है? क्या वह अब सिर्फ कबीर और तुलसी के दोहों में ही सांस लेती है? सोचने का समय आ गया है। मदद करने वाला बड़ा है या मदद पाने वाला? यदि कोई भूखा है, तो क्या उसकी भूख की तस्वीर लेना जरूरी है? क्या उसकी सहमति जरूरी नहीं? यदि हम उसे मदद देते समय उसकी पीड़ा को 'कंटेंट' बना दें, तो क्या हम वास्तव में सहायता कर रहे हैं या उसका उपभोग कर रहे हैं? आज जब भलाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैरती हैं, तो कहीं-न-कहीं वे समाज को एक नई दिशा दे रही हैं-एक ऐसी दिशा जहां सेवा भी दिखावे का अंग बन चुकी है। यह आवश्यक है कि हम पुनः आत्मपरीक्षण करें। भलाई मौन होती है, और उसका असर चुपचाप दिलों में उतरता है। यदि हमें सच में इस समाज को बेहतर बनाना है, तो जरूरत है कि हम बिना कैमरे, बिना मंच, और बिना स्वार्थ के किसी की मदद करें। नेकी कोई तस्वीर नहीं, वह तो संवेदना की वह रेखा है जो दिल से दिल तक जाती है-बिना कोई सबूत मांगे। **–प्रियंका सौरभ**

# जातिगत जनगणना...यह महज आंकड़ों की लड़ाई नहीं

## प्रेम शंकर सिंह

जातिगत जनगणना पर जो बहस चल रही है...वो महज आंकड़ों की लड़ाई नहीं है। ये असल में भारत के सामाजिक ढांचे को समझने और फिर उसे नए सिरे से गढ़ने की एक बड़ी कोशिश है। अब जो लोग इसका समर्थन करते हैं-उनका ये मानना है कि इससे पिछड़े और अति-पिछड़े वर्गों की सच्चाई सामने आएगी। उनकी शिक्षा कैसी है, उनकी आर्थिक स्थिति क्या है, उनका राजनीतिक प्रतिनिधित्व कितना है-ये सब कुछ पहली बार साफ-साफ दिखेगा। और जब तस्वीर साफ होती है, तभी नीति भी ठोस बनती है। सरकार के पास आधार होगा-ताकि जो वंचित हैं, उन्हें समय पर, जरूरत के मुताबिक मदद दी जा सके। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जाति पर सोच हमेशा एक जैसी नहीं रही। जब जनसंघ से निकलकर भाजपा बनी थी-तब उस पर साफ लेबल लगा था: 'ब्राह्मण-बनियों की पार्टी'। ऊंची जातियों की पार्टी। सत्ता से दूर और जमीन के मिजाज से भी थोड़ी कटी हुई। लेकिन 1985 में पहली बार पार्टी के भीतर गहरी सोच का मंथन शुरू हुआ। एक प्रस्ताव पास किया गया-मंडल आयोग की सिफारिशों का समर्थन करने का। ये पहली बार था जब भाजपा ने माना कि अगर इस देश में राजनीति करनी है, तो ओबीसी और दलित समाज को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मगर तभी देश में एक और लहर उठी-राम मंदिर आंदोलन की। यहां से कमंडल बनाम मंडल की राजनीति शुरू हुई। भाजपा वापस हिंदुत्व के पथ पर लौट आई। जाति का विमर्श पीछे चला गया और आस्था का आंदोलन केंद्र में आ गया। नरेंद्र मोदी की सरकार। और यहां से भाजपा की सोच में असली, ठोस और दूरगामी बदलाव शुरू हुआ। मोदी खुद ओबीसी पृष्ठभूमि से आते हैं। उन्होंने बहुत जल्दी पहचान लिया कि हिंदू समाज का जो सबसे बड़ा हिस्सा है वो आज भी राजनीतिक प्रतिनिधित्व में पीछे है। इसके बाद जो-जो कदम उठे, वो सिर्फ नीतियां नहीं थीं, वो एक लंबी सामाजिक रणनीति का हिस्सा थीं। 2019 में आर्थिक रूप से पिछड़ी अगड़ी जातियों को 10 प्रतिशत आरक्षण देना, उसी संतुलन की कोशिश थी। अब भाजपा के पास दो आधार थे-एक तरफ ओबीसी को सम्मान और दूसरी तरफ अगड़ों को सुरक्षा। अब जब जातिगत जनगणना की बात आई, तो मोदी ने इसे सिर्फ एक सामाजिक मुद्दा नहीं माना। उन्होंने इसे राष्ट्र-निर्माण के औजार की तरह देखा। वह केवल एक जनगणना नहीं है। यह असल में हिंदू समाज के पुनर्गठन की योजना है। एक दूरदर्शी, ठोस, और सधी हुई रणनीति है। प्रधानमंत्री मोदी का यह फैसला आरक्षण की राजनीति को भी एक नया आधार देगा। अब बहसें भावनाओं पर नहीं, तथ्यों पर होंगी। नीतियां अब जातीय जनसंख्या के अनुपात पर टिकी होंगी। और यही वह जगह है...जहां नरेन्द्र मोदी आज वीपी सिंह से एक कदम आगे जाते हैं। वीपी सिंह ने सामाजिक न्याय की राजनीति शुरू की थी। मोदी उसे अब संस्थागत रूप दे रहे हैं-डेटा से, नीति से, और राष्ट्रवाद की भावना में रहते हुए। 10 साल सत्ता में रहने के बाद समाज सुधारक की भूमिका निभाने की ये कोशिश पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की मंडल कमीशन की कोशिशों को आगे ले जाने की ठोस पहल है। या उस सच्चाई से आंख चुराकर, फिर उसी पुराने ढांचे में जिएगा? अहम बात यह है कि यह सिर्फ राजनीति नहीं है...। यह विचारधारा, रणनीति और इतिहास की त्रिवेणी है। और अगर यह प्रयोग सफल हुआ तो नरेन्द्र मोदी को हम केवल प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि एक सामाजिक युगांतकारी विचारक के रूप में याद करेंगे। तो अब सवाल आपके सामने है-क्या जातिगत जनगणना से समाज एक होगा या बंटेगा? क्या यह आंकड़ों की राजनीति है या सामाजिक न्याय की पुनर्परिभाषा? आप क्या सोचते हैं? और अगर ये सोच आपको गहराई तक छूती है-तो इस संवाद को आगे बढ़ाइए। दरअसल हर विकसित समाज थिंकर्स के जरिए आगे बढ़ने में सक्षम होता है। क्योंकि जब तक समाज सोचता नहीं, तब तक समाज बदलता नहीं।

## सेहत मंत्र

# जमीन पर बैठ कर खाना खाते से होते हैं बहुत सारे लाभ

पुराने समय में लोग जमीन पर बैठकर खाना खाते थे लेकिन समय के साथ–साथ काफी चीजों में परिवर्तन होने लगा। इन्हीं में से एक था आपके भोजन करने का तरीका। वर्तमान समय में, लोग भोजन करने के लिए डाइनिंग टेबल का प्रयोग करते हैं। जिन घरों में डाइनिंग टेबल नहीं होता, वहां पर भी लोग बिस्तर पर बैठकर भोजन करना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जमीन पर बैठकर भोजन करने से आपको अद्भुत स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होते हैं। तो चलिए जानते हैं इन्हीं लाभों के बारे में– **होता है योगाभ्यास**: योगा का हर आसन आपके शरीर को किसी न किसी रूप में लाभ पहुंचाता है और जब आप जमीन पर बैठकर भोजन करते हैं तो आप वास्तव में किसी आसन जैसे सुखासन या सिद्धासन में बैठे होते हैं। इससे आपको भोजन के दौरान उस आसन से मिलने वाले लाभ भी प्राप्त होते हैं। साथ ही इससे भोजन के पाचन में भी सहायता मिलती है। **बढ़ता है शरीर का लचीलापन और स्ट्रेंथ** : जब आप जमीन पर पैरों को क्रॉस करके बैठते हैं तो इससे आपका शरीर मजबूत व अधिक लचीला होता है। सिटिंग पोजिशन में आपके हिप्स, टखनों व घुटनों पर जोर पड़ता है। साथ ही आपकी रीढ़ की हड्डी, कंधों और छाती का लचीलापन भी बढ़ जाता है। ऐसा होने पर आप बहुत सी बीमारियों से खुद–ब–खुद बच जाते हैं। **रक्त प्रवाह में सुधार**: बेहतर स्वास्थ्य के लिए यह बेहद आवश्यक है कि आपके शरीर में रक्त का प्रवाह बेहतर तरीके से हो। अपने शरीर में ब्लड सर्कुलेशन के लिए आपको जमीन पर बैठकर खाना खाने की आदत डालनी चाहिए। दरअसल, ऐसा करने से आपके हृदय से शरीर के अन्य भागों तक रक्त का प्रवाह बेहतर हो जाता है। इसके अतिरिक्त जमीन पर बैठकर खाना खाने से आपका हृदय बेहतर तरीके से काम करता है और आप हृदय संबंधी परेशानियों से खुद को काफी हद तक बचा लेते हैं।

## धर्म मंत्र

# ब्राह्ममुहूर्त में स्नान के अद्भुत लाभ

धर्म शास्त्रों में स्नान के बारे में बहुत वर्णन मिलता है, वैसे भी कहा जाता है की अगर व्यक्ति प्रतिदिन स्नान करता है तो अनेक बीमारियों से छुटकारे के साथ आदमी दिनभर तरोताजा महसूस करता है । आगे जानते है कि हमे कब, किस समय स्नान करना चाहिए, स्नान करने के समय से पता लगा सकते है कि हमारा स्थान किस श्रेणी में आता है । - स्नान करते समय इन दो वैदिक मंत्रों का उच्चारण करने से कभी भी धन की कमी नहीं रहेगी । 1- गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती । नर्मदे सिन्धु कावेरी जले अस्मिन् सन्निधिम् कुरु ।।

2- ब्रह्मा मुरारिस्त्रिपुरान्तकारी, भानुः शशी भूमिसुतो बुधश्च । गुरुश्च शुक्रः शनिराहु केतवः, सर्वे ग्रहा शान्तिकरा भवन्तु ।। 1- ऋषि मुनि स्नान - जो लोग ब्राह्ममुहूर्त में 3 से 4 बजे के बीच स्नान करते है वे ऋषि मुनि की श्रेणी में आते हैं । 2- देव स्नान - जो लोग ब्राह्ममुहूर्त में 4 से 5 बजे के बीच स्नान करते है वे देवताओं की श्रेणी में आते हैं । 3- मनुष्य स्नान - जो व्यक्ति सुबह 6 से 8 बजे के बीच स्नान करते है वे मनुष्य की श्रेणी में आते हैं । 4- राक्षसी स्नान - जो व्यक्ति सुबह 8 के बाद स्नान करते है वे राक्षसों की श्रेणी में आते हैं । इन सभी स्नानों में ऋषि मुनि स्नान सर्वोत्तम है ।, देव स्नान उत्तम है।, मनुष्य स्नान समान्य है ।, राक्षसी स्नान धर्म में निषेध है ।, शास्त्रों में कहा गया है की किसी भी मनुष्य को सुबह 8 बजे के बाद स्नान नही करना चाहिए । स्नान के लाभ - ऋषिमुनि स्नान से घर में सुख, शांति, समृद्धि, विद्धया, बल, आरोग्य, चेतना, हमेशा बनी रहती है । - देव स्नान से यश, कीर्ति धन वैभव, सुख, शान्ति, संतोष, मिलता है ।

## पर्यटन



# चण्डीगढ़ की सुखना लेक का नजारा देखकर खुश हो जाएंगे आप

घूमना फिरना हर किसी को पसंद है। किसी के लिए ये अपने आप को रिलेक्स करने का एक तरीका है और किसी के लिए ट्रैवलिंग एक नशा है और ये नशा बेहद ही खूबसूरत और मजेदार है। अगर आप दिल्ली में या दिल्ली के आसपास रहते हैं तो आपके पास घूमने फिरने के कई विकल्प हैं। तो चलिए आज हम आपको चण्डीगढ़ की सुखना लेक के बारे में बताते हैं। सुखना लेक पंजाब की राजधानी चण्डीगढ़ की शान है। गर्मी हो या सर्दी सुखना की सुबह और शाम बेहद ही खूबसूरत होती हैं। शिवलिक पर्वत श्रृंखला पर स्थित इस मानव निर्मित सुंदर लेक का दीदार करने देश–विदेश से लोग आते हैं। 3 किलोमीटर तक फैसी इस झील का निर्माण सन 1958 में शिवलिक पहाड़ी से नीचे आने वाले पानी पर बांध बनाकर किया गया था। **वॉकिंग ट्रैक पर सुखना की सैर**: सुखना झील की सुंदरता का असली आनंद लेना है तो लेक के साथ साथ बने वॉकिंग ट्रैक पर घूम कर लिया जा सकता है। ट्रैक को भी काफी खूबसूरत ढंग से बनाया गया है। पूरे ट्रैक पर खूब पेड़ पौधे लगे हैं और शांति के लिए बहुत ही हल्की धुन में संगीत बजता है। इस ट्रैक पर आप घंटों सैर सपाटा कर सकते हैं और आपको थकान का अहसास भी नहीं होगा। **बोटिंग से लें झील का मज़ा**: लेक पर आप बोटिंग भी कर सकते हैं अगर आप परिवार के साथ हैं तो बच्चों के लिए वहां रंग बिरंगी बोटें भी हैं जिसकी सवारी करने से बच्चें काफी खुश होते हैं और झील में नाव की सवारी का अपना ही अलग मज़ा है। **बर्डवाचिंग** : ठंड के दौरान यहां विदेशी प्रवासी पक्षी भी बड़ी संख्या में आते हैं, जिससे यह बर्डवाचिंग के लिए भी एक आदर्श स्थान बन जाता है। झील के निर्मल वातावरण में आप पिकनिक, बोटिंग और मेडिटेशन के लिए जा सकते हैं। **स्वादिष्ट पकवान**: खाने पीने के लिए सुखना पर काफी कुछ है चाहे वो चाइनीज हो या साउथ इंडियन, या फिर तड़के वाला पंजाबी हर स्वाद आपको वहां मिल जाएगा।

# भव्य समारोह में सेवाओं के लिए शिक्षकों के प्रति जताया कृतज्ञता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। विकासखंड देवा स्थित प्राथमिक विद्यालय बरेठी में भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर पांच सेवानिवृत शिक्षकों का उनकी सेवाओं के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की गई।राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका दीपशिखा राय के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में न्याय पंचायत तिन्दोला के समस्त शिक्षकों ने स्वागत समारोह में सराहनीय भागीदारी निभाई।कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष रूप नरायन बैसवार ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में देवा विकास क्षेत्र के ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव ,विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ राकेश सिंह , जनपदीय मंत्री उमानाथ मिश्र , कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव , प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ. देवेंद्र द्विवेदी , जनपदीय संगठन मंत्री मोहम्मद आसिम पूर्व उप ब्लॉक प्रमुख इच्छ्वाकु मौर्य ने संयुक्त रूप से सेवानिवृत शिक्षकों का अंग वस्त्र पहनाकर , माल्यार्पण और प्रतीक चिन्ह देकर अभिनन्दन किया । विद्यालय के छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं अतिथिजनों का स्वागत किया । सेवानिवृत शिक्षकों में ज्ञानेंद्र वर्मा , पूनम श्रीवास्तव , अर्चना वर्मा पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरेठी , रश्मि श्रीवास्तव कंपोजिट विद्यालय देवा , कंचन श्रीवास्तव कंपोजिट विद्यालय सिदवही , योग माया निगम कंपोजिट स्कूल इब्राहिमपुर कला, राम सेवक कंपोजिट स्कूल सरसौंदी , राम आसरे कंपोजिट स्कूल मलूकपुर , मिथिलेश वर्मा कंपोजिट स्कूल मिर्ज़ा नगर , परवेज हसन पूर्व माध्यमिक महरोड गजराज प्रसाद पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरसंडा का सम्मान किया गया । उ.प्र. प्राथमिक शिक्षक संघ बाराबंकी की ओर से जिलाध्यक्ष डॉ0 राकेश सिंह ने सबकाअभिनन्दन करते हुए सदैव सबसे निर्देश प्राप्त करते रहने और सबके साथ खड़े रहने के लिए आश्वस्त किया ।

इस अवसर पर सभी नवनियुक्त ए0 आर0 पी0 का कार्य देख रहे शिक्षकों का माल्यार्पण करके अभिनन्दन किया गया । अतिथिजनों एवं शिक्षकों ने कार्यक्रम में नन्हे बच्चों की प्रस्तुतियों की मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक राय ने किया । सेवानिवृत शिक्षकों का स्वागत , अतिथियों का आभार प्रधानध्यापिका दीपशिखा राय ने ज्ञापित किया ।

# नवागत सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने हैदरगढ़ में संभाला कार्यभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़, बाराबंकी।ब्लॉक मुख्यालय हैदरगढ़ में नवागत एडीओ पंचायत श्री विजय कुमार सैनी ने 5 मई को अपना कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष कौशल किशोर ने साथियों के साथ उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

श्री सैनी ने पदभार ग्रहण के बाद बताया कि गांव का समग्र विकास उनकी पहली प्राथमिकता होगी। गर्मी के मौसम को देखते हुए उन्होंने पेयजल व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पंचायत सचिवों को निर्देशित किया कि खराब हैंडपंप या नलों की मरम्मत 24 घंटे के भीतर कराई जाए। स्वच्छता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि गांवों में नियमित सफाई और दवा का छिड़काव अत्यंत आवश्यक है, विशेषकर आगामी बरसात के मौसम में, जब संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि स्वच्छता कार्यों में लापरवाही बरतने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर ब्लॉक मंत्री मोहम्मद अतहर, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष गौरीशंकर, कार्यवाहक अध्यक्ष स्वामी दयाल सहित राजेश मौर्य, सरजू मौर्य, साजिद हसन, रामकिशोर, बद्री विशाल, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे

## मजदूर यूनियन की पुलिस कर्मियों के वेतन वृद्धि की मांग

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक बनीकोडर क्षेत्र के गांव पूरे तुला मजरे सनौली में सोमवार को आयोजित भारतीय किसान मजदूर यूनियन सिंघानिया की मासिक बैठक में जिलाध्यक्ष सरदार वीरेंद्र सिंह ने सरकार से पुलिस कर्मियों के वेतन बढ़ाने व परिवहन विभाग से प्राइवेट वाहनों पर अवैध लगे हूटर हटवाने की मांग की। साथ ही, आगामी 5 जून से हरिद्वार में होने वाली किसान पंचायत में भारी संख्या में शामिल होने की अपील की गई। इस अवसर पर कई किसान पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।इस मौके पर लल्लू सिंह जिला संगठन मंत्री, नन्हे लाल तहसील रामसनेहीघाट अध्यक्ष,शिवमंगल रावत ब्लॉक अध्यक्ष,लोकेंद्र सिरौली गौसपुर तहसील अध्यक्ष, राम मुकुट, रक्षाराम, रघुनाथ प्रसाद, मंगल प्रसाद, रामसजीवन, जुग्गी लाल,संगम,फकिरे, विकास कुमार, रामविलास, आमिरका, सत्यनाम आदि सहित काफी संख्या में किसान पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वक्फ बिल से मुस्लिम वर्ग का हित साध रही सरकार : गोविंद

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा के प्रदेश महामंत्री विधानपरिषद सदस्य गोविन्द नारायण शुक्ला ने कहा कि हमारी सरकार ने वक्फ कानून में संशोधन कर गरीब मुसलमानों को न्याय दिलाने का काम किया है। वक्फ बिल संशोधन के माध्यम से गरीब मुस्लिम समाज के लोगों को लाभ मिलेगा। मैलारायगंज के इरम कॉलेज में वक्फ सुधार जन जागरूकता अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे बताया कि यह बिल गरीब मुस्लिम वर्ग के अधिकारों की रक्षा करेगा। कार्यक्रम को पूर्व विधायक शरद अवस्थी, जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अहमद शहंशाह, अल्पसंख्यक मोर्चा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहम्मद नईम जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई पूर्व सांसद उपेंद्र रावत ने भी अपने विचार रखे।

## माता बगलामुखी शक्ति की देवी बजरंगमुनि

खैराबाद कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरे जनपद में स्थापित एकमात्र माता बगलामुखी के मंदिर में आज माता बगलामुखी की जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है जिसमें माता बगलामुखी के मंदिर को पुष्पों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा श्रद्धालुओं के द्वारा माता बगलामुखी के मंदिर में आकर पूजा अर्चना की जा रही है तथा माता से शक्ति की याचना श्रद्धालुओं के द्वारा की जा रही है इस अवसर पर माता बगलामुखी मंदिर के संस्थापक महन्त बजरंगमुनि ने बताया कि आज माता बगलामुखी का प्रकटोत्सव दिवस है माता बगलामुखी शक्ति की देवी है जिनकी आराधना करके सुर तथा असुर सभी ने सदैव शक्ति की याचना माता से की है। आज शाम को पूजा अर्चना के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के दूर दराज स्थानों से श्रद्धालुओं ने आकर माता बगलामुखी के दर्शन कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। बगलामुखी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि माता का मूल स्थान दतिया मध्य प्रदेश में है जहां पर देश तथा विदेश के कोने-कोने से श्रद्धालु जाकर माता के दर्शन करते हैं तथा जनपद में खैराबाद के भुइंया ताली तीर्थ में ही माता बगलामुखी का मंदिर स्थापित किया गया है जिसकी महिमा दूर-दूर तक है। माता मंदिर में आने वाले सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण करती है तथा उनके भीतर शक्ति का अर्जन भी होता है जिससे कि माता के भक्तों को कालांतर में पराजय का सामना नहीं करना पड़ता है। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्त अंकित गुप्ता जयमल सिंह संदीप मिश्र आलोक बाजपेई राकेश सिंह गुप्त गौरव अग्रवाल निरंकार गुप्ता बाबूराम बाथम ममता बाथम पूर्णिमा मिश्रा अभ्युदित मिश्र माया गुप्ता लक्ष्मी गुप्ता अनिल अवस्थी माधुरी अवस्थी शैली अवस्थी आदि श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की तथा प्रसाद ग्रहण किया।

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर निराश्रित गोवंशों की सुरक्षित व्यवस्था हेतु प्रभावी कार्रवाई S अब तक 595 गोवंशों का पुनर्वास

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला प्रशासन सीतापुर द्वारा जनहित एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु राष्ट्रीय राजमार्गों पर विचरण कर रहे निराश्रित गोवंशों के पुनर्वास एवं संरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार, इस महत्वपूर्ण कार्य के सफल निष्पादन हेतु विभिन्न क्षेत्रों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिन्हें यह उत्तरदायित्व सौंपा गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर निराश्रित गोवंशों की पहचान करें तथा उन्हें निकटतम गो-आश्रय स्थलों तक सुरक्षित पहुँचाएँ।
अब तक की कार्यवाही के अंतर्गत, नोडल अधिकारियों द्वारा कुल 595 निराश्रित गोवंशों को विभिन्न गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जा चुका है। यह कार्य निरंतर प्राथमिकता के आधार पर जारी है, जिससे न केवल गोवंशों की रक्षा सुनिश्चित हो रही है, अपितु सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं में भी उल्लेखनीय कमी आई है।
इस कार्य की निगरानी एवं अनुश्रवण की जिम्मेदारी पशुपालन विभाग, सीतापुर को सौंपी गई है, जो नियमित रूप से निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की समीक्षा कर रहा है। विभाग द्वारा नोडल अधिकारियों से प्राप्त रिपोर्ट्स के आधार पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन सीतापुर आमजन से भी अपील करता है कि यदि किसी स्थान पर निराश्रित गोवंशों की उपस्थिति यातायात अथवा जन-सुरक्षा के लिए बाधक प्रतीत हो, तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित नोडल अधिकारी अथवा स्थानीय प्रशासन को प्रदान करें, जिससे समयबद्ध रूप से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

## उच्च स्तरीय जांच में प्रधान और सचिव का नपना तय

हमीरपुर। सोमवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव में जिलाधिकारी के आदेश पर गठित उच्च स्तरीय जांच टीम ने प्रधान एवं सचिव को विकास कार्यों में की गई धांधली का दोषी माना है। जांच आख्या डीपीआरओ को सौंपी है। बड़ागांव निवासी रमेश निषाद ने प्रधान हरदौल निषाद, पंचायत सचिव ओमप्रकाश प्रजापति पर विकास कार्यों में धांधली के आरोप की शिकायत की गई थी। जांच टीम ने 12 जनवरी 2024 को बगैर कार्य कराए धनराशि निकालने का दोषी पाया था। इसके बाद आनन फानन कार्य कराना शुरू किया गया। परियोजना निदेशक डीआरडीए ने इस मामले की जांच की थी। उन्हें मौके पर कार्य मिला था। इसके बाद हुई तकनीकी जांच में 25 अक्टूबर 2024 को प्रधान एवं सचिव पर 6 लाख 56 हजार 302 रुपये का गबन सिद्ध हुआ था। इस गबन के बाद जांच में संदेह होने पर डीएम ने तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच कमेटी बनाई थी। इसमें एडीएम नमामि गंगे, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, डीसी मनरेगा को शामिल किया गया था। कमेटी ने शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर पंचायत के 12 कार्यों की जांच की। जिसमें प्रधान एवं सचिव को दोषी पाया है। जांच रिपोर्ट 23 अप्रैल को जिला पंचायत राज अधिकारी को सौंपी है। जांच रिपोर्ट आने के ठीक अगले दिन 24 अप्रैल को जांच के दौरान पंचायत से हटाए गए सचिव ओमप्रकाश प्रजापति पर विशेष कृपा बरसाते हुए पुनः बड़ागांव में तैनात किया है। डीपीआरओ का यह आदेश ब्लॉक कार्यालय में चर्चा का विषय बना हुआ है। क्योंकि उच्च स्तरीय टीम ने जांच में पाया है कि सचिव ने मनमाने तरीके से फर्मों सहित अन्य भुगतान किए हैं।

# अचानक थाने पहुंचे एसपी, निरीक्षण के दौरान दिए जनता से बेहतर व्यवहार के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय बीती रात अचानक थाना सफदरगंज आ धमके। श्री विजयवर्गीय ने थाना कार्यालय, कंप्यूटर-कक्ष, मेस, बैरिक, आगन्तुक कक्ष, शौचालयों आदि का निरीक्षण कर मेस,बैरक व थाना परिसर की साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने थाना कार्यालयों में रखे अभिलेखों को चेक कर अभिलेखों का सही ढंग से रखरखाव एवं लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया तथा थाने पर गठित महिला हेल्प डेस्क को आगन्तुक/ शिकायत रजिस्टर पर प्राथमिकता के आधार पर फरियादियों की शिकायत सुनकर/प्रविष्टि कर प्रकरणों में विशेष रूचि लेकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया । पुलिस अधीक्षक ने सी सी टी एन एस पोर्टल, सीएम हेल्प लाइन व ऑनलाइन जन सेवाओं में सभी ऑनलाइन प्रविष्टियां का बारीकी से निरीक्षण करते हुए लम्बित शिकायती प्रार्थना पत्रों को निर्धारित समयावधि के भीतर निस्तारण करने हेतु प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह को निर्देशित किया।एवं अपराधियों पर सतत निगरानी हेतु पुलिस कर्मियों की बीट बुक का अवलोकन कर एचएस, टाप-10 व विगत 03 वर्षों में जेल से छूटे अपराधियों आदि का चौकी/हल्कावार लिस्ट बनाकर निगरानी रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया । पुलिस अधीक्षक द्वारा शस्त्रों के नियमित रूप से साफ-सफाई करने हेतु निर्देशित करते हुए थाना क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिसकर्मियों को सजग रहकर क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाये रखने तथा किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंच कर निष्पक्ष रूप से विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु कहा तथा सभी कर्मचारियों को आमजन मानस के साथ मृद व्यवहार व कार्मिकों को उच्चकोटि का अनुशासन बनाये रखने हेतु निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक अरूण प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक लक्ष्मी कांत, मो0 अजहर खान, मो0 अय्यूब सहित समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# दो दिवसीय लीडरशिप सर्किल-तृतीय का आयोजन 6 मोओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार और बुनियादी साक्षरता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लखनऊ स्थित सिटी मॉन्टेसरी स्कूल की प्रमुख डॉ. सुनीता गांधी द्वारा संचालित संस्थान देवी के तत्वावधान में आगामी 6 व 7 मई को वर्ल्ड यूनिटी कन्वेंशन सेंटर कृष्णानगर आलमबाग में लीडरशिप सर्किल-3 का भव्य आयोजन किया जा रहा है।यह कार्यक्रम फंडामेंटल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी लीडिंग टू क्वालिटी एजुकेशन थीम पर आधारित है।इस दो दिवसीय आयोजन में देशभर से लगभग 2000 शिक्षक प्रतिभाग करेंगे।साथ ही बाराबंकी जिले के सभी विकास खंडों से ए आर पी एस आर जी 10-10 संकुल शिक्षक और 10-10 प्रधानाध्यापक को भी निर्धारित दिवस के अनुसार आमंत्रित किया गया है।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 2026-27 तक निपुण विद्यालय निपुण ब्लॉक और निपुण जिला निर्माण की दिशा में साझा विचार विमर्श करना है।कार्यक्रम में यह चर्चा होगी कि निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में क्या प्रमुख चुनौतियाँ आ रही हैं और उनके समाधान कैसे निकाले जा सकते हैं।इस अवसर पर सिक्किम महाराष्ट्र जम्मू तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश से आने वाले शिक्षा विशेषज्ञ भी अपने अनुभव साझा करेंगे।पैनल डिस्कशन की विशेष बात यह है कि रामनगर शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत सिरकौली विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री विवेक मिश्र को भी अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। वे अपने विद्यालय में अल्फा पेडागॉजी और एफ एल एन आधारित नवाचारपूर्ण शिक्षण के प्रभावी मॉडल का प्रस्तुतिकरण करेंगे।यह आयोजन शिक्षकों को प्रेरणा देने के साथ-साथ बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा।

## वाराणसी: मैदागिन कंपनी बाग के मंदाकिनी कुंड जल का होगा शुद्धिकरण

वाराणसी। मैदागिन कंपनी बाग परिसर में स्थित प्राचीन मंदाकिनी कुंड के दिन अब बहुरेंगे। कुंड के जल को शुद्ध करने की प्रक्रिया सोमवार से आरंभ हो गई है। महापौर अशोक तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार और पूजन-अर्चन के साथ जल उपचार कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान तालाब का दुग्धाभिषेक कर विशेष ऑक्सीफीड सॉल्यूशन का छिड़काव किया गया। जल शुद्धिकरण की यह जिम्मेदारी एक्वा इको सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड को सौंपी गई है। संस्था के संस्थापक निदेशक आलोक महावर ने पत्रकारों को बताया कि काशी में पहला प्रयास है जिसमें फाइको रेमेडिएशन विधि के माध्यम से जल को शुद्ध किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस पद्धति को विश्व के कई देशों में सफलतापूर्वक अपनाया गया है और इसके परिणाम बेहद सकारात्मक रहे हैं। एक माह के भीतर जल की गुणवत्ता में परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई देगा, जिससे यह जल आचमन योग्य भी हो सकेगा।

# पत्नी के विरोध से नाराज़ कलयुगी पति ने की बेरहमी से हत्या, झाड़ियों में फेंका शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### संजय रावत ने प्रेम-प्रसंग में बाधा बन रही पत्नी सविता की हत्या कर शव को फेंका आउटर रिंग रोड पर, पुलिस जांच में जुटी

मोहनलालगंज।लखनऊ,रिश्तों की मर्यादा को तार-तार करते हुए मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में एक पति ने अपनी ही पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। मृतका की पहचान सविता (उम्र लगभग 30 वर्ष), पत्नी संजय रावत, निवासी मोहिद्दीनपुर, के रूप में हुई है। सोमवार शाम को उसका खून से लथपथ शव पूरनपुर के निकट आउटर रिंग रोड (किसान पथ) के किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सविता और संजय रावत का विवाह वर्ष 2015 में रमपुरा से हुआ था। उनके दो मासूम बेटे हैं – अर्पित और कार्तिक। बताया जा रहा है कि दंपति सोमवार दोपहर से लापता थे। जब देर शाम तक कोई पता नहीं चला, तभी ग्रामीणों ने किसान पथ के किनारे झाड़ियों में महिला का शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी।पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान होने के बाद तुरंत छानबीन शुरू की। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि हत्या सविता के पति संजय रावत ने ही की है। सूत्रों के अनुसार, संजय का अपनी चचेरी बहन के साथ अवैध संबंध था। सविता इसका विरोध करती थी, जिसको लेकर अक्सर पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। इसी कलह से तंग आकर संजय ने पत्नी को रास्ते से हटाने की योजना बनाई।आरोपी पति ने किसी बहाने सविता को सोमवार दोपहर बाहर बुलाया और सुनसान स्थान पर ले जाकर गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को सड़क किनारे झाड़ियों में फेंककर वह मौके से फरार हो गया।एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला घरेलू कलह और अवैध संबंधों के कारण हुई हत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। बहुत जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस दर्दनाक घटना ने क्षेत्र में लोगों को झकझोर दिया है। दो मासूम बच्चों की मां की निर्मम हत्या से पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त सजा देने की मांग की है।

# जनपद में पहुंच प्रभारी मंत्री ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव । उत्तर प्रदेश सरकार मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन विभाग/जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान जिला अस्पताल, उन्नाव का निरीक्षण किया गया तथा सांसद डॉ0 स्वामी सच्चिदानन्द हरि साक्षी महाराज की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में जनपद के गौ आश्रय स्थलों/विकास एवं सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की गयी। जिला अस्पताल निरीक्षण के दौरान महिला ओपीडी, 108/102 हैल्प डेस्क, महिला शौचालय, महिला लैब, एक्सरे यूनिट, जच्चा-बच्चा वार्ड, ओटी आदि में व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए मरीजों से वार्ता की गयी। महिला शौचालय में साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था न पाए जाने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को म मंत्री द्वारा फटकार लगाई गयी। विकास भवन सभागार में प्रभारी मंत्री द्वारा जनपद में गौ आश्रय स्थलों का प्रबन्धन, गौचर भूमि की उपलब्धता, नेपियर/हरी घास की स्थिति, भूसा दान/क्रय, निराश्रित गौवंश का संरक्षण, सहभागिता योजना, भूमि नामांतरण, चिकित्सा एवं शिक्षा व्यवस्था, अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था, पेयजल व राशन वितरण आदि की समीक्षा की गयी। इस दौरान मंत्री जी ने पशुपालन विभाग की अनुदान परक बकरी पालन, गौ पालन, मुर्गी पालन, सूअर पालन आदि योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि किसानों की दुगनी आय सिर्फ कृषि से नहीं होगी, इसके लिए पशुपालन आवश्यक है। उ0प्र0 सरकार द्वारा पशुपालन की कई योजनाओं में50 से 90 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जा रहा है। इन योजनाओं का लाभ लेकर बडे पैमाने पर पशुपालन की ईकाइयां स्थापित की जा सकती है। गौ पालन को लेकर उन्होने कहा कि गाय मात्र पशु नहीं है, यह राष्ट्र की माता है, इसका दूध अमृत के समान है। भूसा दान को लेकर उन्होने सभी जन प्रतिनिधियों से अपील की कि वे गौशालाओं हेतु 100-100 कुंतल भूसा जिलाधिकारी को उपलब्ध कराएं। उन्होने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों, पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के प्रत्येक गौशाला में स्वच्छता, चारा, पानी, लाइट, भूसा एवं लू से बचाव के उपाय अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करा लिए जाएं। उन्होने गौचर हेतु जनपद में लगभग 3200 हैक्टेयर संरक्षित की गयी भूमि हेतु जिलाधिकारी की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में भूमि नामांतरण व अन्य भूमि सम्बन्धी वादों में निर्धारित समय सीमा में गुणदोष के आधार पर निस्तारित कराया जाए। उन्होने शिक्षा प्रणाली सुधारने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासकीय विद्यालयों में प्रवेश बढाएं जाए तथा सर्वोत्तम शिक्षा देकर बच्चों को उत्कृष्ट श्रेणी में पास कराया जाए। शिक्षा ऐसी दें, ताकि मजदूर का बेटा भी हजूर बन सके। अपराध नियंत्रण को लेकर उन्होने निर्देश दिए कि जनपद व थाने वार टॉप 10 अपराधियों को सूची सार्वजनिक कर सर्किल की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चैबन्द रखें। इस समय साइबर क्राइम के मामले ज्यादा आ रहे है इसलिए पुलिस बिना किसी लापरवाही के त्वरित कार्यवाही करे। उन्होने कहा कि गरीबों का राशन गरीबो को पूरी तरह से मिले, घटतौली को लेकर किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। अपात्र/फर्जी अन्त्योदय कार्ड निरस्त कर पात्र लोगों को उपलब्ध कराए जाएं।

बैठक में मा0 मंत्री जी ने जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा जनपद में किए गए नवाचार जैसे न्यायालय आपके द्वार, पंचायत स्तर पर ज्ञानालय/लाइब्रेरी की स्थापना, कोड योगी एआई, आपरेशन दस्तक आदि की सराहना करते हुए कहा कि सभी अधिकारी गण अपने-अपने विभागों में नवाचारों का समावेश कर जन कल्याण हेतु बेहतर कार्य करने का प्रयास करें। इस मौके पर मा0 मंत्री जी एवं सांसद द्वारा मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा को उनके उत्कृष्ट कार्यों हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही उनकी पदोन्नति व स्थानान्तरण को लेकर शुभकामनाएं व्यक्त की गयीं। इस अवसर पर सभागार में उपस्थित सभी जन प्रतिनिधियों, अधिकारियो व कर्मचारियों द्वारा पहलगाम हमले में जान गवाने वाले लोगों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुन सिंह, म विधायक सदर पंकज गुप्ता, म विधायक मोहान बृजेश रावत, विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर, विधायक बांगरमऊ श्रीकान्त कटियार, विधायक पुरवा अनिल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुशील कुमार गौंड, सहायक कलेक्टर शौर्य अरोडा सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# प्लेआफ की प्रबल दावेदार मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस आमने सामने

एजेंसी

मुंबई। प्लेआफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार मुंबई इंडियंस का सामना आईपीएल में मंगलवार को गुजरात टाइटंस से होगा तो फॉर्म में चल रहे गुजरात के शीर्षक्रम के तीनों बल्लेबाजों के लिये बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कड़ी चुनौती होगी। सभी टीमों में सर्वश्रेष्ठ नेट रनरेट वाली मुंबई की टीम को बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे ताकि प्लेआफ में प्रवेश कर सके। पांच बार की चैम्पियन टीम इनमें से दो मैच अपने मैदान पर खेलेगी जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। वहीं चौथी रैंकिंग वाली गुजरात की टीम को अभी चार मैच खेलने हैं जिनमें से दो अहमदाबाद में खेलने हैं जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम को भी प्लेआफ में पहुंचने के लिये दो मैच और जीतने हैं। गुजरात के बी साइ सुदर्शन (504 रन), जोस बटलर (470) और कप्तान गिल




(465) जबर्दस्त फॉर्म में हैं। अब उन्हें मुंबई के ट्रेंट बोल्ट (16 विकेट), हार्दिक पंड्या (13), जसप्रीत बुमराह (11) और दीपक चाहर (नौ) का सामना करना है जो आसान नहीं होगा। मुंबई के जीत की राह पर लौटने के बाद से इन्होंने किसी मैच में 200 से अधिक रन विरोधी टीम को बनाने नहीं दिये हैं। मुंबई खराब शुरूआत के बाद लगातार छह मैच जीतकर आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। गुजरात की सफलता की कुंजी उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन रही है। दूसरी ओर मुंबई को भी लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात के शानदार रिकॉर्ड से चिंता हो रही होगी। गुजरात ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन मैच भारी अंतर से जीते हैं। गुजरात के शीर्ष तीन बल्लेबाजों के शानदार फॉर्म के कारण बाकी बल्लेबाजों की परीक्षा नहीं हो सकी है। मध्यक्रम में शेरफान रदरफोर्ड (201) को कुछ मौका मिला है। मुंबई के गेंदबाजों का लक्ष्य अब गुजरात के शीर्षक्रम को सस्ते में आउट करने का होगा। तीन सत्र पहले हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने पदार्पण के साथ आईपीएल खिताब जीता था। वही हार्दिक अब मुंबई के कप्तान हैं जिसने बेहद औसत शुरूआत के बाद वापसी की है। हार्दिक खुद 157 रन बनाने के साथ 13 विकेट ले चुके हैं। रोहित शर्मा (293 रन) और सूर्यकुमार यादव (475 रन) भी फॉर्म में हैं। रियान रिकेलटन (334 रन) धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ चुके हैं। तिलक वर्मा (239) और नमन धीर (155) बल्लेबाजी को गहराई देते हैं। वहीं कैगिसो रबाडा की गैर मौजूदगी में भी गुजरात के गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। रबाडा मनोरंजन के लिये प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के कारण प्रतिबंध झेल रहे हैं और अभी यह पता नहीं है कि वह लौट पायेंगे या नहीं। गुजरात के प्रसिद्ध कृष्णा 19 विकेट लेकर परपल कैप पहन चुके हैं जबकि मोहम्मद सिराज ने 14 और आर साइ किशोर ने 12 विकेट लिये हैं।

# श्रीकांत, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की नजरें ताइपे ओपन में लय हासिल करने पर

एजेंसी



ताइपे। लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे किदाम्बी श्रीकांत और कई भारतीय युवा बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 240000 डॉलर ईनामी राशि के ताइपे ओपन में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत लगातार चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं जिसके कारण वह मौजूदा बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में 61वें स्थान पर खिसक गए हैं। विश्व चैम्पियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता 32 वर्ष के श्रीकांत पिछले साल 14 टूर्नामेंटों में खेले और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन स्विस ओपन में रहा जिसमें वह सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। इस साल श्रीकांत ने पांच टूर्नामेंट खेले और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट में रहा जिसमें वह क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे। श्रीकांत का सामना पहले दौर में हमवतन एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रहमण्यम से होगा जिन्होंने इस साल मार्च में स्विस ओपन में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराया था। विश्व जूनियर चैम्पियनशिप 2023 कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी पहले दौर में चीनी ताइपे के तीसरी वरीयता प्राप्त ली चिया हाओ से खेलेंगे। राष्ट्रीय खेल 2023 के स्वर्ण पदक विजेता तरूण मन्नेपल्ली का सामना जापान के शोगो ओगावा से होगा जबकि एम लुवांग मेसनाम की टक्कर सातवीं वरीयता प्राप्त कनाडा के ब्रायन यांग से होगा। महिला वर्ग में अनुपमा उपाध्याय और उन्नति हुड्डा पहले दौर में आमने सामने होंगी। अनमोल खरब और रक्षिता श्री संतोष रामराज की नजरें भी आगे तक जाने पर लगी होंगी। आकर्षि कश्यप भी दौड़ में है।

# मैं बहुत आगे के बारे में नहीं सोचता और वर्तमान में जीने का पूरा आनंद लेता हूं: अर्शदीप सिंह

एजेंसी

धर्मशाला। पंजाब किंग्स की लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ आईपीएल मैच में जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का जीवन जीने का तरीका बेहद सरल है, बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना और वर्तमान में जीने का पूरा आनंद लेना।

अर्शदीप ने लखनऊ के चोटी के तीन बल्लेबाजों को आउट करके पंजाब को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने अब तक आईपीएल के वर्तमान सत्र में 11 मैचों में 16 विकेट ले लिए हैं और प्रसिद्ध कृष्णा (19 विकेट) और जोश हेज़लवुड (18 विकेट) के बाद सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। अर्शदीप ने मैच के बाद कहा, ''मैं बहुत आगे के बारे में नहीं सोचता और अभी केवल वर्तमान में जीने का पूरा आनंद ले रहा हूं। हम एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, '''यहां शुरू में गेंद को थोड़ा मूवमेंट मिल रहा था और मैंने वास्तव में इसका पूरा आनंद लिया। अर्शदीप खुश हैं कि वह पावरप्ले के अंदर मिशेल मार्श, एडेन मार्क्रम और निकोलस पूरन जैसे धाकड़ बल्लेबाजों के विकेट लेने में सफल रहे। उन्होंने कहा,''मैं बस उसे (मार्श को आउट करने के लिए नेहल वढेरा का कैच) गेंद की ओर दौड़ते हुए देख रहा था। मैं प्रार्थना कर रहा था बस इसे पकड़ लो क्योंकि आप जानते हैं कि मिच एक बहुत ही खतरनाक खिलाड़ी है। इस विकेट का पूरा श्रेय नेहल को जाता है। अर्शदीप ने कहा, ''लखनऊ के चोटी के तीन बल्लेबाज ही अधिक रन बना रहे थे इसलिए हमने सोचा कि अगर हम उनको जल्दी आउट कर देते हैं तो हमारा पलड़ा भारी रहेगा। हमने अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया।

# इंग्लिश को तीसरे नंबर पर भेजना अय्यर का फैसला था: पोंटिंग

एजेंसी



धर्मशाला। पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया कि लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव का सामना करने के लिए जोश इंग्लिश को बल्लेबाजी के लिए तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला कप्तान श्रेयस अय्यर का था। इंग्लिश ने इस सत्र में अधिकतर समय मध्यक्रम में बल्लेबाजी की थी। लखनऊ के खिलाफ उन्होंने मयंक को अपने निशाने पर रखा तथा 14 गेंद में 30 रन बनाए। पंजाब ने यह मैच 37 रन से जीता। पोंटिंग ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''इंग्लिश को तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला कप्तान का था। यहां की पिच और विरोधी टीम के आक्रमण को देखते हुए उनका मानना था कि अगर विकेट जल्दी गिर जाता है तो फिर इंग्लिश को भेजना सही होगा। उन्होंने कहा, ''हम यह मानकर चल रहे थे कि मयंक शुरू में गेंदबाजी करेगा। अगर आप उसकी गेंदबाजी पर गौर करो तो वह बहुत अधिक शॉर्ट पिच गेंदबाजी करता है और इंग्लिश इस तरह की गेंदों को खेलने में माहिर है जैसा कि हमने इस मैच में भी देखा। उनके पुल शॉट अद्भुत थे। पोंटिंग ने कहा, ''इंग्लिश को तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला लखनऊ के लिए भी हैरानी भरा था और इसका हमें फायदा मिला। हमारी बल्लेबाजी में काफी गहराई है और इससे हमारे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका मिलता है। लखनऊ के बल्लेबाज और 40 गेंद पर 74 रन बनाने वाले आयुष बडोनी ने स्वीकार किया कि पंजाब किंग्स से हार में पावरप्ले में तीन विकेट खोना महंगा साबित हुआ। लखनऊ ने 200 से अधिक रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने चोटी के तीन बल्लेबाज मिशेल मार्श, निकोलस पूरन और एडेन मार्क्रम के विकेट जल्दी को दिए थे। बडोनी ने मैच के बाद कहा, ''मुझे लगता है कि हम 10-15 रन और रोक सकते थे, लेकिन लक्ष्य अभी भी हासिल किया जा सकता था। विकेट बहुत अच्छा था। उन्होंने कहा, ''पावर प्ले में हमारा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। अगर हमने बेहतर शुरुआत की होती तो नतीजा किसी भी तरफ जा सकता था।

## प्लेआफ का सपना अभी भी बरकरार, हम हालात बदल सकते हैं : पंत

धर्मशाला। खराब प्रदर्शन से निराश लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने अभी भी आईपीएल प्लेआफ में प्रवेश की उम्मीद छोड़ी नहीं है और उनका मानना है कि बाकी तीन मैचों में उनकी टीम हालात बदल सकती है। बल्लेबाजों के एक बार फिर खराब प्रदर्शन के कारण लखनऊ को रविवार को पंजाब किंग्स ने 37 रन से हराया। लखनऊ के अब 11 मैचों में दस अंक है और तालिका में वह सातवें स्थान पर है। टीम का नेट रनरेट माइनस 0.47 है और सिर्फ बाकी तीन मैच जीतने से पंत की टीम प्लेआफ में नहीं पहुंच सकेगी। पंत ने मैच के बाद कहा ,'' सपना अभी भी बरकरार है। अगर हम अगले तीन मैच जीत जाये तो हालात बदल सकते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि 236 रन का लक्ष्य बहुत अधिक था और उनकी फील्डिंग भी औसत रही। उन्होंने कहा,हमने बहुत रन दे दिये। निर्णायक समय पर कैच टपकाने का खामियाजा भुगतना पड़ता है।

# सोने के भाव में तेजी, चांदी की घटी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। पिछले कुछ दिन से लगातार गिरावट का सामना करने के बाद आज घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में तेजी का रुख नजर आ रहा है। दूसरी ओर, चांदी की कीमत में आज 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। सर्राफा बाजारों में सोना आज 200 रुपये से लेकर 220 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 95,730 रुपये से लेकर 95,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 87,750 रुपये से लेकर 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 95,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 95,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 95,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 87,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 95,730 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 95,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 95,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 95,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 87,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 95,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 95,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# एफ1 मियामी जीपी 2025: पियास्त्री ने लगाई जीत की हैट्रिक

एजेंसी

मियामी। ऑस्कर पियास्त्री ने रविवार को मियामी ग्रां प्री जीतकर न केवल अपनी लगातार तीसरी जीत हासिल की, बल्कि मैकलॉरेन टीम को भी एक और यादगार वन-टू फिनिश दिलाया। चौथे स्थान से रेस शुरू करने वाले ऑस्ट्रेलियाई ड्राइवर ने शानदार तरीके से आगे बढ़ते हुए जीत दर्ज की और अब वह चैंपियनशिप में टीममेट लैंडो नॉरिस से 16 अंकों से आगे हैं। दो साल पहले मियामी में सबसे धीमी टीम कही जाने वाली मैकलॉरेन ने अब वही रेस 35 सेकंड से ज्यादा के अंतर से जीत ली। पियास्त्री ने जीत के बाद कहा, “यह अविश्वसनीय है कि हम वहीं हैं जहां पहले हम लैप डाउन होते थे। रेड बुल के मौजूदा चैंपियन मैक्स वेरस्टैपेन पोल पोजिशन से रेस शुरू करने के बावजूद चौथे स्थान पर रहे। मैकलॉरेन के दोनों ड्राइवरों ने उन्हें ओवरटेक किया और मियामी में पोल पोजिशन से जीत नहीं होने की परंपरा को कायम रखा। मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल तीसरे स्थान पर रहे, लेकिन वह भी विजेता से 37.644 सेकंड पीछे रहे। विलियम्स के एलेक्स एल्बोन पांचवें स्थान पर रहे, जबकि मर्सिडीज के किमी एंटोनेली और फ़ेरारी के चार्ल्स लेक्लेर व लुईस हैमिल्टन क्रमशः छठे, सातवें और आठवें स्थान पर रहे। रेस की पहली लैप में ही रोमांच देखने को मिला जब लैंडो नॉरिस और मैक्स वेरस्टैपेन के बीच टर्न-2 पर टक्कर हुई, जिससे नॉरिस को ट्रैक से बाहर जाना पड़ा और तीन स्थानों का नुकसान हुआ। हालांकि, स्टीवर्ड्स ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। नॉरिस ने कहा, “अगर मैं आगे नहीं जाता तो लोग शिकायत करते, और अगर जाता हूं तो भी शिकायत होती है। मैक्स के साथ तो या टक्कर होगी या ओवरटेक नहीं हो पाएगा। पियास्त्री ने एंटोनेली को लैप-4 में ओवरटेक किया और फिर वेरस्टैपेन को भी पीछे छोड़ा। नॉरिस ने भी शानदार वापसी करते हुए लैप-17 तक वेरस्टैपेन को पार किया।

## संक्षिप्त समाचार

### रूड ने ड्रेपर को हराकर अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीता

**मैड्रिड।** कैस्पर रूड रविवार को मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जैक ड्रेपर को 7-5, 3-6, 6-4 से हराकर मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले नॉर्वे के पहले खिलाड़ी बन गये। रूड ने पहले सेट में 5-3 से पिछड़ने के बाद वापसी की और तीसरे सेट में अपने एकमात्र ब्रेक प्वांइट का फायदा उठाकर जीत पक्की कर ली। रूड ने मैच के बाद कहा, ''यहां चैंपियन बनना मेरे बड़े लक्ष्यों में से एक था जिसके बारे में मैंने तब सपना देखा था जब मैं छोटा था, इसलिए इसे पूरा करना एक अविश्वसनीय अहसास है। इस जीत से रूड विश्व रैंकिंग में फिर से चोटी के 10 खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं।

### बीपीएसएल पर न्यायालय की आदेश की समीक्षा कर रहे हैं, आगे का रुख जल्द तय करेंगे : नागराजू

**मुंबई।** सरकार भूषण पावर एंड स्टील (बीपीएसएल) के मामले में उच्चतम न्यायालय के आदेश की समीक्षा कर रही है और जल्द आगे की रणनीति को अंतिम रूप देगी। उच्चतम न्यायालय ने बीपीएसएल के परिसमापन का आदेश दिया है। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम नागराजू ने सोमवार को एक कार्यक्रम के मौके पर संवाददाताओं से कहा, ''मैंने सभी ऋणदाताओं के साथ पहले ही आदेश की समीक्षा कर ली है। हमने फैसले का अध्ययन किया है, हमने फैसले पर अपने अधिवक्ताओं की राय ली है। अब हम सरकार से इस बारे में राय ले रहे हैं कि हम फैसले को किस तरह से देखें। हम जल्द ही इसे अंतिम रूप देंगे। नागराजू ने यह भी कहा कि मामले में वरिष्ठ सरकारी अधिवक्ताओं की राय मांगी जाएगी। उन्होंने कहा कि आदेश पर 'गंभीरता से विचार' करने की जरूरत है। न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की उच्चतम न्यायालय की पीठ ने शुक्रवार को बीपीएसएल के अधिग्रहण के लिए जेएसडब्ल्यू स्टील की 19,350 करोड़ रुपये की बोली को खारिज कर दिया था क्योंकि इसने दो साल से अधिक समय तक समाधान योजना का अनुपालन नहीं किया था। पीठ ने कंपनी की परिसंपत्तियों के परिसमापन का आदेश दिया था। उच्चतम न्यायालय के फैसले को ऋणदाताओं के लिए एक झटका माना जा रहा है, जिन्हें अब अपनी प्राप्तियों पर बड़ी कटौती का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि परिसमापन प्रक्रिया में आमतौर पर काफी कम रकम मिलती है। सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) बीपीएसएल के प्रमुख ऋणदाता हैं। बैंक या जेएसडब्ल्यू इसे आदेश के खिलाफ अपील दायर कर सकते हैं। इस बीच, नागराजू ने यह भी कहा कि आईडीबीआई बैंक की हिस्सेदारी की बिक्री चालू कैलेंडर साल में पूरी हो जाएगी।

### भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते में कुछ मुद्दे अभी भी अनसुलझे : सूत्र

**ड्य हक्ल्ल।** भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) समेत तीन समझौतों पर बातचीत पूरी होने में कुछ और समय लग सकता है, क्योंकि दोनों पक्षों को अभी कुछ लंबित मुद्दों को सुलझाना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच जिन तीन समझौतों पर बातचीत चल रही है, उनमें चार या पांच मुद्दे हैं। जिन तीन समझौतों पर बातचीत चल रही है, वे हैं ऽ एफटीए, द्विपक्षीय निवेश समझौता (बीआईटी) और सामाजिक सुरक्षा समझौता (आधिकारिक तौर पर डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन एग्रीमेंट)। पिछले सप्ताह लंदन में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य राज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के बीच हुई बैठकों के दौरान वार्ता की प्रगति की समीक्षा की गई। एक सूत्र ने कहा, कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे अभी भी बने हुए हैं। कुछ और बैठकें होंगी।ङ्क जिन मुद्दों पर कुछ और चर्चा की आवश्यकता हो सकती है, उनमें बीआईटी में सनसेट क्लॉज, ब्रिटेन का नया कार्बन कर और डेटा स्थानीयकरण शामिल हैं। दोनों पक्ष 29 अप्रैल को लंदन में इन वार्ताओं के समापन की घोषणा करने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन अंतिम समय में मतभेद उभर आए। गोयल ने 29 अप्रैल को लंदन की अपनी दो दिवसीय यात्रा पूरी की। इसके बाद उन्होंने दो मई को लंदन लौटने से पहले ओस्लो (नॉर्वे) और ब्रसेल्स का दौरा किया। केंद्रीय मंत्री रविवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंच रहे हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नौ अप्रैल को अपने ब्रिटिश समकक्ष चांसलर रेचल रीव्स के साथ 13वीं मंत्रिस्तरीय भारत-ब्रिटेन आर्थिक और वित्तीय वार्ता (ईएफडी) को सकारात्मक रूप से पूरा किया और समझौते की वार्ता को जल्द ही पूरा करने की उत्सुकता व्यक्त की। इससे पहले 24 फरवरी को गोयल और ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने दोनों देशों के बीच प्रस्तावित एफटीए के लिए बातचीत फिर से शुरू करने की घोषणा की थी। आठ महीने से अधिक समय के अंतराल के बाद वार्ता बहाल हुई।

## बीते वित्त वर्ष में लौह अयस्क उत्पादन 4.3 प्रतिशत बढ़कर 28.9 करोड़ टन पर

नयी दिल्ली। देश का लौह अयस्क उत्पादन बीते वित्त वर्ष 2024-25 में 4.3 प्रतिशत बढ़कर 28.9 करोड़ टन रहा है। खान मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। लौह अयस्क का उत्पादन 2023-24 में 27.7 करोड़ टन रहा था। लौह अयस्क के उत्पादन में निरंतर वृद्धि उपयोगकर्ता उद्योग यानी इस्पात में मजबूत मांग की स्थिति को दर्शाती है। मैंगनीज अयस्क का उत्पादन 2024-25 में बढ़कर 38 लाख टन हो गया, जो 2023-24 में 34 लाख टन था। प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन 2023-24 के 41.6 लाख टन (एलटी) से बढ़कर पिछले वित्त वर्ष में 42 लाख टन हो गया। परिष्कृत तांबे के उत्पादन में 12.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 2023-24 के 5.09 लाख टन से बढ़कर 2024-25 में 5.73 लाख टन हो गया। भारत दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है। इसके अलावा यह परिष्कृत तांबे के शीर्ष 10 उत्पादकों में से एक है और दुनिया में चौथा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक है।

# कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट ने रचा इतिहास अप्रैल में देश का सबसे तेज़ी से बढ़ता बंदरगाह बना

एजेंसी

कोलकाता। श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट (एसएमपी), कोलकाता ने अप्रैल 2025 में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए देश का सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला प्रमुख बंदरगाह बनने का गौरव हासिल किया है। अप्रैल महीने में एसएमपी ने 45.32 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए 5.967 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कार्गो का संचालन किया, जबकि अप्रैल 2024 में यह आंकड़ा 4.106 एमएमटी था।



यह उपलब्धि ऐसे समय में हासिल हुई है जब वैश्विक स्तर पर आर्थिक मंदी और समुद्री व्यापार में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद एसएमपी कोलकाता ने देश के अन्य प्रमुख बंदरगाहों को पीछे छोड़ दिया है। एसएमपी के अध्यक्ष रथेंद्र रमन ने इस उपलब्धि के लिए अपनी टीम की प्रतिबद्धता और मेहनत को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, “यह सफलता हमारे एसएमपी परिवार की अटूट प्रतिबद्धता और दक्षता का परिणाम है। मैं बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय का आभार व्यक्त करता हूं, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग ने इस वृद्धि को संभव बनाया। मैं सभी हितधारकों, पोर्ट यूजर्स और अपनी पूरी टीम का हृदय से धन्यवाद करता हूं। एसएमपी कोलकाता के अंतर्गत दो डॉक सिस्टम हैं हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स (एचडीसी) और कोलकाता डॉक सिस्टम (केडीएस)। अप्रैल 2025 में एचडीसी ने 4.363 एमएमटी कार्गो का संचालन किया, जो अप्रैल 2024 में 2.993 एमएमटी था। यह 45.77 प्रतिशत की वृद्धि है। वहीं केडीएस ने अप्रैल 2025 में 1.604 एमएमटी कार्गो संभाला, जबकि अप्रैल 2024 में यह आंकड़ा 1.113 एमएमटी था, जो करीब 44.12 प्रतिशत की वृद्धि है। कार्गो हैंडलिंग में यह उछाल विभिन्न वस्तुओं के तेज़ी से बढ़ते संचालन के कारण हुआ। अप्रैल 2025 में एसएमपी कोलकाता ने कुल 75,716 टीईयू (ट्वेंटी फुट इक्विवेलेंट यूनिट्स) कंटेनर हैंडल किए, जिनमें से 62,021 टीईयू केडीएस और 13,695 टीईयू एचडीसी में संभाले गए। यह अप्रैल 2024 के 57,717 टीईयू की तुलना में 31.18 प्रतिशत की वृद्धि है। अधिकारियों के अनुसार, केडीएस अब एक प्रमुख कंटेनर हैंडलिंग सुविधा के रूप में उभर रहा है। हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स में पेट्रोलियम उत्पाद, एलपीजी, अन्य लिक्विड, वनस्पति तेल, कोकिंग कोल, थर्मल कोल, अन्य कोयला, मेटलर्जिकल कोक, रॉ पेट्रोलियम कोक, मैंगनीज अयस्क, अन्य अयस्क, फ्लाई ऐश, दालें, कंटेनर टन और टीईयू में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। वहीं कोलकाता डॉक सिस्टम की वृद्धि का श्रेय तैयार खाद, कोकिंग कोल, अन्य कोयला, दालें, मेटलर्जिकल कोक, अनाज, कंटेनर टन और टीईयू को जाता है।

# नीलिमा ठाकुर की इंस्पायरिंग इंडियन कॉफी टेबल बुक वॉल्यूम 5 और इंस्पायरिंग इंडियंस अवाड्र्स का भव्य विमोचन समारोह संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। भारतीय विद्यापीठ यूनिवर्सिटी सभागार, दिल्ली में धर्मार्थ समर्पण न्यास द, एआर के फाउंडेशन स्टूडियो और कृष्ण वेलफ़ेयर ट्रस्ट के सौजन्य से पत्रकार लेखिका नीलिमा ठाकुर की इंस्पायरिंग इंडियन कॉफी टेबल बुक वॉल्यूम 5 और इंस्पायरिंग इंडियंस अवाड्र्स का का भव्य विमोचन समारोह संपन्न हुआ।

यह पुस्तक देश व समाज के लिए कार्य करने वाले वास्तविक और प्रेरणादायक व्यक्तित्वों की अनूठी कहानियों को समर्पित है।इस बार का अंक युवा शक्ति और महिला सशक्तिकरण को समर्पित रहा।

कवर स्टोरी से योगप्रेक्षाविद श्वेता मिश्रा की रही,फ्रंट स्टोरी में उद्यमी समाजसेवी विनोद सिंह रहे,अमितेज प्रियदर्शी,अभिषेक सिंह,श्रुति जोशी,मोनिका गुप्ता,सोनिका सिंह,अघोरी नरेंद्र मुनि,शिवा दादू,कई प्रमुख लोगों की कहानियां शामिल रही। डायमंड गेस्ट के तौर पर,उद्यमी समाजसेवी सुभाष डावर जी,मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरणविद् श्री मांगे राम चौहान, फिटजी ब्रांड एंबेसडर एवं योगा कोच पंखुड़ी श्रीवास्तव,उद्यमी आर.सी. बंसल जी जगद्गुरु स्वामी संदीपानी जी समाजसेवी महाराज सिंह जी शामिल हुए। सेलिब्रिटी अतिथियों में नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियन कुदसिया नजीर, मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड डायना देवी, बॉलीवुड अभिनेता अमित अंतिल, सूफी गायक सागर कथा, एवं फाइव सीजन अकादमी की निदेशक अनुराधा राय विशेष रूप से शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में डायना मिस एंड मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड के पोस्टर का भी विमोचन किया गया।जो कि थन्द्म फाउंडेशन स्टूडियो का अगला कार्यक्रम होगा।

इंस्पायरिंग अवाड्र्स सेक्शन में इस आयोजन में देश के 21 युवाओं और नारीशक्ति को सम्मानित किया गया, जिनमें समाजसेवी,ॠतु तोमर,नीलम पंवार,रोहन राठी,महोम्मद वासित,शिवा गिल,शमरन जीत गिल ,अमजद आलम व अन्य शामिल थे।जो समाज में अपने कार्यों से सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयासरत है। ये अवॉर्डी देश के अलग अलग हिस्सों से दिल्ली में जुटे। पूर्वांचल के पी सी एस अधिकारी श्री अजीत प्रताप सिंह जी की वानर सेना को ह्यूमैनिटी अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस संस्था ने कोविंद काल से अब तक हजारों लोगों की मदद की है, विभिन्न क्षेत्रों में। कार्यक्रम में धर्माथ समर्पण न्यास परिवार के द्वारा शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने वाले लोगों को प्रोत्साहन सम्मान दिया गया। कार्यक्रम की एंकर रितिका कश्यप रही,

मुख्य सहयोगी संस्थाएं में समाचार 24 प्लस, दिव्या दिल्ली न्यूज़ नेटवर्क, फाइव सीजन अकादमी, एलाइंस इंडिया, ओरा फूड्स, Suved फूड्स, योगानोमी वैलनेस, हैप्पी योगा, और वर्मा पैथ लैब्स ने सहयोग किया। Ark फाउंडेशन और धर्मार्थ समर्पण न्यास और कृष्ण वेलफ़ेयर ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों और मेंबर्स ने इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया।विशाल एजुकेशनल ट्रस्ट के द्वारा हर साल 7 जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के लिए एडॉप्ट किया जाता है। समाज में कार्य करने वाले लोगों को ऐसे कार्यक्रम के द्वारा बड़ा प्रोत्साहन मिलता है।

# देश की आंतरिक, बाह्य सुरक्षा मसले पर केन्द्र के साथ हैं: ममता

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दोहराया है कि आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के मुद्दे पर वह केंद्र सरकार के साथ हैं।

तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने सोमवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान यह बात कही। वह स्थिति का जायजा लेने के लिए मुर्शिदाबाद के दौरे पर हैं। उन्होंने 11 और 12 अप्रैल को वक्फ विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रभावित लोगों से भी बात की। सुश्री बनर्जी बरहामपुर में रुककर एक प्रशासनिक बैठक करेंगी। वह लोगों से मिलने के लिए मंगलवार को धुलियान और सुती भी जायेंगी। हमने स्पष्ट रूप से कहा है कि हमारी पार्टी (तृणमूल कांग्रेस) आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार के साथ है। हम यहां फूट डालो और राज करो की नीति नहीं अपना रहे हैं। सुश्री बनर्जी ने कहा, मैं मुर्शिदाबाद पहले भी जा सकती थी, लेकिन अगर वहां शांति और स्थिरता नहीं है, तो हमें वहां जाकर अशांति नहीं फैलानी चाहिए। आज मैं वहां जा रही हूं, क्योंकि वहां अब स्थिरता है। मैं बरहामपुर पहुंचकर समीक्षा बैठक करूंगी। कल मैं धुलियान जाऊंगी और जिन लोगों के घर और दुकानें क्षतिग्रस्त हुई हैं, उन्हें जरूरी मुआवजा प्रदान करूंगी। गौरतलब है कि सड़क मार्ग से मुर्शिदाबाद की सुश्री बनर्जी की यात्रा सीमावर्ती जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध के दौरान सांप्रदायिक हिंसा के लगभग तीन सप्ताह बाद हुई है। यह विरोध प्रदर्शन 11 अप्रैल को हिंसक हो गया था, जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। इस दौरान बड़े पैमाने पर लोग विस्थापित भी हुए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि वह सड़क मार्ग से ही आगे की यात्रा करेंगी, क्योंकि खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर से यात्रा करना खतरनाक होगा। इधर, दीघा जगन्नाथ मंदिर विवाद पर उन्होंने कहा कि वह पुरी के मंदिर और जगन्नाथ धाम का सम्मान करती हैं। उन्होंने कहा, हम पुरी के मंदिर का सम्मान करते हैं और हम जगन्नाथ धाम का भी सम्मान करते हैं। काली मंदिर और गुरुद्वारा पूरे देश में हर जगह हैं। मंदिर वहां और हर जगह हैं। फिर इस मुद्दे पर इतना गुस्सा क्यों है। गौरतलब है कि सुश्री बनर्जी 30 अप्रैल को दीघा में जगन्नाथ मंदिर के उद्घाटन के दौरान मौजूद थीं।

# जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक खतरा: धनखड़

एजेंसी



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जलवायु परिवर्तन को वैश्विक संकट करार देते हुए कहा है कि स्वस्थ वन स्वस्थ जीवन का आधार हैं।

श्री धनखड़ ने सोमवार को सिरसी के वानिकी महाविद्यालय में 'राष्ट्र निर्माण में वानिकी की भूमिका' विषय पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि हमें अपने वनों की रक्षा करने और हर संभव तरीके से योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए, क्योंकि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चुनौती है। उन्होंने कहा कि यह एक वैश्विक खतरा है और स्थिति चिंताजनक रूप से गंभीर है। उन्होंने कहा कि वन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि किसी देश के वन अच्छी स्थिति में हैं, तो उसके लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा कि कृषि हमारी जीवन रेखा है। लेकिन हमें वनों की आवश्यकता है क्योंकि वे जलवायु को नियंत्रित करते हैं, आपदाओं को कम करते हैं, और आजीविका का सहयोग करते हैं । उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत भूमि आध्यात्मिकता और स्थिरता का संगम है। स्थिरता सिर्फ़ अर्थव्यवस्था के लिए ही ज़रूरी नहीं है। यह स्वस्थ जीवन के लिए भी ज़रूरी है। हमारी वैदिक संस्कृति ने हज़ारों सालों से स्थिरता का उपदेश दिया है। और आज, सतत विकास के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हम प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन नहीं कर सकते। हमें खुद को सिर्फ़ न्यूनतम ज़रूरतों तक सीमित रखना चाहिए। हम सभी को इसके बारे में जागरूक होने की ज़रूरत है। गहन पारिस्थितिक चेतना का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि हमें आत्म-बोध की भावना विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण जीवन का वह पहलू है जो पृथ्वी पर रहने वाले हर जीव को प्रभावित करता है। जब पर्यावरण को चुनौती दी जाती है, तो यह चुनौती सिर्फ़ मानवता के लिए नहीं होती बल्कि यह इस ग्रह पर मौजूद हर चीज़ को प्रभावित करती है।

# सरकार निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू कर 50 फीसदी की सीमा हटाए : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार को निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू कर देश में आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की दिशा में कदम उठाने चाहिए।

कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अनिल जयहिंद, अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेश लिलोथिया तथा आदिवासी विभाग के अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार को निजी शिक्षण संस्थानों में कमजोर वर्गों के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल कर उन्हें आरक्षण देना चाहिए और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करनी चाहिए।

डॉ जयहिंद ने कहा, हमारे देश में जब मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री और अर्जुन सिंह जी शिक्षा मंत्री थे तब संविधान में 93वां संशोधन हुआ जिसमे एक अनुच्छेद 15(5) बना जिसके तहत दलितों, आदिवासियों तथा सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए शिक्षण संस्थानों में आरक्षण का प्रावधान हुआ। उस समय सरकारी संस्थानों में ये आरक्षण लागू हो गया लेकिन निजी संस्थानों के लोग इसे कोर्ट में ले गए, जहां ये मामला चलता रहा है। इस अनुच्छेद में कहा गया कि राज्य को समाज के किसी भी सामाजिक और शैक्षणिक रूप से वंचित वर्ग के साथ अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की प्रगति के लिए समायोजन से संबंधित कुछ विशिष्ट प्रावधानों को स्थापित करने का अधिकार है। उन्होंने कहा, जनवरी 2014 में ये तय किया गया कि सरकार निजी शैक्षणिक संस्थानों में दलितों, आदिवासियों और सामाजिक व शैक्षणिक रुप से पिछड़े वर्गों को आरक्षण दे सकती है। फिर देश में आम चुनाव हुए और एक नई सरकार अस्तित्व में आई। पिछले 11 वर्षों से संविधान में ये प्रावधान है कि निजी संस्थानों में दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों को आरक्षण दिया जा सकता है, लेकिन इसके लिए एक विधि निर्माण की जरूरत है। पर अफसोस है कि मोदी सरकार ने आजतक वो विधि निर्माण नहीं किया है, जिसके कारण समाज के वंचित-शोषित वर्ग को आज भी शिक्षा का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ख़ुद को ओबीसी कहते हैं और सबका साथ सबका विकास की बात करते हैं, लेकिन 11 साल से ख़ुद इसपर कुंडली मारकर बैठे हैं। देश के 100 करोड़ से ज़्यादा दलित, पिछड़े और आदिवासियों को संविधान के अधिकार से वंचित रखा जा रहा है। श्री लिलोथिया ने कहा, हमारी पार्टी ने पूरे देश में आरएसएस की मानसिकता के विरुद्ध लड़ाई लड़ी है। हमारे जननायक और संविधान रक्षक राहुल गांधी जी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' और 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के माध्यम से सामाजिक न्याय की आवाज उठाई।

# भारत और जापान ने आतंकवाद से निपटने में वैश्विक सहयोग पर बल दिया

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत और जापान ने सभी तरह के आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए इससे निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की जरूरत पर बल दिया है साथ ही जापान ने पहलगाम आतंकवादी हमले पर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए पूरे समर्थन की बात कही है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत यात्रा पर आये जापान के रक्षा मंत्री जनरल नकातानी के साथ सोमवार को यहां द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने सभी तरह के आतंकवाद की निंदा की और इस संबंध में वैश्विक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। रक्षा मंत्री ने भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद की पाकिस्तान की नीति की निंदा की, जिसे सरकार के और सरकार से इतर तत्वों के माध्यम से अंजाम दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के हमले क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को अस्थिर करते हैं। श्री सिंह ने आतंकवाद और इसे बढ़ावा देने वाली सरकार प्रायोजित कार्रवाइयों के खिलाफ एकजुट रुख अपनाने का आह्वान किया।

जापानी रक्षा मंत्री ने पहलगाम में हुए दुखद आतंकवादी हमले पर संवेदना व्यक्त की और भारत को पूर्ण समर्थन देने की बात कही की। श्री सिंह ने द्विपक्षीय वार्ता के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा , ल्ल नई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी सैन से मिलकर बहुत खुशी हुई। भारत और जापान के बीच विशेष, रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान हमने रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने सभी रूपों में आतंकवाद की निंदा की और सीमा पार खतरों का मुकाबला करने के लिए सहयोग और संयुक्त प्रयासों को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। नाकातानी सैन ने पहलगाम हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और भारत को पूर्ण समर्थन देने की पेशकश की। दोनों मंत्रियों ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के रक्षा और सुरक्षा स्तंभों की समीक्षा की। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने और क्षेत्रीय शांति में योगदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच रक्षा अभ्यासों और आदान-प्रदानों की बढ़ती विविधता और आवृत्ति का स्वागत किया, और इन जुड़ावों के दायरे और जटिलता को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने भारत और जापान के बीच मजबूत समुद्री सहयोग में नए आयाम जोड़ने पर सहमति व्यक्त की। श्री सिंह ने भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमता , विशेष रूप से टैंक इंजन तथा एयरो इंजन सहित नए क्षेत्रों में जापानी पक्ष के साथ सहयोग की की संभावना का उल्लेख किया। उन्होंने रखरखाव मरम्मत और ओवरहाल संचालन के क्षेत्रों में क्षमताओं पर प्रकाश डाला। दोनों पक्षों ने स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में सहयोग का पता लगाने सहित उद्योग क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों मंत्रियों ने साइबर और अंतरिक्ष जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने का भी फैसला किया। भारत और जापान के बीच दीर्घकालिक मित्रता है और 2014 में इस सहयोग को विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी में बदलने के बाद इसमें कई गुणा बढोतरी हुई है। वार्ता द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ाने के लिए दोनों पक्षों की मजबूत प्रतिबद्धता के साथ समाप्त हुई। इससे पहले जापानी रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मानेकशॉ सेंटर में वार्ता से पहले तीनों सेनाओं द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के साथ जापानी रक्षा मंत्री का औपचारिक स्वागत किया गया।

# सिख दंगे के लिए कांग्रेस को कोई माफी नहीं: आप

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के दिखावटी प्रेम से जनता सिख दंगे के लिए कांग्रेस को माफ नहीं करने वाली है।

आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि सिख दंगे के दौरान बकायादा सिखों को चिंहित किया गया, बच्चों को मारा गया, लोगों को जिंदा जलाया गया और महिलाओं के साथ दुष्कर्म किए गए। राहुल गांधी द्वारा गलती स्वीकारने से क्या होगा? उस वक्त अंतर्राष्ट्रीय मीडिया ने कहा था कि यह कवर-अप की जननी है। कोर्ट के फैसले देखें तो लिखा है कि पुलिस और सरकार का नरसंहार में मिलीभगत देख कर हमारा सिर शर्म से झुक गया है। यह बहुत बड़ा नरसंहार था।

सुश्री कक्कड़ ने कहा कि इस नरसंहार के लिए जिम्मेदार राज्य सरकार और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के खिलाफ आज तक क्या कार्रवाई हुई? कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में हमेशा सज्जन कुमार और जगदीश टाइटलर को प्रमोट किया और श्री राहुल गांधी के कार्यकाल में ही कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनाया गया। श्री राहुल गांधी किस तरह से गलती स्वीकार कर रहे हैं। दिखावटी प्रेम से कुछ नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को उन नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए था, जिन पर दंगे में शामिल होने की बात साबित हुई लेकिन इन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। दिखावटी प्रेम से जनता इनको माफ नहीं करने वाली है। सिख दंगे में शामिल लोगों को सजा मिलनी चाहिए।

## पेज एक का शेष

### 'पाकिस्तान साइबर फोर्स'...

किया जा सके और वेबसाइट की अखंडता सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और एजेंसियां ??किसी भी अतिरिक्त साइबर हमले का पता लगाने के लिए साइबरस्पेस की सक्रिय रूप से निगरानी कर रही हैं। पाकिस्तान से जुड़े खतरनाक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इस निरंतर निगरानी का उद्देश्य साइबर हमलावरों द्वारा भविष्य में उत्पन्न होने वाले किसी भी जोखिम जल्दी से पता लगाकर उसे कम करना है।सूत्रों ने कहा है कि इस स्थिति में सुरक्षा ढांचे और डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करने तथा साइबर घुसपैठ के प्रयासों से सुरक्षा के लिए उचित और आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य सेनाओं को भविष्य के साइबर खतरों से बचाने के लिए तैयार करना है।

### वक्फ कानून पर...

चाहिए। यह मेरे समक्ष नहीं होगा। हम इसे न्यायमूर्ति गवई की पीठ के समक्ष रखेंगे। शीर्ष अदालत के समक्ष केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, ल्लहम पीठ से बात करने की कोशिश करेंगे, क्योंकि हर दलील का जवाब होता है, लेकिन वह मुख्य न्यायाधीश को उलझन में नहीं डालेंगे, क्योंकि समय नहीं है। वक्फ संशोधन अधिनियम का बचाव करते हुए सरकार ने कहा था कि निजी संपत्तियों और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए वक्फ प्रावधानों का दुरुपयोग किए जाने की खबरें आई हैं। केंद्र सरकार ने अपने एक हलफनामे में कहा, यह जानना वाकई चौंकाने वाला है कि वर्ष 2013 में लाए गए संशोधन (वक्फ कानून में) के बाद वक्फ के क्षेत्रफल में 116 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। मुगल काल से पहले, स्वतंत्रता पूर्व युग और स्वतंत्रता के बाद के युग में, भारत में बनाए गए वक्फों की कुल भूमि 18,29,163.896 एकड़ थी। चौंकाने वाली बात यह है कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20,92,072.536 एकड़ की वृद्धि हुई है।

### मुख्य न्यायाधीश ...

रात को (दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद पर रहने के दौरान) आग लगने की घटना के दौरान उनके सरकारी बंगले के बाहरी हिस्से में नकदी के ढेर मिलने के मामले की जांच की है। विवाद के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय न्यायालय तबादला किये गए न्यायमूर्ति वर्मा आगजनी की घटना के दिन दिल्ली के अपने सरकारी आवास पर मौजूद नहीं थे। के. वीरास्वामी बनाम भारत संघ (1991) में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार, भारत के मुख्य न्यायाधीश की पूर्व अनुमति के बिना किसी उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के विरुद्ध कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति वर्मा को 14-15 मार्च की रात अपने आधिकारिक आवास में आग लगने की घटना के दौरान कथित रूप से बेहिसाब धन मिलने के बाद जांच का सामना करना पड़ा। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने 22 मार्च को आंतरिक जांच के तहत समिति गठित करने का आदेश दिया था। मुख्य न्यायाधीश ने न्यायमूर्ति वर्मा से न्यायिक कार्य वापस लेने का भी निर्देश दिया था। बाद में उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय वापस भेज दिया गया।

### नागालैंड के शैक्षणिक

लखनऊ के संयुक्त निदेशक डॉ. पवन सचान ने कहा, ल्लहमें डायट्स में ईमानदारी, पारदर्शिता और समुदाय सहभागिता को मजबूत करना होगा। नागालैंड से मिले अनुभव हमें यह दिखाते हैं कि कैसे छोटे-छोटे नवाचार बड़े बदलाव की नींव रख सकते हैं। हम इन अनुभवों को ध्यान में रखते हुए यूपी में जारी सुधार प्रयासों को और अधिक मजबूत बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। नागालैंड दौरे से यूपी को कई स्तरों पर लाभ होने की उम्मीद है। पहला, रिसर्च-बेस्ड इनोवेशन की दिशा में, जहाँ प्रदेश के डायट्स स्थानीय संदर्भों के अनुसार नवाचार विकसित कर सकेंगे। दूसरा, नेतृत्व और शिक्षक प्रशिक्षण में, जिसके लिए विशेष ट्रेनिंग मॉड्यूल बनाए जाएंगे। तीसरा, सामुदायिक सशक्तिकरण के संदर्भ में, जिससे गाँव-स्कूल सहयोग को नीति का हिस्सा बनाया जाएगा और चौथा, फाउंडेशनल लिटरेसी एंड नुमैरेसी लक्ष्य की दिशा में, जहाँ शुरुआती कक्षाओं में पढ़ने-लिखने और गणना की क्षमताओं को मजबूत किया जाएगा।

### मो. शमी को मिली...

जाएगा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मोहम्मद शमी को धमकी की शिकायत के बाद अमरोहा पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम अलर्ट हो गई हैं। ईमेल की तकनीकी जांच के लिए साइबर विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। पुलिस ने मेल भेजने वाले की पहचान और लोकेशन ट्रेस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि मोहम्मद शमी उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले की डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सहसपुर अलीनगर के निवासी हैं। वह भारतीय टीम के प्रमुख गेंदबाजों में से एक हैं और हाल ही में देश-विदेश में बेहतरीन प्रदर्शन कर चुके हैं। ऐसे में उन्हें मिली यह धमकी सुरक्षा एजेंसियों के लिए भी चिंता का विषय है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के खिलाफ साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। मोहम्मद शमी की सुरक्षा को लेकर भी स्थानीय प्रशासन सतर्क है।

### नए आपराधिक ...

करने की प्रक्रिया की पूरी तथा निरंतर निगरानी होनी चाहिए और इस समयसीमा का कड़ाई से पालन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जघन्य अपराधों के मामलों में वर्तमान दोषसिद्धि दर को कम से कम 20 प्रतिशत बढ़ाए जाने के प्रयास किए जाएं। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ई-समन को सीधे अदालत से ही प्रेषित किया जाना चाहिए और इनकी प्रति स्थानीय पुलिस स्टेशन को भी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभियोजन निदेशालय में नियुक्ति की प्रक्रिया में तेज़ी लानी चाहिए और किसी भी मामले में अपील के बारे में निर्णय अभियोजन निदेशालय द्वारा ही लिया जाए।

### पूर्वांचल व बुंदेलखंड...

की सुविधाओं का विकास किए जाने का खाका तैयार किया गया है। इसमें एक्सप्रेसवे किनारे पेट्रोल-सीएनजी पंप, चार्जिंग स्टेशन, कॉमर्शियल स्पेसेस, पेयजल व टॉयलेट ब्लॉक्स, फूडकोर्ट व आउटलेट्स, बजट होटल, थीमपार्क तथा लॉजिस्टिक्स प्रमुख हैं। इतना ही नहीं, एक्सप्रेसवे के किनारे इंडस्ट्रियल व कॉमर्शियल क्षेत्रों का भी विकास किया जाएगा। इन सभी ई-वे हब को अत्याधुनिक सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम का कवरेज दिया जाएगा जिससे कि एक्सप्रेसवे व आसपास के क्षेत्र की मॉनिटरिंग सुनिश्चित होगी। इसके अतिरिक्त, यहां किड्स प्लेइंग एरिया, हेल्थकेयर व एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। सभी निर्माण व विकास प्रक्रियाओं को ईपीसी मोड पर पूरा किया जाएगा।

# राज्यपाल गुरमीत ने किए केदारनाथ बदरीनाथ के दर्शन की विशेष पूजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल(से.नि.) गुरमीत सिंह ने आज केदारनाथ व बदरीनाथ धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने विश्व शांति, जनकल्याण तथा राज्य की प्रगति व खुशहाली की कामना की। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह आज सुबह पहले केदारनाथ धाम पहुंचे और केदारनाथ के दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर में विशेष रुद्राभिषेक कर पूजा-अर्चना की तथा सम्पूर्ण विश्व, मानवता व उत्तराखण्ड के सतत विकास के लिए बाबा से आशीर्वाद मांगा। धाम आगमन पर जिलाधिकारी सौरभ गहरवार और पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रल्हाद कोंडे ने वीआईपी हेलीपैड पर पुष्पगुच्छ भेंट कर राज्यपाल का स्वागत किया। इसके बाद



राज्यपाल ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों, सुरक्षाकर्मियों और कर्मचारियों से भेंट कर उनका मनोबल बढ़ाया और तत्पर सेवाभाव के लिए उनकी सराहना की। राज्यपाल ने तीर्थ पुरोहित समाज से भी भेंट कर पुरोहित समाज के योगदान को सराहा। बाबा केदारनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक के दौरान राज्यपाल ने शांतिपूर्ण विश्व, जनकल्याण, उत्तराखंड की प्रगति और मानवता की भलाई के लिए विशेष प्रार्थना की। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने इस अवसर पर केदारनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण और विकास कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने राज्यपाल को बताया कि केदारनाथ में चल रहे अधिकांश पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने संगम घाट, संगम ब्रिज, सरस्वती ब्रिज एवं अन्य पुनर्निर्माण कार्यों के पूर्ण होने के साथ साथ यात्रा प्रबंधन, विशेषकर इस वर्ष प्रारंभ की गई टोकन व्यवस्था को लेकर सम्पूर्ण प्रशासनिक टीम को बधाई दी। उन्होंने जिलाधिकारी सौरभ गहरवार के नेतृत्व में लगातार 3 वर्षों से केदारनाथ यात्रा के लिए किए जा रहे सकारात्मक प्रयासों की सराहना की और कहा कि पिछले तीन वर्षों की यात्रा व्यवस्था एवं प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने जिला प्रशासन पर विश्वास जताते हुए कहा कि वर्तमान में जो भी पुनर्निर्माण कार्य शेष हैं उन्हें भी समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर लिया जाए। राज्यपाल ने यात्रा मार्ग पर चिकित्सा व्यवस्थाओं, सुरक्षा एवं अन्य जनसुविधाओं की सराहना करते हुए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और मंदिर समिति के प्रयासों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

## केदारनाथ यात्रा बनी महिला सशक्तिकरण की मिसाल

### 150 से अधिक महिला समूहों को केदारनाथ यात्रा से मिल रहा कारोबार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। केदारनाथ यात्रा से इस वर्ष भी रुद्रप्रयाग जनपद की सैकड़ों महिलाओं को रोजगार मिला है। करीब 150 महिला स्वयं सहायता समूह प्रसाद निर्माण, स्थानीय उत्पादों की बिक्री, जलपान गृह संचालन और होमस्टे जैसी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इससे स्थानीय आर्थिकी को नया बल मिला है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा महिला समूहों के लिए आजीविका का मजबूत आधार बन रही है। सरकार महिला समूहों को स्टॉल, प्रशिक्षण और संसाधनों की हर संभव सहायता दे रही है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील भी की। केदारनाथ प्रसाद की ऑनलाइन भी खरीद की जा सकती है। इसके साथ ही उद्योग विभाग के भटवाड़ीसैंण स्थित ग्रोथ सेंटर में केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति सोवेनियर के रूप में तैयार की जाती है, जिसे श्रद्धालु केदारनाथ मंदिर से स्मृतिचिह्न के रूप में अपने साथ ले जाते हैं। जिला उद्योग केंद्र रुद्रप्रयाग की ओर से संचालित इस ग्रोथ सेंटर का भी स्थानीय महिलाएं ही संचालन करती हैं। इस वर्ष अब तक पांच हजार प्रतिकृतियां तैयार की जा चुकी हैं और यह क्रम जारी है। जखोलीः जखोली ब्लॉक में करीब 50 महिला स्वयं सहायता समूह यात्रा से जुड़ा कारोबार कर



रहे हैं। इसमें 30 समूह प्रसाद तैयार कर रहे हैं, जबकि 10 समूह धूपबत्ती बनाने और 10 अन्य समूह पहाड़ी उत्पादों को बेचने का काम कर रहे हैं। इसके लिए प्रशासन ने इन्हें दुकानें भी आवंटित की हुई हैं, जहाँ बद्री गाय का घी 1200 रुपए प्रति किलो की दर पर उपलब्ध है। अगस्त्यमुनिः अगस्त्यमुनि ब्लॉक में करीब 38 महिला समूह यात्रा कारोबार से जुड़े हैं। समूह सोवेनियर बनाने से लेकर, प्रसाद पैकेजिंग और स्थानीय उत्पाद यात्रा मार्ग पर बेच रहे हैं। कुछ समूह यात्रा मार्ग पर जलपान गृह भी संचालित कर रहे हैं। इससे करीब 90 महिलाओं को रोजगार मिला हुआ है। उखीमठः उखीमठ ब्लॉक में करीब 60 महिला समूह यात्रा से संबंधित व्यवसाय कर रहे हैं। 48 महिलाएं सीधे तौर पर प्रसाद तैयार कर रही हैं, जबकि शेष सोवेनियर निर्माण, जलपान गृह, यात्रियों को ठहराने के लिए टेंट संचालन, होमस्टे और स्थानीय उत्पादों की बिक्री कर रहे हैं।

## नवादा के पूर्व एसपी ललन मोहन बने प्रांतीय जदयू सलाहकार समिति के सदस्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा। नवादा के पूर्व पुलिस अधीक्षक तथा दरभंगा के आईजी रहे ललन मोहन प्रसाद को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर जनता दलयू के राजनीतिक सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। पूर्व आईजी लालनमोहन प्रसाद ने सोमवार को बताया कि जनता दलयू के प्रांतीय अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने पत्र के माध्यम से उन्हें सूचित किया ।आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जनता दल ने उम्मीदवारों की चयन के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी है ।राजनीतिक सलाहकार समिति पार्टी की उच्च स्तरीय समिति है ,जिसके सदस्य आगामी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के चयन से लेकर चुनाव प्रचार के तरीकों तथा गतिविधियों के संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष को सलाह देंगे। नवादा के पूर्व एसपी लालनमोहन प्रसाद ने कहा कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा बिहार के मुख्यमंत्री



नीतीश कुमार ने उन पर भरोसा जताते हुए राजनीतिक सलाहकार बनाया है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर इस बार भी भारी बहुमत से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही बिहार में सरकार का गठन होगा ।जिसके लिए एनडीए ने भारी बहुमत प्राप्त करने की तैयारी शुरू कर दी है ।पूर्व आईजी लालनमोहन प्रसाद को जदयू राजनीतिक सलाहकार समिति में शामिल किए जाने पर पार्टी के सदस्यों तथा बुद्धिजीवियों ने भी उन्हें बधाई दी है।

## नीतीश के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ा जाएगा : मनीष वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा ने भागलपुर के तीन दिवसीय दौरे के तीसरे दिन सोमवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश के नेतृत्व में ही आगामी विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा। चुनाव को लेकर नेतृत्व के सवाल पर मनीष वर्मा ने कहा कि निश्चित रूप से राजग गठबंधन साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी, इसमें कोई संशय नहीं है। सभी मिलकर चुनाव की तैयारी भी कर रहे हैं और नेतृत्व नीतीश जी का ही रहेगा। जिसके नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाता है, वही आगे भी नेतृत्व करता है, यह बात स्पष्ट है। मनीष वर्मा ने कहा कि नीतीश सरकार द्वारा किये गए विगत 20 वर्षों के काम को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा। पत्रकारों के जातिगत जनगणना पर सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि 1931 से पहले तक जातिगत जनगणना होती रही है। कांग्रेस के शासन में इसको बंद कर दिया गया और बाद में किसी भी सरकार में कभी भी



जातिगत जनगणना नहीं कराई गयी लेकिन हमारे मुख्यमंत्री प्रारंभ से ही जातिगत जनगणना के पक्ष में थे। उन्होंने संसद में कई बार जातिगत जनगणना को लेकर अपना विचार स्पष्ट किया था। उन्होंने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री ने जातिगत जनगणना कराई भी, जिससे कि सभी वर्गों के सामाजिक-आर्थिक स्थिति का पता लगाकर, उन्हें जो लाभ मिलना चाहिए, उन्हें सबल बनाने के लिए जो प्रयास सरकार द्वारा किया जाना चाहिए, वो हो सके। उनकी स्थिति के हिसाब से उन्हें आरक्षण दिया जाए और उन्हें जरूरत के हिसाब से पॉलिसी बनाकर योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए। मुख्यमंत्री जी ने जाति का जनगणना बस दिखावे के लिए नहीं किया बल्कि उसकी रिपोर्ट भी सार्वजनिक की और उस हिसाब से काम भी प्रारंभ किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य के प्रश्न पर मनीष वर्मा ने कहा कि तेजस्वी और प्रशांत किशोर, नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर प्रश्न उठाते हैं लेकिन उन्हें यह नहीं दिखता कि जब विगत वर्ष बाढ़ आई तो उन्होंने प्रत्येक बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में स्वयं जाकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, ये लोग तो जवान नेता होकर भी किसी ऐसे स्थान पर नहीं दिखे, उन्हें उनके स्वास्थ्य पर प्रश्न उठाने का अधिकार नहीं है। शराबबंदी को लेकर पूछे गए प्रश्न पर मनीष वर्मा ने कहा कि इसका परिणाम बहुत दूरगामी है। जब शराबबंदी नहीं लागू था, उस समय बिहार की स्थिति बहुत भयावह हो चुकी थी। बच्चों का भविष्य अंधकार में जा रहा था, घरेलू हिंसा से महिलाएं त्रस्त हो चुकी थीं, उस स्थिति में मुख्यमंत्री जी ने बहुत ही साहसिक कदम उठाते हुए शराबबंदी को लागू किया। इसके लिए कानूनी स्तर पर प्रावधान किया। पूरे प्रदेश में जन जागरण का कार्यक्रम चलाया। शराबबंदी के बाद लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आया, घरेलू हिंसा में भारी कमी आई, बच्चों का भविष्य भी संवर रहा है। आरसीपी सिंह के द्वारा लगातार सरकार पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाया जा रहा है, इस पर कटाक्ष करते हुए मनीष वर्मा ने कहा कि आरसीपी सिंह ने नीतीश कुमार के साथ 16 से अधिक वर्षों तक काम किया तब उन्हें कहीं भ्रष्टाचार नहीं दिखा, सारी व्यवस्थाएं तब सुचारू रूप से चल रही थी।

## बिहार लोकतंत्र की जननी : आरिफ

नवादा। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि बिहार लोकतंत्र की जननी है। श्री खान ने सोमवार को यहां हिसुआ टी. एस. कॉलेज में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन के अवसर पर भारतीय राज्यव्यवस्था : एक आलोचनात्मक मूल्यांकन विषय पर संबोधित करते हुये कहा, ''लोकतंत्र हमारे लिए नया नहीं है। जिस समय रोमन स्टेट का अस्तित्व नही था, उस समय वैशाली के आस-पास और दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों में शासक कौन होगा, उसका निर्णय जनता करती थी। दुनिया में इंसान के बनाए गए शासन के जितने भी तरीके है, उसमें सबसे बेहतर लोकतंत्र है। राज्यपाल ने कहा कि दुनिया में शासन व्यवस्था बनाने का एक ही तरीका था। गर्दन काटना, हिंसा करना, खून बहाना। जिनके पास तलवार होती थी, ताकत होती थी वह दूसरे पर अपना आधिपत्य जमा लेते थे। जिनके पास तलवार के साथ बुद्धि थी वह उनका नेतृत्व करता था। उनका उतराधिकारी भी इसी सिद्धांत पर तय होता था।

## अमृतसर में तीन गैंगस्टर गिरफ्तार, छह पिस्तौल बरामद

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने ब्रिटेन स्थित गैंगस्टर धर्मप्रीत सिंह उर्फ धर्म संधू और तरनतारन के जस्सा पट्टी से जुड़े तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विजय मसीह, अग्रेज सिंह और इकबाल सिंह, सभी निवासी तरनतारन, के तौर पर हुई है। उनके पास से तीन ग्लॉक पिस्तौल, तीन बेरेटा 30 बोर पिस्तौल, 20 जिंदा कारतूस (9 मिमी), 20 जिंदा कारतूस (30 बोर), 4 मोबाइल फोन और एक एक्टिवा स्कूटर बरामद हुआ है। डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि तीनों अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोहों के संपर्क में हैं और अवैध हथियारों की आवाजाही में शामिल हैं। इस संबंध में पुलिस थाना लोपोके में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि नेटवर्क को पूर्ण रूप से उजागर करने के लिए आगे की जांच जारी है।

## एनडीएमसी ने मेगा स्वच्छता अभियान 'श्रमदान' शुरू किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आह्वान पर नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने सोमवार से एक मेगा स्वच्छता अभियान 'श्रमदान' शुरू किया। इस पहल के तहत एनडीएमसी के सभी कर्मचारी अपनी नियमित ड्यूटी शुरू करने से पहले स्वच्छता कार्य के लिए प्रतिदिन एक घंटा श्रमदान करेंगे। एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्र ने सफदर हाशमी मार्ग से इस श्रमदान स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। इसमें एनडीएमसी के सभी कर्मचारियों और आम लोगों ने भी हिस्सा लिया। इस अभियान के तहत एनडीएमसी के 14 स्वच्छता सर्किलों में हर दिन सुबह 8 से 9 बजे तक सफाई का काम होगा। इस मौके पर केशव चंद्र ने कहा कि यह सिर्फ एक अभियान नहीं,



बल्कि पूरे शहर को साफ-सुथरा बनाने का एक बड़ा प्रयास है। यह अभियान एक महीने तक चलेगा। इसमें एनडीएमसी अधिकारी और कर्मचारी प्रतिदिन एक घंटे श्रमदान करेंगे। एनडीएमसी अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। एनडीएमसी का लक्ष्य प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन के हिस्से के रूप में क्षेत्र को पूरी तरह से साफ करना है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दिल्ली को एक बार फिर से सुंदर बनाने और शहर के हर कोने को सजाने का आह्वान किया था। चंद्र ने कहा कि इस अभियान में पार्कों, स्कूलों, सरकारी भवनों, अंडरपासों और पूजा स्थलों की सफाई शामिल है। इसमें पेड़ों की छंटाई, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को फिर से रंगना और फुटपाथों की मरम्मत भी शामिल है। एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने भी आज हनुमान मंदिर में स्वच्छ एनडीएमसी अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि सफाई कर्मचारियों और एक रोबोटिक मशीन के साथ परिसर की सफाई की गई। इसमें नौ हजार एनडीएमसी कर्मचारी भाग ले रहे हैं। कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि एनडीएमसी की पूरी टीम प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के दृष्टिकोण और मिशन के साथ काम कर रही है। हम कनॉट प्लेस के प्राचीन हनुमान मंदिर से एक नया स्वच्छता अभियान शुरू कर रहे हैं।

## पंजाब के सीमावर्ती गांवों में ब्लैक आउट रिहर्सल

चंडीगढ़। भारत और पाकिस्तान के बीच जंग की बढ़ती आशंका के बीच रविवार रात करीब 30 मिनट तक पंजाब के सीमावर्ती जिला फिरोजपुर में ब्लैकआउट रिहर्सल की गई। फिरोजपुर जिला प्रशासन ने शनिवार और रविवार को दिन में फिरोजपुर कैंट एरिया और सीमावर्ती गांवों में इसके लिए मुनादी कराकर पहले ही सूचना दे दी थी। कैंटोनमेंट बोर्ड के अधिकारियों ने डिप्टी कमिश्नर फिरोजपुर को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी। लोगों को आगाह किया गया था कि वह रविवार रात 09 बजे से 9.30 बजे तक घरों के अंदर लाइट बंद कर रहें। इस अवधि में जनरेटर और इनवर्टर भी बंद रखें। ब्लैक आउट रिहर्सल के दौरान चारों ओर बिजली गुल करके प्रशासन की तरफ से चेतावनी के लिए जगह-जगह 30 मिनट तक हूटर भी बजाए गए। प्रशासन की चेतावनी के मद्देनजर कैंट एरिया में रविवार को दुकानें भी शाम को बंद करवा दी गईं।

## सड़कें या रेलमार्ग अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाईः मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सभी संस्थाओं, संगठनों और यूनियनों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि धरना प्रदर्शन कर सड़क या रेलमार्ग अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की जाएगी। भगवंत मान ने सोमवार को 'एक्स' पर अपने एक संदेश में कहा कि ''पंजाब में ऐसी कोई भी घोषणा, विरोध या हड़ताल जिससे सड़कें या रेलें अवरुद्ध हों या आम लोगों को परेशानी हो और उनकी दैनिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न हो, उसे जनता



के विरुद्ध माना जाएगा। सभी संस्थाओं, संगठनों और यूनियनों को ध्यान देना चाहिए। विरोध करने के और भी तरीके हैं, सिर्फ लोगों को परेशान करना सही नहीं है। अन्यथा सख्त कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## ट्रेन में नशा सुंघाकर गायब लड़की रेड लाइट एरिया से बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। हरियाणा में रह रही बिहार की एक लड़की को ट्रेन में नशा सुंघाकर गायब कर दिया गया था। जिसे फारबिसगंज थाना पुलिस ने रेड लाइट एरिया से सकुशल बरामद किया।लड़की को जबरन अवैध देह व्यापार में ढकेला जा रहा था और उसे शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना दी जा रही थी।लेकिन देह व्यापार के चंगुल में जाने से पहले ही पुलिस ने लड़की को बरामद कर लिया। संगठित मानव व्यापार के गिरोह के द्वारा इसे अंजाम दिया गया था।जिसका खुलासा अररिया की फारबिसगंज थाना पुलिस ने की और थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह के बयान के आधार पर बारह नामजद सहित अन्य अज्ञात के गिरोह के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया। गिरोह के सदस्यों द्वारा लड़की को किशनगंज,सहरसा,सुपौल सहित कई जिलों में जगह जगह बदलकर रखा गया था।इसी क्रम में संगठित अवैध देह व्यापार के गिरोह के सदस्यों ने लड़की को फारबिसगंज रेड लाइट एरिया में लाकर छिपाया। जिसकी



जानकारी अररिया एसपी को मिली। जिसके बाद एसपी अंजनी कुमार के निर्देश पर फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक कुमारी बबीता,आदित्य किरण,राजनंदिनी सिन्हा,प्रीति कुमारी,अमित राज,आकाश कुमार के साथ सशस्त्र बल के जवानों को शामिल किया गया।छापेमारी दल ने रविवार शाम त्वरित कार्रवाई करते हुए फारबिसगंज रेफरल रोड रामपुर उत्तर पंचायत के वार्ड संख्या तीन से हरियाणा से गायब लड़की को बरामद किया। पुलिस ने लड़की की बरामदगी के बाद उसका मेडिकल टेस्ट और कोर्ट में बयान करवाया। मामले को लेकर फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने गिरोह के सदस्यों को चिन्हित करते हुए अपने बयान पर फारबिसगंज थाना में कांड संख्या 218/25 धारा 111, 98, 99, 70(1), 115(2), 109, 124(1), 3(5) बीएनएस एवं आईटीपीए एक्ट 3, 4, 5, 6 के तहत दर्ज करवाया है।जिसमें उन्होंने फारबिसगंज के दस और किशनगंज जिला के दो लोगों सहित अन्य को अवैध देह व्यापार धंधा के लिए संगठित गिरोह चलाने का जिक्र किया है। थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह के बयान के आधार पर दर्ज प्राथमिकी में फारबिसगंज रेफरल रोड,रामपुर उत्तर,वार्ड संख्या तीन के मो.फुचका पिता मो.आबरू, जमीला खातून पति मो.जब्बार, मो.इस्लाम पिता ताजूउद्दीन, मेहनाज खातून पति किशन खलिफा, मो.आरजू पिता किशन खलिफा, बेगम बानू पति युनुस,मो कालू पिता ताजूउद्दीन, मो.सलाम उर्फ फुदवा पिता ताजूउद्दीन, मो.अब्बास पिता नामालूम, मो.जब्बार पिता धोतर खलिफा और किशनगंज नगर थाना क्षेत्र के खगड़ा के मो. बासो उर्फ वाहिद खलिफा पिता नामालूम और अंजू पति नामालूम सहित अन्य अज्ञात महिला पुरुष को आरोपित किया गया है। आरोपितों के द्वारा अवैध देह व्यापार के लिए संगठित गिरोह संचालित करने की बात कही गई है।







चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063